गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण


Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६

आगरा, 31 अक्टूबर 2026, शनिवार, वर्ष 40 अंक 288 सौर 6 कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित



दिल्ली में होने वाले मार्च-रैली में आने वालों को रोकने की हो रही कोशिश-राहुल

बारिशके चलते अब आज होगा ज्ञानेश कुमारके खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम



नयी दिल्ली। वोट चोरी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम अब 31 अक्टूबर, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम की तारीख में बारिश के चलते परिवर्तन किया गया है। शुक्रवार को 10 राजाजी मार्ग पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकारों को बताया कि बारिश को देखते हुए सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा 'इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने कहा कि रविवार को रामलीला मैदान तक विपक्षी दलों की ओर से मार्च भी निकाला जाएगा, जिसमें सामाजिक संगठनों, सिविल सोसायटी, पत्रकारों और आम लोगों का भी स्वागत है।वोट चोरी के खिलाफ रविवार को दिल्ली में रामलीला मैदान तक होने वाले मार्च और रैली को लेकर राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा,

शेष पृष्ठ २ पर

तीसरी बार सरकार बनने पर यूपी में लागू होगा यूसीसी-अमित शाह



लखनऊ। लखनऊ में भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी में तीसरी बार सरकार बनने पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को यूपी से कोई हटा नहीं सकता है। यूपी में 30 अक्तूबर का बड़ा योगदान है। आज के ही दिन 1990 में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं मैं पूछना चाहता हूं कि आप किस मुंह से सरकार बनाने की बात करते हैं। आपने रामभक्तों पर गोलियां चलाईं हमने राम मंदिर बना दिया। आपकी तीसरी पीढ़ी को भी जनता माफ नहीं करेगी। कल्याण सिंह ने सरकार की चिंता किए बिना विवादित ढांचे को ध्वस्त कराया था।

शेष पृष्ठ २ पर

बद्रीनाथ का दर्शन कर लौटते समय चमोली में हेलीकाप्टर हादसा, छह की मौत

चमोली। हेलीकॉप्टर में सवार तीर्थयात्री देश के प्रथम गांव माणा घूमने भी गए थे। इसके बाद सभी हेलीकॉप्टर से सहस्त्रधारा लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योतिर्मठ क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तराखंड में शुक्रवार को

राहत बचाव कार्य जारी

एक बड़ा हादसा हो गया। खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त

शेष पृष्ठ २ पर



यूकाडा ने ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ानपर लगायी रोक

देहरादून। बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा लौट रहे हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद अब यूकाडा ने ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रतीक जैन ने बताया कि ट्रांस भारत एविएशन का एक हेलीकॉप्टर दोपहर 1:14 बजे बदरीनाथ से सहस्त्रधारा के लिए रवाना हुआ था। जब यह हेलीकॉप्टर जोशीमठ घाटी के आसपास से गुजर रहा था, तब से हम इसका पता नहीं लगा पा रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही, हमने चमोली जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और सेना की एक टुकड़ी को घटना स्थल के पास भेजा, ताकि एक व्यवस्थित बचाव अभियान चलाया जा सके। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इसमें छह लोग सवार थे। एक पायलट और पांच अन्य सवार थे।

वाराणसी-दिल्ली के बीच आज से दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

मुख्यमंत्री योगी-रेलमंत्री दिखायेंगे हरी झंडी




नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। वाराणसी से नयी दिल्ली के बीच चलने वाली इस ट्रेन को 31 अक्टूबर को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में इसका शुभारंभ करेंगे। लगभग 966 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन रात में वाराणसी से रवाना होकर अगले दिन सुबह दिल्ली पहुंचेगी। प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार, इस सफर में लगभग नौ घंटे लगेंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन का उद्देश्य लंबी दूरी की रात्रिकालीन यात्रा को अधिक तेज, आरामदायक और सुविधाजनक बनाना है। शेष पृष्ठ २ पर

कानपुर में ट्रैक पार कर रहे दो युवकों को ट्रेन ने रौंदा

कानपुर। पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के बावजूद रेलवे ट्रैक पार करने की लापरवाही दो युवकों की जान ले गई। बृहस्पतिवार रात करीब 7:45 बजे कानपुर से इटावा की ओर जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ने ट्रैक पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेन उसे करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। इस दौरान उसके ठीक पीछे आ रहा करीब 30 वर्षीय दूसरा युवक भी ट्रेन की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान संजीव कुमार उर्फ संजू (35) पुत्र भीखम सिंह के रूप में हुई। वह मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के समान कटरा गांव का रहने वाला था। उसका ससुराल गजनेर में है।

शेष पृष्ठ २ पर

9.34 करोड़ किसानों के खाते में भेजी गयी पीएम किसान सम्मान निधि



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसमें देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,690 करोड़ रुपये भेजे गए। उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान इससे लाभान्वित हुए, जिनके खाते में 4482.19 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर दीपावली से पहले इस उपहार के लिए किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुई। इसमें पात्र किसान परिवार के

शेष पृष्ठ २ पर

सौरव दास की नागरिकता की होगी जांच

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने पत्रकार और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास की पहचान और राष्ट्रीयता की जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, सौरव दास और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में दास की नागरिकता और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच कराने के साथ ही उनके सोशल मीडिया खातों को बंद करने की मांग भी की गई है। मामला अब अदालत में विचाराधीन है। मद्रास हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति

शेष पृष्ठ २ पर...

पाकिस्तान के भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार संदिग्ध गिरफ्तार

- **पिस्टल, कारतूस बरामद, पुलिस-सेनाके जवान की हत्याके लिए किया था सौदा**



लखनऊ। प्रतिबंधित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है। इनमें पंजाब के तीन युवक और एक नाबालिग शामिल है। आरोप है कि पाकिस्तानी हैंडलर राना भाई के कहने पर वे लखनऊ में पुलिस या सेना के किसी जवान की हत्या करने आए थे। इसके लिए उन्हें तीन लाख रुपये देने का वादा किया गया था। एटीएस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल और 20 कारतूस बरामद किए हैं।एटीएस के मुताबिक, उसे सूचना मिली थी कि शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े पंजाब के कुछ युवक सेना या पुलिस के किसी प्रतिष्ठान पर हमला करने की फिराक में हैं।

यूपी एसआईआर : वोटरों के नाम काटने की कोशिश का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोगसे मांगी कारवाई रिपोर्ट

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आयोग से शिकायतों की जांच कर

शेष पृष्ठ २ पर

यूपी में दीपावली-छठ पर 12 दिन तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ (आससे.)। दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने छह से 17 नवंबर तक प्रदेश में अधिक से अधिक बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली से पूर्वांचल के साथ ही लखनऊ और कानपुर के लिए भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारा जाए। हालांकि, अनफिट बसों का संचालन नहीं होगा। शेष पृष्ठ २ पर

यूपी में गुप्त ड्रग्स लैब का भंडाफोड़, 1100 किलो ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 30 अक्टूबर। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के एक सुदूर गांव में चल रही एक विशाल और गुप्त मादक पदार्थ निर्माण प्रयोगशाला (ड्रग्स लैब) का पर्दाफाश करते हुये यूपी एटीएस के सहयोग से चलाए गए इस संयुक्त अभियान में लगभग 1,100 किलोग्राम मादक पदार्थ, अर्ध-निर्मित ड्रग्स और कच्चे रसायन (प्रिकर्सर केमिकल्स) जब्त किए गए हैं। इस मामले में अब तक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वित्त शेष पृष्ठ २ पर

यूपी : 11 पीसीएस अफसरों के तबादले, कई जिलों के उपजिलाधिकारी बदले

लखनऊ (आससे.)। यूपी में 11 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। कई जिलों में उपजिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी स्तर के पदों पर बदलाव किया गया है। राज बहादुर को उपजिलाधिकारी, हाथरस से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), बुलंदशहर में तैनाती दी गई है। इसी तरह, संजय कुमार यादव को उपजिलाधिकारी, लखनऊ से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ बनाया गया है। दुर्गेस यादव को उपजिलाधिकारी, फतेहपुर से विशेष कार्याधिकारी, राहत आयुक्त शेष पृष्ठ २ पर

स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पर उतरा राफेल मरीन



पणजी। भारतीय नौसेना के लिए समुद्री सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं के लिहाज से एक अहम उपलब्धि सामने आई है। नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। शेष पृष्ठ २ पर





न्यौली शुगर फैक्ट्री के आसपास दूषित भूजल और राख से परेशान दर्जनों गांव, पेयजल व स्वास्थ्य पर संकट का आरोप

ग्रामीणों ने फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट और चिमनियों की राख को बताया प्रदूषण की वजह, प्रशासन से जांच और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग



योगेश कुमार गुप्ता

कासगंज। जिले के नगरिया क्षेत्र स्थित न्यौली शुगर फैक्ट्री के आसपास के दर्जनों गांवों में दूषित भूजल और फैक्ट्री की चिमनियों से उड़ने वाली राख को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट और दूषित पानी के कारण क्षेत्र का भूजल प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि आसपास के गांवों में हैंडपंपों से पीला, तैलीय और दुर्गंधयुक्त पानी निकल रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। ग्रामीणों ने इस स्थिति को पेयजल और स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट बताया है। ग्रामीणों के अनुसार, फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक कचरे (एफ्लुएंट) का उचित उपचार किए बिना बहाव होने से भूजल प्रदूषित होने की आशंका है। उनका दावा है कि मानपुर, नगरिया और आसपास के कई गांवों में हैंडपंपों से आने वाले पानी का रंग पीला है और उसमें तेज दुर्गंध आती है। लोगों का कहना है कि पानी कुछ देर बर्तन में रखने पर उसका रंग और स्पष्ट दिखाई देने लगता है। बिना उपचार के छोड़े गए अपशिष्ट के कारण आसपास के नदी-नाले और तालाब भी प्रभावित होकर दलदल में तब्दील हो गए हैं।

स्थानीय लोगों ने दूषित पानी के सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है। अपुष्ट सूत्रों का दावा है कि फैक्ट्री जनित प्रदूषण के कारण स्थानीय चिकित्सा केंद्रों और अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूषित पानी के सेवन से किडनी, लिवर और पेट संबंधी



बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि के लिए जल और स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट सामने आना जरूरी है। कुछ स्थानीय चिकित्सकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि पानी को कुछ देर बर्तन में रखने पर उसका रंग पीला पड़ता दिखाई देता है। वहीं, फैक्ट्री के करीब सौ कदम की दूरी पर पहले स्कूल संचालित करने वाले निजी स्कूल के हेड मि. कृष्ण कान्त दीक्षित ने बताया कि फैक्ट्री की राख स्कूल परिसर तक पहुंचती थी। उनका कहना है कि पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर भी उन्हें चिंता हुई। बच्चों और अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्कूल का स्थान बदल लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि दूषित पानी के संपर्क में आने से बच्चों और बुजुर्गों को त्वचा पर चकत्ते, खुजली और घाव जैसी शिकायतें हो रही हैं। वहीं, शुगर मिल की चिमनियों से उड़ने वाली काली राख और कार्बन डस्ट के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी, अस्थमा और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

पशुधन और फसलों पर भी असर पड़ने का दावा

ग्रामीणों ने प्रदूषण का असर पशुधन और खेती पर पड़ने की बात भी कही है। उनका आरोप है कि प्रदूषित जलाशयों का पानी पीने से मवेशी बीमार हो रहे हैं और कुछ की असमय मृत्यु भी हुई है। खेतों में रसायनयुक्त पानी भरने से खड़ी फसलें खराब होने और मिट्टी की उत्पादकता प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मिल प्रशासन पर कई दशकों से राजनेताओं और राजपरिवार का प्रभाव रहा है। उनका कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज जैसी आधुनिक तकनीकों का उचित उपयोग नहीं किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, पहले क्षेत्र के लोग इस मुद्दे पर खुलकर बोलने से भी हिचकते थे। कई बार स्थानीय प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तक शिकायत पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन उनके अनुसार अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

50 फीट नीचे तक पीले पानी का दावा

क्षेत्र में लंबे समय से बोरिंग का काम करने वाले सराय निवासी इलियास, हुसैनपुर निवासी वीरपाल और पप्पू तथा यादवनगर निवासी इस्लाम ने भी भूजल की स्थिति को लेकर चिंता जताई है। नगरिया ग्राम पंचायत की दो कार्यकाल तक प्रधान रहीं श्रीमती पूनम और उनके पति, जो स्थानीय स्तर पर बैंक में सेवाएं दे चुके हैं, ने भी क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या पर अपनी बात रखी। इन लोगों ने दबी जुबान से जमीन से निकलने वाले पानी के विषाक्त होने की आशंका जताई है। बोरिंग करने वाले कारीगरों के अनुसार, करीब 50 फीट नीचे से निकलने वाले पानी का रंग पीला दिखाई देता है। ग्रामीणों के अनुसार, रामचंद्र नगला, उड़ैर, टुमरिया, मिजार्पुर और नगरिया सहित कई गांव इस समस्या से प्रभावित हैं। उनका कहना है कि अनेक परिवार पीने के पानी के लिए उड़ैर पुख्ता, मानपुर और रेलवे स्टेशन के आसपास से आरओ का पानी मंगाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, भूजल और फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट के नमूनों की जांच कराने तथा प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही पेयजल की समस्या का समाधान और प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जनपद में मनाया जाएगा राष्ट्रीय एकता दिवस

एटा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2026 को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों में प्रभात फेरी, रन फॉर यूनिटी, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषयक प्रदर्शनी, फल एवं भोजन वितरण, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यक्रम निर्धारित समय एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की भावना को और सुदृढ़ करना है।

निमार्णाधीन नाले में गिरा युवक, रस्से के सहारे निकाला बाहर

जसवंतनगर/इटावा। हाईवे किनारे निमार्णाधीन लगभग बीस फुट गहरे नाले में गिरकर एक युवक हादसे का शिकार हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय युवकों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए रस्से के सहारे उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते मदद मिलने से युवक की जान बच गई। घटना के बाद निर्माण कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजामों की पोल खुल गई। फक्कड़पुरा मोहल्ले में हाईवे किनारे नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते नाला खुला पड़ा है, लेकिन सुरक्षा के लिए न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही बैरिकेडिंग कराई गई है। इसी दौरान एक युवक खुले नाले में गिर गया। युवक को गिरता देख आसपास मौजूद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। युवकों ने रस्से की मदद से उसे बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया और कुछ ही देर में सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों राजीव, बिल्लू, बबलू, सूरज, असलम, इस्माइल,राजा,फारुख, लल्ला मयंक आदि का कहना है कि हाईवे किनारे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना जरूरी है। खुले नाले के आसपास चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग नहीं होने से राहगीरों की जान जोखिम में है। रात के अंधेरे में हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। लोगों ने जिम्मेदारों से तत्काल सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

पीईटी परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, एएसपी ने परखी केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था

सीसीटीवी कैमरों और जैमर का किया निरीक्षण, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश

मोहम्मद रफी

एटा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और जैमर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के भीतर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।



इसके लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता बरतें और अपने निर्धारित दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन की ओर से परीक्षा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

मैरिज होम और दुकान में चोरी की वारदातों का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

जनरेटर का आर्मेचर, मोबाइल और तांबे के तार बरामद, अलीगंज सर्विस रोड से पुलिस ने दबोचा



एटा। कोतवाली देहात क्षेत्र में मैरिज होम और दुकान से हुई चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के दौरान सामने आए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से जनरेटर के डायनमो का आर्मेचर, एक मोबाइल फोन और तांबे के तारों के दो गुच्छे मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव ककरा निवासी जयकुमार पुत्र गुलाब सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 19 सितंबर को सहावर रोड स्थित लक्ष्मी पैलेस मैरिज होम के बाहर खड़े जनरेटर से अज्ञात चोर ऑल्टरनेटर खोलकर ले गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं, दूसरी घटना हीरापुर निवासी जनवेद पुत्र महेशचंद्र की दुकान में हुई थी। पीड़ित के अनुसार, 19 सितंबर की रात करीब तीन बजे दुकान का टीनशेड काटकर चोर वेल्डिंग मशीन और करीब 50 मीटर कॉपर केबल चोरी कर ले गए थे। इसके अलावा दुकान में रखे जनरेटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस मामले में दुकानदार ने अपने पूर्व कर्मचारी दिलीप पर संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, पुलिस की जांच में दिलीप की नामजदगी गलत पाई गई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज कर दी। अलीगंज सर्विस रोड पर पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी द्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी. के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने दोनों घटनाओं की जांच करते हुए 29 अक्टूबर की रात करीब 10 बजकर 15 मिनट पर अलीगंज सर्विस रोड से रोहित कुमार पुत्र विजेंद्र निवासी मोहल्ला गांधीनगर, जैथरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 26 वर्ष बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जनरेटर के डायनमो का आर्मेचर, काले रंग का मोबाइल फोन और तांबे के तारों के दो गुच्छे बरामद हुए हैं।

बरामद सामान को संबंधित मुकदमों से जोड़ते हुए पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीम की कार्रवाई से दो मामलों का खुलासा द्य यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर कीर्तिका सिंह के नेतृत्व में की गई।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कृष्णकांत लोधी, उपनिरीक्षक अफसर खान, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, विवेकानंद आर्य और विकास सोलंकी शामिल रहे।

मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी, चार पर मुकदमा

बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर घार गांव में घर के सामने एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी गुड्डन देवी पत्नी किशोर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अक्टूबर को गांव के ही पिंकू, पुष्पेंद्र, कौशलेन्द्र उर्फ लल्ला और अनुरुद्ध उर्फ टीचर ने उनके पति किशोर सिंह को घर के सामने घेर लिया। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष लवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मकान में चल रहा था जुए का फड़, चार गिरफ्तार

बकेवर। थाना क्षेत्र के व्यासपुरा गांव में एक मकान के अंदर जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी, नकदी और जुआ खेलने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान कमलेश पुत्र शिवलाल, पिंटू उर्फ समीर कुमार पुत्र रामकुमार और संजीव कुमार पुत्र द्रगपाल सिंह निवासी व्यासपुरा तथा हरेंद्र सिंह पुत्र जिलेदार सिंह निवासी शास्त्री नगर, बकेवर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान कमलेश के पास से 1500 रुपये और मोबाइल फोन, पिंटू से 800 रुपये, हरेंद्र से 1000 रुपये तथा संजीव से 1700 रुपये बरामद हुए। इसके अलावा जुए के फड़ से 1800 रुपये नकद, ताश के 52 पत्ते और अन्य सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

टू-व्हीलर्स की बिक्री में 6 गुना बढ़ोतरी

आगरा। अब पहले से कहीं ज्यादा ग्राहक अमेजन.इन पर अपने पसंदीदा टू-व्हीलर के बारे में रिसर्च कर रहे हैं, उनकी तुलना कर रहे हैं और उन्हें घर बैठे खरीद रहे हैं। यही वजह है कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरूआत से ही इस कैटेगरी में सामान्य दिनों के मुकाबले 6 गुना की शानदार बढ़त देखी गई है। ग्राहकों के बीच चेतक और एम्पीयर जैसे ईवी ब्रांड्स, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज ऑटो जैसे भरोसेमंद भारतीय ब्रांड्स, और ट्रायम्फ व केटीएम जैसे प्रीमियम इंटरनेशनल ब्रांड्स सबसे लोकप्रिय विकल्प बनकर उभरे हैं, जो यह दिखाता है कि टू-व्हीलर खरीदार अब तेजी से ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन खरीदारी का यह क्रेज सिर्फ बड़े मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि 60प्रतिशत से ज्यादा टू-व्हीलर बिक्री नॉन-मेट्रो से आ रही है।

नई बैंक शाखा का शुभारंभ

आगरा। करूर वैश्य बैंक , भारत की एक प्रमुख निजी क्षेत्र बैंक, ने चार राज्यों में आठ नई शाखाएं खोलकर अपने देशव्यापी नेटवर्क का विस्तार कर शाखाओं की संख्या 929 तक पहुंचाई है। बैंक इस विस्तार के माध्यम से प्रमुख बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और महानगरों, अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनानेकी प्रतिबद्धता को दोहराता है। तमिलनाडु में तीन, कर्नाटक में दो, तेलंगाना में दो और उत्तर प्रदेश में नई शाखा आगरा में स्थित है। नई शाखा का उद्घाटन बी. रमेश बाबू, एमडी एवं सीईओ,द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के शुभ हाथों से हुआ। यह शाखा नंबर 4, ग्राउंड फ्लोर, कॉर्पोरेट पार्क, संजय प्लेस, में स्थित है।

अभिनेता ने दर्शकों के दिलों का छूआ

आगरा। सुभाष घई उन चुनिंदा फिल्मकारों में से हैं, जिन्होंने अपनी संवेदनशील और मानवीय कहानियों के जरिए दर्शकों के दिलों को छुआ है। उनकी फिल्मों में कालीचरण, कर्ज, हीरो, परदेस और ताल जैसी मुख्यधारा की मनोरंजक फिल्में शामिल हैं, तो वहीं इकबाल, ब्लैक एंड व्हाइट और जॉगर्स पार्क जैसी छोटी और सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्में भी हैं। मुक्ता आर्ट्स के माध्यम से उन्होंने फिल्म निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और फिल्म शिक्षा तक फैला एक व्यापक व्यवसाय भी खड किया है। मुक्ता आर्ट्स ने 24 अक्टूबर को अपनी 48वीं वर्षगाँठ मनाई। इस साल सुभाष घई, संजय दत्त के साथ खलनायक रिटर्न्स और अनिल कपूर के साथ एक कोर्टरूम ड्रामा पर काम कर रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ के शेष

यूपीमें दीपावली...

बसों की मरम्मत और जरूरी कलपुर्जों की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया है। त्योहार के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष परिस्थितियों को छोड़कर छुट्टी नहीं दी जाएगी। बस अड्डों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, बैठने, डिजिटल समय सारिणी और सहायता केंद्र की व्यवस्था भी की जाएगी। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि 11 दिन ड्यूटी करने वाले चालकों और परिचालकों को 4400 रुपये तथा 12 दिन ड्यूटी करने पर 4800 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए प्रतिदिन औसतन 300 किलोमीटर बस चलाना अनिवार्य होगा। संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को निर्धारित दूरी से अधिक संचालन पर 55 पैसे प्रति अतिरिक्त किलोमीटर भी मिलेंगे। इलेक्ट्रिक बसों पर 11 दिन में 3300 किलोमीटर संचालन करने वाले चालकों को करीब एक हजार रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे।

दिल्लीमें होने...

तेलंगाना और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से आने वाले लोगों को गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके बावजूद रैली में शामिल होने वाले लोगों की तादाद से देशवासियों में व्याप्त भारी आक्रोश का पता चलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि देश में बहुत ज्यादा गुस्सा और गहरा भावनात्मक दर्द है, क्योंकि लाखों लोगों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उद्योगपति अडानी व अंबानी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के लाभ के लिए जनता के वोट चुराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष का यह आंदोलन अलग-अलग विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक साझा लड़ाई है। पूरा विपक्ष एकजुट होकर संविधान, भारत के विचार और प्रत्येक नागरिक के वोट की रक्षा कर रहा है, जो सभी भारतीयों की अभिव्यक्ति है।

बद्रीनाथ...

हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। मृतकों के शवों को दुर्गम जंगल से सड़क तक लाने की कार्रवाई की जा रही है।

वाराणसी-दिल्ली...

वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की प्रीमियम रात्रिकालीन सेवाओं की नई कड़ी है। अब तक वंदे भारत ट्रेनें मुख्य रूप से दिन में चलने वाली चेयरकार सेवाओं के रूप में संचालित होती रही हैं। स्लीपर संस्करण को लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे यात्री रात में आराम से सफर कर सुबह अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इस सेवा से वाराणसी के अलावा प्रयागराज और कानपुर के यात्रियों को भी दिल्ली आने-जाने का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। धार्मिक यात्रा, कारोबार, शिक्षा, नौकरी और पर्यटन के सिलसिले में दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा करने वाले लोगों को इससे सुविधा होगी।

यूपीमें गुप्त...

मंत्रालय ने बताया डीआरआई को इस गुप्त ठिकाने के बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी। इसी आधार पर यूपी एटीएस की एक बड़ी संयुक्त टीम ने 29 को तड़के संदिग्ध ठिकाने पर अचानक छापेमारी की। मौके से टीम ने लगभग 184 किलोग्राम अर्ध-निर्मित ड्रग्स, करीब 582 किलोग्राम कच्चे रसायन और भारी मात्रा में ड्रग्स बनाने के आधुनिक उपकरण जब्त किए। आरोपियों के पास से लगभग 15.4 किलोग्राम तैयार मेथाक्वालोन, 153 किलोग्राम अन्य रसायन और ड्रग्स निर्माण में इस्तेमाल होने वाली एक मशीन बरामद की गई। इसके अलावा, एक अन्य आरोपी के ठिकाने से 168 किलोग्राम कच्चे रसायनों की एक और बड़ी खेप जब्त की गई। इस अवैध नेटवर्क से जुड़े दो प्रमुख मास्टरमाइंडों को स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के कड़े प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

९.३४...

एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर दीपावली से पहले मिले उस उपहार के लिए उत्तर प्रदेश के अन्नदाता किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि किसानों की खुशहाली में गांवों की समृद्धि और गांवों की समृद्धि में राष्ट्र की प्रगति निहित है। इसी संकल्प के साथ आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त के अंतर्गत देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे अंतरित की। इससे उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ रुपये से अधिक किसान साथी लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि अन्नदाता किसान बंधुओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, उनकी आय बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। दीपावली से पूर्व प्राप्त इस उपहार के लिए उत्तर प्रदेश के समस्त किसान बंधुओं की ओर से आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। शुक्रवार को 4482.19 करोड़ जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में अब तक 107,943.95 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं।

सौरव दास...

जी. अरुल मुरुगन की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने सौरव दास, केंद्र सरकार और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए उनका जवाब मांगा है। अदालत ने मामले को छह सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। यानी अब संबंधित पक्षों को याचिका में लगाए गए आरोपों और मांगों पर अपना पक्ष रखना होगा। यह याचिका तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के रहने वाले गणेश कुमार ने दायर की है। इसका शीर्षक गणेश कुमार बनाम क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी है।

यूपी : एसआईआर...

उचित कार्रवाई करने और उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं हुआ है।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के एक विधानसभा क्षेत्र में एक खास समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए 32 फॉर्म-7 जमा किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि कुछ फॉर्म पर बूथ लेवल ऑफिसर के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं।याचिकाकर्ताओं ने चुनाव आयोग के हलफनामे में दी गई जानकारी पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि आयोग की ओर से दी गई जानकारी में कई अंतर हैं, जिनकी जांच जरूरी है।चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू ने स्वीकार किया कि बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए गए थे। हालांकि, उन्होंने अदालत को बताया कि आयोग के अधिकारियों ने इन फॉर्म की जांच की थी और उन्हें गलत पाया था। इसी वजह से इन आवेदनों के आधार पर किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी शिकायत में तथ्य हैं, तो संबंधित पक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज करा सकता है।

स्वदेशी...

यह परीक्षण 29 अक्तूबर 2026 को किया गया।यह राफेल मरीन फ्रेंच नेवी का लड़ाकू विमान है। इसे फ्रेंच पायलट उड़ा रहे थे। इन ट्रायल्स से भारतीय नौसेना में राफेल मरीन विमान को ऑपरेशनल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भारत को अभी तक राफेल मरीन मिला नहीं है। इस सफल परीक्षण के साथ ही राफेल मरीन विमान को भारतीय नौसेना में ऑपरेशनल यानी परिचालन रूप से शामिल करने की दिशा में शुरुआती कदम बढ़ा दिया गया है। इस परीक्षण को विमानवाहक पोत पर इसकी क्षमता परखने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

यूपीमें...

कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। शशि कुमार को विशेष कार्याधिकारी, राहत आयुक्त कार्यालय से उपजिलाधिकारी, फतेहपुर नियुक्त किया गया है। सुशील कुमार सिंह को उपजिलाधिकारी, मथुरा से उपजिलाधिकारी, फतेहपुर भेजा गया है। हेमन्त कुमार चौधरी को उपजिलाधिकारी, पीलीभीत से विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में भेजा गया है। मांधाता प्रताप सिंह को विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से उपजिलाधिकारी, पीलीभीत बनाया गया है। मयंक गोस्वामी को उपजिलाधिकारी, पीलीभीत से बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी), चकबंदी मुख्यालय लखनऊ पदस्थ किया गया है। अजय कुमार को बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी), चकबंदी मुख्यालय लखनऊ से उपजिलाधिकारी, पीलीभीत नियुक्त किया गया है। अमित कुमार-2 को प्रधान प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ से अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रायबरेली की जिम्मेदारी दी गई है। अशोक कुमार गुप्ता को स्थानांतराधीन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रायबरेली से प्रधान प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ नियुक्त किया गया है।

तीसरी बार..

उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा सरकार अंगद का पैर है उसे कोई नहीं हटा सकता है। उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है कोई दुविधा नहीं है। यूपी में तीसरी बार सरकार बना दो यहां भी यूसीसी लागू करेंगे।गृहमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस मैच हारने के बाद अंपायर पर आरोप लगा रहे हैं कि वोट चोरी हुई। भाजपा संसद में चर्चा के लिए तैयार है। एक बार आ आइए विशेष सत्र बुलाते हैं। हम एक एक बात का जवाब देने को तैयार हैं। संसद में चर्चा कीजिए।अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं योगी जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने कठोर शासन देकर यूपी को माफियाओं से मुक्त किया है। यूपी से भाजपा को कोई हिला नहीं सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप सब कमर कस लो। अर्जुन की तरह मछली की आंख पर नजर रखो हमें तीसरी बार सरकार बनानी है।उन्होंने कहा कि 2014 में यूपी में हमारे केवल 44 विधायक थे तब बहुत निराशा थी। मैं तहसील तक गया। एक बार संगठन ठीक हो गया तो 2014 में यूपी में 41 प्रतिशत वोट के साथ 73 सीटें जीतीं।

शहर की सड़कों पर भीषण जाम

पीईटी में गणित और जीके ने उलझाया, एमजी रोड, सिकंदरा, बोदला और शाहगंज में वाहनों की लंबी कतारें, ऑटो-ई-रिक्शा चालकों ने मनमाना किराया वसूल किया

आगरा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ने शुक्रवार को आगरा में परीक्षार्थियों के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था का भी इम्तिहान ले लिया। एक ओर परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को मध्यम से कठिन बताया तो दूसरी ओर हजारों परीक्षार्थियों और उनके परिजनों की आवाजाही से शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। सुबह से हो रही बारिश ने मुश्किलें और बढ़ा दीं। एमजी रोड से लेकर सिकंदरा, बोदला, शाहगंज और सुल्तानगंज पुलिया तक वाहन जाम में फंसे रहे। शुक्रवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू हुई और दोपहर 12 बजे समाप्त हो गई। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों के मुताबिक, सामान्य ज्ञान (जीके) के कई सवालों ने सबसे ज्यादा उलझाया। गणित के प्रश्न भी अपेक्षाकृत कठिन रहे, जबकि रीजनिंग के कुछ सवालों में अभ्यर्थियों को काफी समय लगाना पड़ा। हालांकि, कुछ परीक्षार्थियों ने पेपर को सामान्य और कुल मिलाकर ठीक बताया। परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को लेकर अपनी अलग-अलग राय दी।

एक अभ्यर्थी ने बताया कि पेपर कुल मिलाकर ठीक था, लेकिन रीजनिंग के सवालों ने थोड़ा परेशान किया। सामान्य ज्ञान के कुछ प्रश्न कठिन लगे। जबकि दूसरे ने ने बताया कि पेपर का स्तर ठीक था, लेकिन जीके के सवालों ने मुश्किल पैदा की। गणित भी अपेक्षा से थोड़ी कठिन लगी। वहीं, लखनऊ से आए अभ्यर्थी ने बताया कि यह उनका पहला प्रयास था। उनके मुताबिक, पेपर अच्छा हुआ, हालांकि गणित के कुछ सवालों को हल करने में परेशानी हुई। अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाओं से साफ जाहिर हो रहा है कि इस बार प्रश्नपत्र में जीके और गणित ने परीक्षा का स्तर चुनौतीपूर्ण बनाया। वहीं, रीजनिंग में भी कुछ सवालों ने परीक्षार्थियों का समय लिया।

सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, ट्रैफिक व्यवस्था फेल

आगरा। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई साथ ही परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए 49 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 49 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई इसके बाद आगरा में अगली परीक्षा एक नवंबर को होगी। परीक्षा के चलते शुक्रवार को आगरा की सड़कों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया। सुबह से ही अलग-अलग जिलों से अभ्यर्थियों के शहर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों, बसों, ऑटो और ई-रिक्शा का इस्तेमाल किया गया जिसके चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एमजी रोड पर यातायात का सबसे ज्यादा दबाव देखने को मिला। सुल्तानगंज पुलिया से भगवान टॉकीज तक वाहन रेंगते नजर आए। सिकंदरा से बोदला और शाहगंज क्षेत्र में भी जाम के कारण लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कोठी मीना बाजार समेत कई अन्य इलाकों में वाहनों की रफ्तार थम गई।

बारिश ने बढ़ाई परेशानी, जाम में फंसे परीक्षार्थी

आगरा। शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश ने यातायात व्यवस्था की मुश्किलें और बढ़ा दीं। बारिश के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। कई जगह वाहनों की गति धीमी पड़ गई। जाम में फंसे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगाना पड़ा। परीक्षा के लिए दूसरे जिलों से आए अभ्यर्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती समय पर केंद्र पहुंचने की रही। कई अभ्यर्थी रास्तों में जाम के कारण परेशान नजर आए। वहीं, उनके साथ आए परिजनों को भी वाहनों में बैठकर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा।

अतिक्रमण हटाने गई निगम की टीम का कड़ा विरोध

कालिंदी बिहार सौ फुटा पर दुकानदार को पीटने का आरोप, पिटाई का वीडियो वायरल

आगरा। यमुनापार टेडीबगिया स्थित सौ फुटा मार्ग कालिंदी बिहार में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने गई निगम की टीम को भीड के कडे विरोध का सामना करना पडा, जमकर हंगामा हुआ, इस बीच एक दुकानदार से मारपीट का आरोप निगम की टीम पर लगा है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बतादें कि शुक्रवार को नगर निगम का प्रवर्तन दल पुलिस के साथ सौ फुटा रोड कालिंदी बिहार में अतिक्रमण हटाने पहुंचा था, जिसका स्थानीय दुकानदारों ने कडा विरोध किया। यहां सडक किनारे दुकानदारों अतिक्रमण कर रखा है, जिसकी शिकायत निगम को बार-बार मिल रही थी। अतिक्रमण हटाने का दुकानदार दीप किशोर ने कडा विरोध किया, दीप किशोर के साथ अन्य दुकानदार भी आ गए, सभी ने एक स्वर से निगम की कार्यवाही का कडा विरोध किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि प्रवर्तन दल के कर्मचारियों ने विरोध करने पर दीप किशोर से मारपीट कर दी, घटना के दौरान लोग वीडियो बनाते रहे, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में कर्मचारी मारपीट करता नजर आ रहा है। मारपीट के बाद दुकानदार को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इस मामले में प्रवर्तन दल अधिकारी राहुल गुप्ता का कहना है कि सौ फुटा रोड पर करीब बीस मीटर आगे दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसे हटाने निगम की टीम पहुंची थी। सडक पर हर समय जाम की स्थिती बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है, कई बार चेतावनी देने के बावजूद दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाये। टीम कार्यवाही करने पहुंची थी तो दुकानदार दीप किशोर अभद्रता करने लगा। वह मारपीट पर उतारू हो गया। उसे काफी समझाने का प्रयास किया किन्तु समझ में नहीं आया। फिलहाल पुलिस ने दुकानदार को हिरासत में लेकर काफी समझाया, इसके बाद उसकी समझ में आया। इस घटना के बाद दुकानदार-कारोबारियों, व्यवसाईयों में भारी रोष व्याप्त है, उन्होंने पुलिस से दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की पुरजोर मांग उठाई है।

एनएसयूआई ने आगरा कॉलेज प्राचार्य का पुतला फूंका, बर्खास्त करने की मांग

कई गम्भीर आरोप, मुकदमे दर्ज

आगरा। विवि के खंदारी परिसर गेट पर एनएसयूआई कार्यकताओं ने आगरा कॉलेज के प्राचार्य का पुतला फूंक कर कडा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुतले को लेकर कार्यकताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक छीना-झपटी हुई। कार्यकताओंने प्राचार्य को पद से हटाने और बर्खास्त करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। एनएसयूआई का कहना है कि प्राचार्य पर हथियार तस्करी, कॉलेज परिसर में हरे-भरे पेडों की कटाई, फर्जी जाति प्रमाण पत्र और फर्जी मार्कशीट समेत कई गंभीर आरोप हैं जिनकी जांच चल रही है एवं मुकदमे भी दर्ज हैं फिर भी प्राचार्य कुर्सी पर डटे हुए हैं। संगठन ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कार्यकताओं ने कहा कि इतने बडे महाविद्यालय के प्राचार्य पर गंभीर आरोपों के बीच निष्पक्ष जांच के लिए प्रशासनिक कार्यवाही जरूरी है। प्रदर्शनकारियों ने ऐलान किया है कि मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता अपूर्व शर्मा, जिलाध्यक्ष सतीश सिकरवार, जिला उपाध्यक्ष अनिल सूर्यवंशी, आगरा कॉलेज अध्यक्ष आरव पाडेय, रोहित बघेल, अंशु ठाकुर सूरज सूर्यवंशी सहित अनेक छात्र नेता मौजूद थे। जब इस मामले में प्राचार्य से सम्पर्क किया गया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

खेत का रास्ता बंद होने पर युवक टॉवर पर चढ़ा



आगरा। थाना फतेहाबाद क्षेत्र के एक खेत तक पहुंचने का रास्ता बंद हुआ तो किसान परिवार का गुस्सा शुक्रवार को इस कदर बढ़ गया कि किसान राजन सिंह फौजी का बेटा अपनी मांग मनवाने के लिए निमार्णाधीन बिजली टावर पर चढ़ गया। फतेहाबाद क्षेत्र के मौजा कुतकपुर गुर्जर में हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

टावर पर युवक को चढ़ा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। बताया गया है कि क्षेत्र में पावर ग्रिड की ओर से बिजली का टावर लगाया जा रहा है। टावर के निर्माण के चलते राजन सिंह के खेत तक जाने वाला रास्ता बंद हो गया इससे किसान परिवार के सामने अपने खेत तक पहुंचने की समस्या खड़ी हो गई। परेशान किसान ने इस समस्या को लेकर किसान संगठनों से मदद मांगी। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन चैधरी चरण सिंह और फौजी संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। दोनों संगठनों की ओर से तहसीलदार फतेहाबाद को ज्ञापन देकर खेत तक पहुंचने के लिए स्थायी रास्ता बनवाने की मांग की गई। बताया गया कि गुरुवार को बातचीत के दौरान रास्ता बनाए जाने पर सहमति भी बनी थी इससे किसान परिवार को उम्मीद जगी थी कि अब उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन अगले दिन तक मौके पर रास्ते की समस्या जस की तस बनी रही। सहमति के बावजूद समाधान नहीं होने से किसान परिवार में नाराजगी बढ़ गई। युवक को टावर पर चढ़ा देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे, स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। युवक के इस कदम से मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

चोरों का इलेक्ट्रानिक्स गोदाम पर धावा

लाखों रूपये के फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन सहित अन्य कीमती उपकरण ले गए और अपना ताला लगाकर फरार हुए, कारोवारी को स्टॉक का मिलान करने पर चोरी की जानकारी हुई, पुलिस तलाश में जुटी

आगरा। थाना हरीपर्वत क्षेत्र के मदिया कटरा में शातिर बदमाशों ने इलेक्ट्रानिक्स गोदाम को निशाना बना कर वहां से लाखों रूप्ये का कीमती सामान ले गए। बदमाशों ने पीछे के शटर का ताला खोलकर एसी, फ्रिज, टीवी, वाशिंग मशीन ले गए फिर अपना ही ताला शटर में लगा कर फरार हो गए, जिससे किसी को चोरी की भनक न हो सके। पुलिस ने बताया कि मदिया कटरा निवासी सचिन गोयल की बिल्लोचपुरा में गोयल एंड कंपनी के नाम से शोरूम हैं। जगह कम होने पर उन्होंने दुकान के समीप ही किराए पर गोदाम ले रखा है, जहां विभिन्न कंपनियों के माल का स्टॉक रखा था।

शातिर बदमाशों ने बाउंड्री की ओर वाले शटर के ताले तोडकर गोदाम में रखे एसी, फ्रिज, टीवी एवं वाशिंग मशीन के करीब 24 आयटम पार कर दिये। शातिर बदमाशों ने ताले तोड कर चोरी करने के बाद अपने ताले लगा दिये जिससे बाहर से किसी को ताले टूटे नजर न आयें। गोदाम मालिक ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया, शटर में ताले जडे थे। आशंका व्यक्त की गई है कि चोरी एक बार नहीं बल्कि अलग-अलग दिनों में की गई, जिसकी किसी को भनक तक नहीं थी। कारोबारी को चोरी की जानकारी तब हुई जब स्टॉक का मिलान किया गया। गोदाम में करीब 24 नग कम थे, मामले की जानकारी मिलने पर गोदाम स्वामी के पैरों तले जमीन खिसक गई, चोर काफी होशियार थे, ताले तोडे फिर अपने ही ताले जड दिये, पीछे की साइड होने पर शटर को कभी-कभी खोला जाता। मामले का खुलासा होने पर कारोवारी ने थाना पुलिस को जानकारी दी। पीडित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, आसपास सीसीटीवी फुटैज को खंगाला। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

एडीए ने बेलनगंज में अवैध भवन सील किया



आगरा। एडीए ने छत्ता वार्ड प्रथम में एक अनाधिकृत मकान को सील कर दिया। बताया गया है कि राजेश जैन पुत्र किशोरी लाल जैन ने बारहभाई गली, बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप, बेलनगंज में बगैर नक्शा पास कराये भवन का निर्माण करा लिया, इस पर एडीए ने नोटिस थमा दिया किन्तु इसका जबाव नहीं दिया गया। बीते रोज प्रवर्तन अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुचे। उन्होंने भवन स्वामी राजेश जैन से नक्शा दिखाने को कहा तो वह इधर उधर बगलें झांकनेलगे, इस पर पर प्रवर्तन दल अधिकारी ने भवन को अवैध करार देते हुए उस पर सील लगा दी। प्रवर्तन दल ने अवैध भवनों के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है। ताजनगरी में हर रोज कहीं न कहीं सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।



महिला आयोग की अध्यक्ष पीड़ितों की सुनवाई करती।

किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

सरसों के निशुल्क मिनीकिट बांटे

आगरा। प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त का हस्तांतरण गुजरात के बनासकांठा से किया गया। इस क्रम में जनपद के लगभग 2.93 लाख किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की धनराशि हस्तांतरित की गई, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बिचपुरी, समस्त विकास खण्डों एवं ग्राम पंचायतों में कराई गई। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के 20 किसानों को सरसों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। किसान सम्मान निधि की किश्त जारी होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सभी किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, किसान नेता मोहन सिंह चाहर के साथ-साथ सुदूर क्षेत्रों से आए हुए लगभग 260 किसान मौजूद थे।



सड़क हादसो में पर लगाम के लिए यातायात पुलिस को हाईटेक उपकरणों का दिया प्रशिक्षण।

महिला आयोग की अध्यक्षा ने पीड़ितों को सुना

प्राप्त 44 शिकायतों पर हुई सुनवाई, घरेलू हिंसा-दहेज उत्पीड़न मामलों में त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

आगरा। अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. डा, बबीता सिंह चौहान ने नवीन सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई की तथा महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्व प्रथम एसडीएम नरेंद्र गंगवार व जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल सोनी द्वारा .अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक के प्रारंभ में .अध्यक्षा ने उपस्थित सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात .अध्यक्ष द्वारा बैठक में विगत महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक की अनुपालन आख्या तलब की, जिसमें संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की समीक्षा की गई तथा कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं में महिलाओं के स्व रोजगार प्रशिक्षण की जानकारी तलब की, जनसुनवाई में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए जिन पर संबंधित को प्रभावी कार्यवाही कर निस्तारण की आख्या उपलब्ध कराने को निर्देशित किया एवं जनसुनवाई में अधिकांश मामले घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, गुजारा भत्ता व पेंशन के रहे। अध्यक्ष द्वारा जनपद के प्राप्त विभिन्न प्रकरणों पर संबंधित थानाध्यक्षों से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए।

महिला ने विषाक्त खाया, मौत

फतेहपुर सीकरी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पतसाल में एक विवाहित महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला ने घरेलू विवाद के बाद विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए भरतपुर ले गए। वहां से उसे जयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। बताया गया है कि मृतका मंजू देवी 30 का विवाह थाना किरावली क्षेत्र के नगला मंन्सा निवासी सुमित संग हुआ था। बताया जा रहा है कि 29 अक्टूबर को मंजू देवी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए भरतपुर ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। मृतका के डेढ़ वर्ष का एक पुत्र है। महिला की मौत से घर में मातम पसर गया।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - 23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - 07th December, 2026 till 05:00 PM

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.
Registrar

करवा चौथ पर बादलों ने बढ़ाया इंतजार

देर रात तक चांद के दीदार को टकटकी लगाए रहीं सुहागिनें



भोगांव (मैनपुरी)। सुहागिनों का प्रमुख पर्व करवा चौथ इस बार आस्था के साथ-साथ इंतजार की घड़ी भी बन गया। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को करवा माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, लेकिन बादलों के कारण चंद्रमा के दर्शन में देरी होती रही। चांद के इंतजार में महिलाएं हाथों में पूजा की थाली लिए छतों और आंगन में देर रात तक आसमान की ओर निहारती रहीं। दिनभर भूखी-प्यासी रहने के बावजूद उनके उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। घरों में सजावट, फूलों की मालाएं और दीयों की रोशनी के बीच लाल जोड़े में सजी महिलाओं ने पर्व को उल्लास के साथ मनाया। देर रात चंद्रमा के दर्शन होने पर महिलाओं ने छलनी से पहले चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। इसके बाद पतियों के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण किया।

गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाकर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से की जाए निगरानीः डीएम

गोवंशों की बेहतर देखभाल, हरे चारे और ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश



मैनपुरी। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित पारिजात सभागार में निराश्रित गो-आश्रय स्थलों के सुदृढ़ीकरण, गोवंश संरक्षण और संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थलों की वित्तीय स्थिति, बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, गोवंशों के भरण-पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाए। जिलाधिकारी ने गोसेवा कोष की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्थानीय स्तर पर जनसहयोग बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोष में दान और सहयोग को आसान बनाने के लिए क्यूआर कोड जारी किया जाए। विभिन्न विभागों, ब्लॉकों, इच्छुक नागरिकों और किसानों से समन्वय कर निधि बढ़ाई जाए, ताकि गोशालाओं की जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति में धन की कमी न हो। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर गो-आश्रय स्थलों की बुनियादी सुविधाओं का गैप एनालिसिस कराने के निर्देश दिए। इसके तहत सभी गोशालाओं में बाउंड्रीवाल, शेड, जल निकासी, पानी की उपलब्धता, नाद और आगामी शीत ऋतु से बचाव के इंतजामों का आकलन किया जाएगा। जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत के आगामी प्रस्तावों में इन कमियों को दूर करने के लिए फंड कन्वर्जेंस की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। जिन गोशालाओं में बाउंड्रीवाल नहीं है, वहां तत्काल इसका प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश दिए गए, ताकि निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रखा जा सके और बाहरी तथा जंगली जानवरों से उनका बचाव हो सके। डॉ. त्रिपाठी ने डीपीआरओ, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और खंड विकास अधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक तथा बड़ी ग्राम पंचायतों में कैटल कैचर खरीदने और उनका रोस्टर निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित ग्राम पंचायतें निर्धारित शुल्क और ईंधन व्यवस्था के तहत इनका उपयोग कर सकेंगी। पशुओं को खुले वाहनों या ट्रॉलियों में अव्यवस्थित ढंग से न भरने तथा पशु क्रूरता निवारण मानकों के अनुरूप पर्याप्त क्षमता वाले मानक कैटल कैचर खरीदने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थलों से संबद्ध 207 हेक्टेयर गोचर भूमि में शेष बची जमीन पर तत्काल बरसीम और हरे चारे की बुवाई कराई जाए। किसानों के माध्यम से नेपियर घास की जड़ों की आपूर्ति और चारे की खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। पात्र किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी गो-आश्रय स्थलों पर एक ही मानक कंपनी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उन्हें जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए, ताकि उनकी निगरानी की जा सके। उन्होंने गोशालाओं के कुशल संचालन में स्वयं सहायता समूहों और सक्षम सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया। इसके लिए 'गो-सखी' जैसी व्यवस्था लागू करने तथा संबंधित प्रस्तावों को जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित कराकर कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

टेलर मनमोहन शाक्य के बेटे दीपांशु बने गणित के प्रवक्ता, मैनपुरी जीआईसी में हुआ चयन

एमएससी में गोल्ड मेडल हासिल कर बढ़ा चुके हैं जिले का मान, 2023 में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया था सम्मानित

बेवर (मैनपुरी)। मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर सफलता हासिल करने वाले दीपांशु शाक्य ने गणित विषय में प्रवक्ता पद पर चयनित होकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन मैनपुरी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दीपांशु के पिता मनमोहन शाक्य नगर के मनोज कुमार सक्सेना मार्केट में टेलर का कार्य करते हैं। मूल रूप से मैनपुरी विकासखंड के ग्राम कुचेला निवासी मनमोहन शाक्य वर्तमान में बेवर के मोहल्ला काजीटोला उत्तरी स्थित राठौर पीसीओ वाली गली में रहते हैं। वह सिलाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। दीपांशु शाक्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम का परिचय देते हुए एमएससी गणित में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर वर्ष 2023 में आगरा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया था। अब गणित विषय में प्रवक्ता पद पर चयनित होकर उन्होंने एक और उपलब्धि हासिल की है। साधारण परिवार से निकलकर शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सफलता हासिल करने वाले दीपांशु की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनके चयन पर मिशन अमर शहीद अमर जवान परिवार के गुरुबख्श सिंह यादव, धर्मेंद्र अज्ञानी, मनोज यादव, सतेंद्र पाल, सुभाष आचार्य, रजनीश यादव और अमित कुमार आदि ने उन्हें एवं उनके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। संगठन के सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करेगी।

पारिवारिक विवाद में विवाहिता से मारपीट का आरोप

देवर, सास और ननद सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर

मैनपुरी। थाना भोगांव क्षेत्र के ग्राम रामनगर रजवाना में पारिवारिक विवाद को लेकर एक विवाहिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने देवर, सास, ननद और एक अन्य व्यक्ति पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना भोगांव में तहरीर दी है।

थाना प्रभारी भोगांव को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, रामनगर रजवाना निवासी सोनी पत्नी सचिन ने बताया कि 30 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब सात बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान उनके देवर सतेंद्र पुत्र रामसेवक, सास राजेश्वरी पत्नी रामसेवक, ननद सीमा पुत्री रामसेवक निवासी रामनगर रजवाना और दिलदार पुत्र रामनगर वहां पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने किसी बात को लेकर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हाथ-थप्पड़ और डंडे से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के लोग और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने थाना भोगांव पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, कार्रवाई न होने पर न्यायालय पहुंचे परिजन

भोगांव (मैनपुरी)। थाना भोगांव क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित के भाई ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पीड़ित पक्ष ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसीजेएम प्रथम न्यायालय, मैनपुरी में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम अरम सराय निवासी सुखदेव पुत्र ज्ञानचन्द्र ने बताया कि 20 जुलाई 2026 की रात करीब 8:50 बजे उनका भाई सुग्रीव निजी कार्य से ग्राम नौरंगाबाद गया था। वापस लौटते समय नौरंगाबाद मोड़ से मुख्य सड़क पर कायम सिंह कोल्ड स्टोरेज के पास भोगांव की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 84 एएम 7086 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके भाई को टक्कर मार दी। हादसे में सुग्रीव गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि हादसे के समय कोल्ड स्टोरेज के बाहर मौजूद कर्मचारी अमर सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी खुड़ाबा, छिबरामऊ, कन्नौज ने घटना देखी थी। उन्होंने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान योगेंद्र सिंह को दी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने पीड़ित परिवार को हादसे और वाहन के संबंध में जानकारी दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर प्रत्यक्षदर्शी से घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस से कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने अधिवक्ता संदीप कुमार त्रिपाठी के माध्यम से धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। इसमें न्यायालय से थानाध्यक्ष भोगांव को मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध विवेचना करने का आदेश देने की मांग की गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से विधूना निवासी बाइक सवार युवक की मौत

बेवर। थाना बेवर क्षेत्र में गुरुवार देर रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवीन कुमार पुत्र श्रीकिशन वाजपेई निवासी विधूना, जनपद औरैया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रवीन कुमार गुरुवार रात करीब 11 बजे बाइक से छिबरामऊ मार्ग पर जा रहे थे। रसूलाबाद ओवरब्रिज के निकट पहुंचने पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल

सूचना

सूचना आम-मेरा सगा बड़ा भाई सुशील शर्मा पुत्र स्व. श्री नेतराम जो कि शादी शुदा है वह मेरे व मेरे परिवारीजनों के कहने में नहीं है और गलत सौबत में पड़ गया है उसके द्वारा किये गये कोई भी लेन देन व कोई भी अनैतिक व विधि विरूद्ध कार्य यदि किया जाता है तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे किसी भी परिवारीजन की इसमें कोई भी जिम्मेदारी नही होगी। मैंने व मेरे परिवारीजनों ने अपने इस बड़े भाई से आज से एक वर्ष पूर्व से अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है और अब कोई सम्बन्ध भी नहीं है।

डब्बू शर्मा पुत्र स्व. श्री नेतराम
निवासी- नगला देवजीत कछपुरा,
पोस्ट-यमुना ब्रिज चौगान
थाना- एत्माददौला जिला- आगरा।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यक्ति की मौत, कार्रवाई न होने पर परिजनों ने खटखटाया न्यायालय का दरवाजा

भोगांव (मैनपुरी)। थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा है। न्याय की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने न्यायालय की शरण ली है। मृतक के भाई ने अधिवक्ता के माध्यम से एसीजेएम प्रथम न्यायालय, मैनपुरी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम अरमसराय निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनके भाई बृजराज सिंह 11 अगस्त 2026 को सुबह करीब 7:50 बजे भोगांव-बेवर मार्ग पर बेवर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान भोगांव की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 84 एएन 3773 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बृजराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि ग्राम सरैया निवासी बृजेश और नगला पते निवासी प्रताप सिंह घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे। उन्होंने दुर्घटना अपनी आंखों से देखने के साथ ही मोटरसाइकिल का नंबर भी उपलब्ध कराया था। अशोक कुमार का आरोप है कि घटना के संबंध में 21 सितंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक मैनपुरी को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अधिवक्ता ओम कृष्ण दुबे के माध्यम से एसीजेएम प्रथम न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी ने न्यायालय से भोगांव थानाध्यक्ष को संबंधित मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आदेश देने की मांग की है।

भोगांव में कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई पीईटी परीक्षा, बायोमैट्रिक जांच के बाद मिला प्रवेश

भोगांव। नगर के नेशनल महाविद्यालय और नेशनल इंटर कॉलेज में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पहले सघन तलाशी ली गई। इसके साथ ही बायोमैट्रिक जांच पूरी होने के बाद ही उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। जिले में आयोजित पीईटी परीक्षा के लिए भोगांव में केवल दो केंद्र बनाए गए हैं। दोनों केंद्रों पर सुरक्षा और परीक्षा की पारदर्शिता को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके निमेष तथा नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन कुमार ने बताया कि परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षार्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा जा रहा है। केंद्रों पर बिहार सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे हैं।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जारी, प्रगणकों को डिजिटल आंकड़े जुटाने की दी जानकारी

बेवर। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के तहत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रतिभागियों को डिजिटल माध्यम से आंकड़े जुटाने और उनके सत्यापन की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षक मनोज यादव और विनीत कुमार ने जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। तकनीक सहायक आशीष कुमार तथा सुपरवाइजर दयाराम, विजयशंकर, अशोक कुमार, दिनेश कुमार और बलदेव प्रसाद ने भी प्रशिक्षण में सहयोग किया। चार्ज अधिकारी बुद्धिप्रकाश, अधिशासी अधिकारी, मुख्य लिपिक सलिल दुवे और विमलेश तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था में सहयोग किया। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े एकत्र करने, ऑनलाइन भरे गए स्वगणना फॉर्म और पहचान संबंधी विवरणों का सत्यापन करने की प्रक्रिया बताई गई। प्रगणकों को घर-घर जाकर निर्धारित सवाल पूछने और ले-आउट मैप तैयार करने के तरीके भी समझाए गए। इस दौरान प्रगणक मुनेंद्र कुमार, दीपक, संदीप पाल, हरदीप, वीके यादव, मुकेश सक्सेना, अनामिका और नृपेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

ब-अदालत
अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची
मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद संख्या-481/2024
सारो देवी वगैरह.............आवेदकगण
बनाम
चंदन सिंह वगैरह.............विपक्षीगण
नोटिस बनामः-
चंदन सिंह पिता कालीचरण सिंह, पता-मकान क्रमांक-694, खत्री वाड़ा, वार्ड नंबर-3, सिकंदराबाद, जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश-203205
वजरिया इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.07.2024 को आपके टाटा LP ट्रक UP13-AT-2187 से बदिया महतो पिता रोपन पिता रोपन महतो स्थायी पता ग्राम बुडगामा, पोस्ट-किस्को, थाना एवं जिला-लोहरदगा, झारखण्ड-835302, निवासी की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी जिसका एफआईआर नं.-लोहरदगा थाना कांड संख्या-138/2024 है। आवेदकगण ने आपके विरुद्ध धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत प्रतिकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है, जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं स्पीड डाक द्वारा आपके विरुद्ध नोटिस तामिल नहीं कराया जा सका है। अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 15.12.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्रवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जाएगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 28.09.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।
ह./-अतिरिक्त पीठासीन पदाधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची

सम्मन

कॉमर्शियल कोर्ट नं-2, आगरा
समन वास्ते करार बाद अमूर तनकीह तलबी आर्डर 5 कायदा 1 व 5
न्यायालय श्रीमान कॉमर्शियल/जिला जज द्वितीय महोदय आगरा
वाद सं0-20/2026
केनरा बैंक शाखा जयपुर हाउस, आगरा द्वारा मैनेजर श्रीमती प्रियंका सक्सेना .....वादी
बनाम
1. मैसर्स ए.पी.एम. मसाले पता-2/125 कैन्ट रोड नामनेर आगरा
2. श्री विवेक अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल निवासी-2/125 कैन्ट रोड नामनेर आगरा
....प्रतिवादीगण
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश वावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप व तारीख 03.11.2026 वक्त 10 बजे सुबह असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल मुकदमा का जवाब दे सके या उसके साथ में कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालो का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जवाब देही के इस्तदलाल पेश करना चाहते हो आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वह रोज मजकूरा में हाजिर न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी। व सिल्ब मेरे व मुहर अदालत में आज व तारीख 30.10.26 जारी किया गया है।
जज

सम्मन

फार्म सं. 1 (अ)
(आदेश 5 नियम 1 व सी.पी.सी.) न्यायालय अपर प्रधान परिवार न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मैनपुरी वाद सं. 735 सन् 2025 ई. रितिक पुत्र मुकेश निवासी ग्राम गढ़िया पोस्ट मंछना, परगना तहसील, भोगांव जिला, मैनपुरी। ... वादी
बनाम
मोहिनी पत्नी रितिक पुत्री महावीर निवासी-आसरा आवास कॉलोनी झिंझाई, तहसील व जिला मैनपुरी। ... प्रतिवादी
चूंकि रितिक वादी उपरोक्त ने इस न्यायालय में प्रस्तुत वाद वास्ते दाम्पत्य सम्बंध विच्छेद (तलाक) अपर प्रतिवादिनी के विरूद्ध दायर किया है। जिसमें दिनांक 26-11-2026 ई. सुनवाई तथा दाखिल करने प्रतिवाद पत्र हेतु नियत है। लिहाजा आप प्रतिवादिनी उक्त नियत दिनांक को समय 10 बजे दिन खुद अथवा सम्यक रूपेण अनुदेशित किसी अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित आकर प्रतिवाद पत्र दाखिल करें तथा आपके पास प्रतिवाद पत्र के समर्थन में जो भी साक्ष्य अथवा दस्तावेज हो उसी रोज प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त वाद आप प्रतिदिन की अनुपस्थिति में एकपक्षीय रूप से सुना जाकर निस्तारित/निर्णीत किया जायेगा।
जारी दिनांक 30-10-2026 ई.
न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिम/रीडर
न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मैनपुरी।

सरकारी जमीन पर 28 साल से कब्जे का आरोप, 1998 का अपर कलेक्टर का आदेश भी नहीं हुआ लागू

बुजुर्ग ने डीएम से लगाई गुहार, सुरक्षित भूमि पर पक्का निर्माण कराए जाने का आरोप

भोगांव। तहसील भोगांव के ग्राम इटौरा में सरकारी सुरक्षित भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव निवासी अहिवरन सिंह पुत्र कुबेर सिंह ने जिलाधिकारी मैनपुरी को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने और पुराने न्यायालयीय आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम सभा इटौरा के राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के रूप में पांच बीघा भूमि सुरक्षित श्रेणी में दर्ज है। अहिवरन सिंह का आरोप है कि गांव के ही सुरेश चंद्र और उनके पुत्रों ने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। अहिवरन सिंह ने बताया कि कथित तौर पर एक महिला के नाम फर्जी तरीके से सुरक्षित भूमि का पट्टा कराकर कब्जा किया गया था। उनके अनुसार, अपर कलेक्टर मैनपुरी के न्यायालय ने वर्ष 1998 में उक्त पट्टे को फर्जी और अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया था तथा नाम खतौनी से हटाने का आदेश दिया था। पीड़ित का आरोप है कि करीब 28 वर्ष बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन ने आदेश का अनुपालन नहीं कराया। उनका कहना है कि राजस्व विभाग की कथित मिलीभगत के चलते कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं और सुरक्षित भूमि पर नींव भरकर पक्का निर्माण भी कर लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में तैनात रहे लेखपाल और कानूनगो इस मामले में चुप्पी साधे रहे। अहिवरन सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि बुजुर्ग होने के कारण जब वह कब्जा छोड़ने की बात कहते हैं तो उन्हें और उनके परिवार को जान-माल के नुकसान तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से संबंधित गाटा संख्या पर किए गए कथित अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने, अपर कलेक्टर मैनपुरी के पुराने आदेश का अनुपालन कराने और फर्द खतौनी में भूमि ग्राम सभा के नाम दर्ज कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र पर एसडीएम पीयूष जायसवाल को मामले की गहराई से जांच कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम पीयूष जायसवाल ने तहसीलदार घासीराम को क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो की टीम गठित कर जांच के बाद आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

कार्यालय जिला पंचायत, हाथरस

(अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना)

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश में दिनांक 14 जुलाई, 2020 को प्रकाशित पंचायती राज अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1425/33-2-2020-80जी.-2000 में वर्णित नियमावली के स्तम्भ-2 में उल्लिखित दिशा-निदेर्शो के क्रम में जिला पंचायत, सिंचाई विभाग एवं लो०नि०विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त अनुदान के सापेक्ष 02 निर्माण कार्यो की निविदायें मा० मुख्यमंत्री की प्राथमिकता (गड्ढामुक्ति) की होने के कारण दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ई-टेण्डर पोर्टल https://etender.up.nic.in पर पुनः आमन्त्रित की जाती है तथा बिड को दिनांक 30.10.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे से दिनांक-05.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। जिनकी तकनीकी बिड निविदा समिति द्वारा दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। तकनीकी बिड वैध होने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी। प्रत्येक कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं 10 प्रतिशत धरोहर (जमानत) धनराशि केनरा बैंक, हाथरस में संचालित जिला पंचायत, जिला निधि के खाता संख्या-110170755166 (IFSC-CNRB0018512) में प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक जमा कराना होगा। जिसकी स्कैन प्रति निविदा के समय अपलोड की जायेगी तथा निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने (निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने) के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख/निविदा शुल्क/अग्रिम धरोहर धनराशि आदि की मूल प्रति व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला पंचायत हाथरस में प्रस्तुत किये जायेगे, अन्यथा की दशा में निविदादाता के विरूद्ध विधिक एवं पंजीयन निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण एवं शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, हाथरस में देखी जा सकती है।

अभियन्ता
जिला पंचायत हाथरस।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत हाथरस।

पत्रांक- 579/जि.पं.हा.-निविदा/2026-27 दिनांक 29/10/26

सम्मन परिवार न्यायालय इटावा वाद संख्या 737/2024 धारा 144 बी.एन.एस.एस. तस्कीन बनाम सरीफुद्दीन तस्कीन आयु लगभग 44 वर्ष पत्नी सरीफुद्दीन पुत्री फखरूद्दीन निवासी–मोहल्ला चौहट्टा थाना कोतवाली शहर व जिला इटावा..... वादिनी। बनाम सरीफुद्दीन आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र लतीफुद्दीन निवासी– मकान नं. 5/56 मो. महावीर नाला सरीफुद्दीन मेडिकल वाले हींग की मण्डी जनपद आगरा।.... विपक्षी। हरगाह ने आपके नाम एक नालिश दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 12 माह 11 सन 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकद्दमा के हालात से करार वाकिफ किया गया और कुल उपराव या अहम मुतालिका मुकद्दमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाबदेही दावा को करे। आपको लाजिम है कि जमुला दस्तावेज पेश करें, जिन पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिरी मसमुआ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत की तारीख 28 माह 10 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
आज्ञा से मुंसरिम रीडर परिवार न्यायालय इटावा

सम्मन प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) इटावा। वाद संख्या 581/1995 मोतीलाल बनाम विजय सिंह बबलू उर्फ कहरी उर्फ गजराज सिंह उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र स्व. मोहरश्री, सुधा उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्री स्व. मोहरश्री, पूनम कुमारी उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्री स्व. मोहरश्री, आरती उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्री स्व. मोहरश्री, रूबी उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्री स्व. मोहरश्री एवं ज्योति कुमारी उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्री स्व. मोहरश्री, खुद व हैसियत वारिसान मालिकान काबिजान जायदाद मृतका मोहरश्री। हरगाह ने आपके नाम एक नालिश दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 04 माह 11 सन 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकद्दमा के हालात से करार वाकिफ किया गया और कुल उपराव या अहम मुतालिका मुकद्दमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाबदेही दावा को करे। आपको लाजिम है कि जमुला दस्तावेज पेश करें, जिन पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिरी मसमुआ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत की तारीख 29 माह 10 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
आज्ञा से मुंसरिम रीडर प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) इटावा।

उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक सं. Dy./CE/C/II/AGC/Publication/DHO-SRMT दिनांक : 30.10.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धौलपुर-गढ़ी सांधरा नई रेल लाइन का CRS निरीक्षण दिनांक **31.10.2026** को प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान इस सेक्शन में विशेष ट्रेन 121 किमी/घंटा की गति से चलाई जाएगी। अतः आमजन से अनुरोध है कि रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास से दूर रहें, रेलवे ट्रैक को अनधिकृत रूप से पार न करें तथा ट्रैक पार करने हेतु केवल निर्धारित समपार फाटक एवं LHS का ही उपयोग करें। रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत रूप से प्रवेश करना एवं पार करना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माना एवं कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II
उत्तर मध्य रेलवे/आगरा कैण्ट
2485/26 (PH)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रेलगाड़ियों के गाड़ी संख्या में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

क्र. सं.	वर्तमान गाड़ी संख्या	संशोधित गाड़ी संख्या	प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि
1	21126 भिण्ड-रतलाम	11052 भिण्ड-रतलाम	02.01.2027
2	21125 रतलाम-भिण्ड	11051 रतलाम-भिण्ड	01.01.2027
3	12779 वास्को-द-गामा-हज़रत निज़ामुद्दीन	17379 वास्को-द-गामा-हज़रत निज़ामुद्दीन	01.01.2027
4	12780 हज़रत निज़ामुद्दीन-वास्को-द-गामा	17380 हज़रत निज़ामुद्दीन-वास्को-द-गामा	01.01.2027

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2472/26(MG)

पैसों के लेन-देन में युवक की हत्या की आशंका

काली नदी में शव की तलाश में पीएसी ने आठ किलोमीटर तक चलाया अभियान, नहीं मिला सुराग

एटा। अलीगंज थाना क्षेत्र में 10 दिन से लापता 35 वर्षीय विमलेश को तलाशने के लिए शुक्रवार को पुलिस और पीएसी ने काली नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। नाव के जरिए करीब आठ किलोमीटर तक नदी में तलाश की गई, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। विमलेश के भाई अजय के अनुसार, गांव का व्यक्ति 20 अक्टूबर को उनके भाई को घर से बुलाकर ले गया था। उसी रात करीब 9:45 बजे विमलेश की फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और वह घर नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण और हत्या की आशंका में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। अजय ने आरोप लगाया कि दो लाख रुपये के लेन-देन में विमलेश की हत्या की गई। आरोप है कि उसे नशीला पदार्थ देकर सिर पर वार किया गया और शव बोरी में बांधकर काली नदी में फेंक दिया गया। गुरुवार को ललहट गांव के पास उसकी प्लेटिना बाइक झाड़ियों में मिली थी। पुलिस की निगरानी में नदी में तलाश जारी है।

बाइकों की भिड़ंत में तीसरे घायल युवक की भी मौत

एक हादसे में दो युवकों की गई जान, तीसरे का आगरा में चल रहा था उपचार



सड़क हादसे में मृत हुए व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम हाउस पर देखते लोग, इंसैट में मृतक का फाइल फोटो।

एटा। रिजोर थाना क्षेत्र में निधौली खुर्द गांव के पास दो दिन पहले दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल दूसरे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। 18 वर्षीय मोहन ने शुक्रवार सुबह आगरा के अस्पताल में दम तोड़ दिया। इससे पहले गुरुवार को बीएससी छात्र नीतेश की भी मौत हो चुकी है। हादसे में घायल तीसरे युवक का उपचार जारी है।

हादसा बुधवार शाम करीब पांच बजे हुआ था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें आगरा रेफर किया गया था। क्षेत्र के गांव मनसुखपुर निवासी नरेश चंद्र के बेटे नीतेश ने गुरुवार को दम तोड़ दिया था। शुक्रवार को मोहन की भी मौत हो गई। दो युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मोहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तीसरे घायल का उपचार जारी है।

पीईटी परीक्षा केंद्रों का ए.एस.पी. ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

एटा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और जैमर की कार्यप्रणाली को परखा। साथ ही केंद्रों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार निगरानी रखने और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।

एएसपी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को पूरी तरह सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए गए।

जनगणना में सक्रिय सहभागिता करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं: जिलाधिकारी

एटा। जनगणना-2027 को जनभागीदारी का अभियान बनाने के लिए जिला प्रशासन ने जागरूकता पहल शुरू की है। गुरुवार को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली, मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) और अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने अपने सरकारी वाहनों पर जनगणना जागरूकता स्टीकर लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से जनगणना में सक्रिय भागीदारी करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। इसके द्वितीय चरण में 16 से 30 नवंबर तक नागरिक स्वयं गणना (स्वगणना) कर सकेंगे। इसके लिए पोर्टल पर जानकारी दर्ज की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों का आधार बनते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक इसे अपना सामूहिक दायित्व समझकर सहयोग करे और दूसरों को भी जागरूक करे।

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए घर-घर पहुंचकर लोगों को जागरूक करें आशा-आंगनबाड़ी: डीएम

बोलीं-प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाने और जलभराव न होने दें

एटा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आसपास सफाई रखें और पानी जमा न होने दें। जिला पंचायत राज विभाग व नगरीय निकायों को नालियों की नियमित सफाई और जलभराव दूर कराने को कहा। डीएम ने निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में बुखार की सूचना मिलने पर तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजकर शिविर लगाया जाए। मरीजों की जांच और रक्त के नमूने लेकर डेंगू सहित अन्य बीमारियों की जांच कराई जाए।




संचारों रोगों की रोकथाम के लिए बैठक कर निर्देशित करती जिलाधिकारी।

बैठक में संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना के भुगतान और आशाओं के मानदेय की समीक्षा की गई। एचपीवी टीकाकरण से छूटे बच्चों की सूची उपलब्ध कराने तथा 102 व 108 एंबुलेंस सेवाओं का रिस्पांस टाइम सुधारने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज

- राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनायी जायेगी जन्म जयंती
- विभिन्न कार्यक्रमों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति दिलाई जाएगी शपथ

एटा । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज 31 अक्टूबर 2026 को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। जिलाधिकारी एम0 अरुन्मोली के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों में प्रभात फेरी, रन फॉर यूनिटी, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषयक प्रदर्शनी, फल एवं भोजन वितरण, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी दिलाई जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यक्रम निर्धारित समय एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की भावना को और सुदृढ़ करना है। ध्यान रहे कि आज 31 अक्टूबर 2026 को सरदार पटेल की 151वीं जयंती धूम-धाम से मनायी जायेगी।



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की फाइल फोटो।

सराफा लूट के दो वांछित बदमाशों पर 25-25 हजार का इनाम

एटा। अलीगंज में सराफा व्यापारी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन बदमाशों की पहचान की है। इनमें फरार चल रहे दीपक गिरि और गोलू उर्फ कुलदीप पंडित पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। वहीं, मुख्य आरोपी वीरेंद्र पर पहले ही एक लाख रुपये का इनाम घोषित हो चुका है। जोकि मुठभेड़ में मारा गया है। 22 अक्टूबर को नीली अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा और पिस्टल दिखाकर सराफा व्यापारी से सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग लूट लिया था। घटना के खुलासे के लिए छह पुलिस टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने घटनास्थल और आसपास के करीब दो हजार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें बदमाशों की पहचान वीरेंद्र निवासी मैनपुरी, दीपक गिरि उर्फ अखिलेश निवासी मऊ और गोलू उर्फ कुलदीप पंडित निवासी फिरोजाबाद के रूप में हुई।

अभियोजन की प्रभावी पैरवी से बढ़ाएं दोषसिद्धि का प्रतिशत- डीएम

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मौली की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों एवं नारकोटिक्स से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने अभियोजन अधिकारियों को प्रभावी पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और दोषसिद्धि का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में वैज्ञानिक और फोरेंसिक साक्ष्य समय से न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएं। डीएम ने दोषसिद्धि एवं दोषमुक्ति वाले मामलों की पत्रावलियों का अध्ययन कर कमियों का विश्लेषण करने तथा ट्रायल पर चल रहे टॉप-10 महत्वपूर्ण मामलों की नियमित समीक्षा करने को कहा। गैंगस्टर और डकैती के मामलों में पुलिस एवं अभियोजन अधिकारियों को समन्वय बनाकर प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए। नारकोटिक्स मामलों की समीक्षा में उन्होंने पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर को संयुक्त कार्रवाई करने को कहा। बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोरों तथा प्रतिबंधित दवाओं और नशीले इंजेक्शनों की अवैध बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। विद्यालयों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाने और आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने पर भी जोर दिया।

दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

एटा। राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के असदपुर गांव में मंदिर के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया। एक बाइक पर कासगंज के बिलराम निवासी शाकिर अली (38) और यूसुफ अली (60) सवार थे। दोनों कासगंज से मिलिक जा रहे थे। दूसरी बाइक पर फरुखाबाद के मेरापुर थाना क्षेत्र के दिसिक नगला निवासी राम सिंह (34) और विपिन (22) सवार थे। वे अमापुर क्षेत्र के मनफूल नगला जा रहे थे। हादसे के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर रॉन्ग साइड से आकर टक्कर मारने का आरोप लगाया। दरोगा महेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों बाइकें कब्जे में ले ली हैं। मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अधिवक्ता के अपमान पर अलीगंज बार एसोसिएशन मे आक्रोश-सौंपा ज्ञापन

हाईकोर्ट बार के आंदोलन में शामिल होने का लिया निर्णय, वकीलों के सम्मान की उठाई मांग

एटा/अलीगंज। हाईकोर्ट में एक अधिवक्ता के कथित अपमान के मामले को लेकर अलीगंज बार एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अलीगंज को सौंपकर न्यायालयों में अधिवक्ताओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने की मांग की। बार एसोसिएशन के सचिव वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह शाक्य की ओर से जारी पत्र के अनुसार, इस प्रकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें हाईकोर्ट में अधिवक्ता के साथ हुए अपमान की निंदा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन के आह्वान पर आगे के आंदोलन की कार्रवाई की जाएगी। उसमें अलीगंज बार एसोसिएशन भी सक्रिय रूप से भागीदारी करेगी। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्याय व्यवस्था में वकीलों का सम्मान और उनकी गरिमा बनाए रखना जरूरी है। इस अवसर पर सचिव वेद प्रकाश यादव, अरविन्द सोनी, प्रदीप कुमार, आनन्द शाक्य, नरेन्द्र कुमार, राहत अली सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद थे।



अलीगंज में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा में सहयोग करने वाले सम्मानित

फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर किया सम्मान

कासगंज/गंजडुंडवारा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सहयोग करने वाले गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और समाज के बंधुओं को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन नगला भीकन स्थित सामुदायिक केंद्र पर किया गया। इस दौरान अतिथियों एवं सहयोगियों को फूलमाला पहनाकर और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद विजय कुमार गुप्ता रहे, जबकि अध्यक्षता समाजसेवी मेघेंद्र सिंह राठौर ने की। कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष रघुवीर वाल्मीकि, महामंत्री विष्णु वाल्मीकि एवं कोषाध्यक्ष पवन वाल्मीकि ने पूर्व चेयरमैन संजीव महाजन, प्रतिनिधि ध्रुव महाजन, हर्ष पालीवाल, नगर पालिका के लेखाकार श्रीकांत शर्मा और समाजसेवी शिव शंकर गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। साथ ही शोभायात्रा में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अमित महाजन, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, जुम्मन कुरैशी, मोरध्वज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सादाबाद-मुरसान मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक गंभीर घायल

सुनीता कोल्ड स्टोर के निकट हुआ हादसा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा के रहने वाले हैं घायल युवक





सादाबाद। सादाबाद-मुरसान मार्ग पर सुनीता कोल्ड स्टोर के निकट शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार हरियाणा और पश्चिम बंगाल के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। जानकारी के अनुसार, हरियाणा के बल्लभगढ़ स्थित बालमपुर तिरखा कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय हीरेश कुमार पुत्र निरंजन सिंह बाइक से मुरसान की ओर से सादाबाद आ रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर क्षेत्र निवासी शरीकुल इस्लाम पुत्र सिराजुलहक और इस्माइल पुत्र मोहम्मद शाकिर सवार थे। दोनों युवक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में मजदूरी करते हैं और अपने कार्यस्थल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सुनीता कोल्ड स्टोर के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। हादसे में दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर नलकूप चालकों और सींच पर्यवेक्षकों का प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, पुरानी पेंशन बहाली और ग्रेड पे बढ़ाने की उठाई मांग

कासगंज। सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले शुक्रवार को नलकूप चालकों और सींच पर्यवेक्षकों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से लंबित मांगों को जल्द पूरा कराने की मांग की।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने 70 वर्ष पुरानी सेवा नियमावली में संशोधन करने, 2400 ग्रेड पे लागू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने और मोटरसाइकिल भत्ता देने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके अलावा प्रत्येक नलकूप चालक पर 10 से 15 ट्यूबवेल का अतिरिक्त प्रभार समाप्त करने तथा कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली से मुक्त रखने की मांग भी की गई। कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान जिला मंत्री बृजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष जिलेदार रमेश चंद्र वर्मा, महिपाल सिंह, रणजीत सिंह, सुंदरलाल, अजय कुमार, रामजीलाल, हरिश्चंद्र, विष्णु कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

नशा मुक्त युवा अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

गोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताए नशे के दुष्परिणाम, युवाओं को किया जागरूक

कासगंज। गंजडुंडवारा पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्णसंकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जागरूकता रैली और साइकिल रैली निकालकर लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शेखर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन और नशामुक्त जीवनशैली अपनाकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋषभ मिश्र के संयोजन में निकली रैली में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जुड़े नारे लगाए। स्वयंसेवकों ने रास्ते में प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्र कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में मुख्य प्रवक्ता राजकुमार वर्मा ने नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्परिणाम बताए। राकेश कुमार सिंह ने नशे को अपराध और सामाजिक असुरक्षा का कारण बताया। डॉ. अनुराग तिवारी ने युवाओं में नशे के बढ़ते आकर्षण के मनोवैज्ञानिक कारणों पर प्रकाश डाला। चक्रपाणि मिश्र ने नशे से होने वाले पारिवारिक और आर्थिक नुकसान बताए। कार्यक्रम में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया। अंत में सभी को राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 की जानकारी दी गई।

किशोरी को सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के करसरी गांव की एक किशोरी को शुक्रवार को सर्प ने डस लिया। जानकारी पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने किशोरी को भर्ती करके उपचार शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 14 वर्षीय निक्की पुत्री नरेंद्र कुमार निवासी करसरी ढोलना को उपचार के लिए लाया गया। परिजनों ने बताया कि किशोरी को सांप ने डस लिया है। इसके बाद चिकित्सकों ने किशोरी को भर्ती कर लिया।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने की कार्यवाही में तेजी लाएं, अधिकतम पेंशन भोगियों को किया जाए आच्छादित : डीएम

हाथरस। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊद्वारा 14 अक्टूबर, 2026 को जारी पत्र के माध्यम से राज्य सरकार के पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के उपयोग एवं जमा कराने की प्रक्रिया को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन की मंशा के अनुरूप पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा इस कार्य में अधिकाधिक पेंशनभोगियों को आच्छादित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया है कि ग्राम स्तर पर तैनात पंचायत सचिवों के माध्यम से पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक, केनरा बैंक, हाथरस को जनपद की समस्त बैंकों के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए जाने हेतु आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा ग्राम पंचायतों एवं बैंक शाखाओं के माध्यम से व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर अधिकतम पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए जाएं, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी, जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने प्रशिक्षण स्थल का किया औचक निरीक्षण

कासगंज। जनपद कासगंज में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने डायट स्थित जयपुरिया स्कूल, कासगंज में संचालित प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में उपस्थित कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध राष्ट्रीय दायित्व है।

सभी कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक ग्रहण करें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी शुद्धता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

सुभाषित

जो सज्जनताका अतिक्रमण करता है उसकी आयु, संपत्ति, यश, धर्म, पुण्य, आशीष, श्रेय सभी कुछ नष्ट हो जाते हैं।

❒ विदुर नीति

अर्नब का कहर

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्टके अनुसार चक्रवाती तूफान 'अर्नब' शुक्रवारको प्रातःकालसे अब समुद्रमें सक्रिय चक्रवात नहीं है, लेकिन इसके अवशेषोंसे पूर्वी और मध्य भारतमें वर्षाका दौर जारी है। २८ अक्तूबरको अर्नबने आंध्रप्रदेशके नरसापुरके निकट तट पार किया था। तटसे टकराते समय यह अत्यन्त गम्भीर चक्रवाती तूफान था और हवाओंकी अधिकतम गति लगभग १२५-१३५ किलोमीटर प्रतिघण्टा रही, जबकि झोंकोकी गति लगभग १५० किलोमीटर प्रतिघण्टातक पहुंची थी। २९ अक्तूबरको इसका अवशेष दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे दक्षिण ओडिशाके ऊपर निम्न दबावके रूपमें रहा। इसके बावजूद अर्नबका प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है। ओडिशा और छत्तीसगढ़में ३१ अक्तूबरतक भारीसे बहुत भारी वर्षाकी आशंका जतायी गयी है। इसके अवशेषोंकी नरमी उत्तरकी ओर पहुंचनेसे दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तर भारतके कुछ हिस्सोंमें वर्षा और हिमालयी क्षेत्रोंमें बर्फबारीकी स्थिति बनी हुई है। अर्नबसे प्रभावित राज्योंमें क्षति पहुंची है, लेकिन आंध्रप्रदेश और ओडिशामें व्यापक क्षति हुई है। पानी, बिजलीकी आपूर्ति तथा ट्रेन, बस और विमान सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं। १५ हजारसे अधिक बिजलीके खम्भे क्षतिग्रस्त हुए हैं। काफी संख्यामें पेड़, मकान और फसलें क्षतिग्रस्त हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारकी तैयारीका स्तर काफी अच्छा रहा जिससे जन-धनकी क्षति अपेक्षाकृत कम हुई है। लाखों लोगोंको सुरक्षित स्थानोंपर ले जाया गया। अर्नबके अवशेषोंके प्रभावकी आशंका पहले ही जता दी गयी थी। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार भी शामिल है। विश्वनीय रिपोर्टोंको देखते हुए कहा जा सकता है कि चक्रवात अर्नब केवल मौसमी घटना नहीं है, बल्कि भारतकी आपदा-प्रबन्धन क्षमता, तटीय अर्थव्यवस्था और जलवायु-जोखिमके सन्दर्भमें महत्वपूर्ण घटनाके रूपमें देखा जाना चाहिए। अर्नबके कारण हुई वास्तविक क्षतिका आकलन अभी होना है। खेती, बागवानी, सड़क, पुलिया, राजमार्गोंको व्यापक नुकसान हुआ है। बिजली व्यवस्थाको विशेष क्षति पहुंची है। कितने लोगोंकी मृत्यु हई है, इसका वास्तविक आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। तूफानका कृषि क्षेत्रपर सबसे बड़ा आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। अर्नबसे कृषि-आर्थिकीपर बड़ा झटका माना जाना चाहिए। पूर्वी भारतके कई क्षेत्रोंमें वर्षाका प्रभाव बना हुआ है। चक्रवातके पश्चात् सबसे बड़ी चुनौती उत्पन्न होने वाली है। केन्द्र और राज्य सरकारोंको मिलकर इस दिशामें कार्य करना होगा। क्षतिका वास्तविक आकलन शीघ्रतासे होना चाहिए।

एटीएसकी बड़ी सफलता

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (यूपी एटीएस) का फर्जी ई-मेल आईडी बनाने वाले नेटवर्कका पर्दाफाश करना, देशको अस्थिर करने वाली शक्तियोंपर अंकुश लगानेकी दिशामें महत्वपूर्ण सफलता मानी जायगी। इस सम्बन्धमें एटीएसने कानपुर नगरसे एक २४ वर्षीय युवकको गिरफ्तार किया है जिसके ई-मेल आईडीका इस्तेमाल नोएडा, दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम और मुम्बईमें स्कूलों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानोंको बमसे उड़ानेकी धमकी देनेके लिए किया गया था। इन धमकियोंमें सिंगर दिलजीत सिंह दोसांझके दिल्ली एनसीआरमें प्रस्तावित शो और बालीवुड अभिनेताके घरको निशाना बनानेकी धमकी भी शामिल है। खास बात यह है कि इस गिरोहके जाल पाकिस्तान, बंगलादेश समेत अन्य देशोंतक फैला है। गिरफ्तार आरोपी वर्ष २०२१ से फर्जी ई-मेल आईडी बनानेका काम कर रहा था। उसके पाससे जो लैपटाप बरामद किया गया है उसमें करीब पांच लाख ई-मेल आईडी मिले हैं, जो गम्भीर चिन्ताकी बात है। वह अपनी पहचान छिपानेके लिए वाई-फाई और प्राक्सी नेटवर्कका इस्तेमाल करता रहा। इन आईडीको सोशल मीडियाके फेसबुकसे जुड़े ग्रुप्सके जरिये बेच रहा था और बाइनेंस क्रिप्टो वालेटके जरिये भुगतान लेता था। पूछताछमें जो तथ्य सामने आये हैं वह चौंकाने वाले हैं। यह पूरा खेल अन्तरराष्ट्रीय स्तरपर संचालित था। पाकिस्तान, बंगलादेश समेत तुर्किये, मिस्र और अन्य देशोंके लोगों एवं समूहोंसे सम्पर्क भी सामने आये हैं, जो देशकी शान्ति, सुरक्षाके लिए बड़ा खतरा है, क्योंकि उसके मोबाइलमें आतंकी समूहोंके भी नाम हैं जिनसे धमकीभरे सन्देश भेजे गये थे। इन सबकी गहरायीसे जांच शुरू कर दी गयी है। देशविरोधी गतिविधियोंपर अंकुश लगानेके लिए यूपी एटीएसकी लगातार सक्रियता सराहनीय है। केन्द्रसे भी जानकारी साझा करनेकी जरूरत है, ताकि इन्हें समूल नष्ट किया जा सके।

लोक संवाद

राजनीति के बदलते संकेत

महोदय,-उत्तर प्रदेशके विधान परिषद चुनावके परिणाम केवल कुछ सीटोंपर उम्मीदवारोंकी जीत और हारकी कहानी नहीं हैं, बल्कि इनके निहितार्थ बहुत गहरे हैं। २०२७ के विधानसभा चुनावसे पहले आये इन नतीजोंने प्रदेशकी राजनीतिमें नये सवाल खड़े कर दिये हैं। 11 विधान परिषद सीटोंके लिए हुए चुनावमें भारतीय जनता पार्टीने छह और समाजवादी पार्टीने पांच सीटें हासिल कीं। इन परिणामोंने स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेशकी राजनीतिक जमीनपर सत्तापक्ष और विपक्षके बीच मुकाबला लगातार महत्वपूर्ण बना हुआ है। पहला निहितार्थ सत्तापक्षके लिए आत्ममंथनका है। भाजपाने छह सीटें जीतकर अपना आधार बनाये रखा लेकिन वाराणसी और लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रोंमें मिली पराजयने राजनीतिक विश्लेषणकी नयी गुंजाइश पैदा की है। विशेष रूपसे वाराणसी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीका संसदीय क्षेत्र है। यहां समाजवादी पार्टीकी सफलताको केवल एक सीटकी जीत मानकर नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। हालांकि विधान परिषदके चुनावका मतदाता वर्ग विधानसभा चुनावसे अलग होता है इसलिए इन परिणामोंको पूरे प्रदेशकी जन-भावनाका सीधा प्रतिबिंब मानना उचित नहीं होगा। दूसरा निहितार्थ विपक्षके मनोबलसे जुड़ा है। समाजवादी पार्टीने पांच सीटें जीतकर यह संकेत दिया है कि वह अपने संघटन और समर्थक वर्गके बीच सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति बनाये हुए है। विपक्षके लिए यह परिणाम आगामी विधानसभा चुनावकी तैयारियोंको गति देनेका अवसर बन सकता है। लेकिन विधान परिषदमें मिली सफलताको विधानसभा चुनावमें जीतकी गारंटी समझना भी राजनीतिक भूल होगी। तीसरा निहितार्थ शिक्षकों और स्नातकोंके मुद्दोंसे संबंधित है। विधान परिषदकी इन सीटोंपर शिक्षक और स्नातक मतदाता अपनी विशेष भूमिका निभाते हैं। शिक्षाकी गुणवत्ता शिक्षकोंकी समस्याएं रोजगारके अवसर विश्वविद्यालयोंकी स्थिति और युवाओंके भविष्य जैसे मुद्दे इस चुनावके व्यापक संदर्भका हिस्सा हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियोंके सामने अब चुनौती होगी कि वे इन वर्गोंकी अपेक्षाओंको सदनमें प्रभावी ढंगसे उठायें। चौथा निहितार्थ संघटनात्मक क्षमता और स्थानीय नेतृत्वसे जुड़ा है। चुनाव परिणाम बताते हैं कि स्थानीय स्तरपर उम्मीदवारोंकी स्वीकार्यता संघटनकी सक्रियता और मतदाताओंसे संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केवल बड़े नेताओंके प्रभावके भरोसे चुनावी सफलता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। राजनीतिक दलोंको स्थानीय समस्याओं और मतदाताओंकी अपेक्षाओंको समझना होगा। पांचवां और सबसे महत्वपूर्ण निहितार्थ २०२७ के विधानसभा चुनावकी रणनीतिसे जुड़ा है। इन नतीजोंसे भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनोंको अपनी राजनीतिक तैयारियोंकी समीक्षा करनेका अवसर मिला है। भाजपाके सामने अपने समर्थन आधारको मजबूत बनाये रखनेकी चुनौती है जबकि समाजवादी पार्टीके सामने इस सफलताको व्यापक जनसंपर्क और संघटनात्मक मजबूतीमें बदलनेका प्रश्न है। अंततः एमएलसी चुनावके नतीजोंको न तो सत्तापक्षके लिए अंतिम चेतावनी मानना चाहिए और न ही विपक्षके लिए आगामी विजयका प्रमाण। लोकतंत्रमें प्रत्येक चुनाव अपने साथ कुछ संदेश लेकर आता है। इन संदेशोंको समझनेके लिए आंकड़ोंके साथ मतदाता वर्ग स्थानीय परिस्थितियों और जनहितके मुद्दोंका भी विश्लेषण आवश्यक है। उत्तर प्रदेशकी राजनीतिमें इन परिणामोंका वास्तविक महत्व इस बातसे तय होगा कि राजनीतिक दल जनताकी अपेक्षाओंको कितनी गम्भीरतासे समझते हैं और उन्हें पूरा करनेके लिए क्या कदम उठाते हैं। -सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।

ट्रम्प से असंतुष्ट अमेरिकी मतदाता

लगभग ६८ प्रतिशत मतदाता ट्रम्पके कामकाजसे और ७१ प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकोंमें ट्रम्पके प्रति कड़ी नाराजगी देखी गयी है। अमेरिकाका मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवनयापनकी बढ़ती लागतको लेकर ट्रम्पको कोसना शुरू कर चुका है।

❒ पुष्परंजन

अमेरिकी मध्यावधि चुनावका काउंटडाउन शुरू हो चुका है। मतदान ३ नवंबरको है। ट्रम्प मध्यावधि चुनाव हार भी जाते हैं, फिर भी उनकी कुर्सी आसानीसे नहीं जायगी। ट्रम्पने खुद आशंका जतायी है कि यदि डेमोक्रेट्स कांग्रेसपर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं तो वे उनपर महाभियोग चलानेकी कोशिश कर सकते हैं। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी प्रतिनिधि सभा या सीनेटमें बहुमत पा लेती है तो ट्रम्पके लिए बजट या नीतियां पास कराना बेहद मुश्किल हो जायगा। हालांकि उनके पास वीटोकी शक्ति होगी, जिसका इस्तेमाल वे किसी भी बिलको रोकनेके लिए कर सकते हैं। बहुमत खोनेकी स्थितिमें विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रम्प प्रशासनकी नीतियोंकी संसदीय जांच शुरू कर सकती है, जिससे उनकी राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आज भी ऑर्थोडॉक्स यहूदी समुदायके लगभग ७० प्रतिशतसे अधिक मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टीका खुलकर समर्थन करते हैं। इनका मिजाज बदलता नहीं दिख रहा। लेकिन जो बदल रहे हैं, वे हैं ब्लैक, हिस्पैनिक, यहूदी, मुस्लिम, ह्वाइट वर्किंग-क्लास और इवेंजेलिकल मतदाता। २०२४ में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पको चुननेमें इनका बड़ा योगदान था। स्विचर वोटर्सका अब ट्रम्प प्रशासनसे मोहभंग हुआ है। ट्रम्प अमूमन अमेरिका फर्स्ट और नेशनल इंटरेस्ट जैसे शब्द इस्तेमाल करते रहे। लेकिन जब परिवारके बजटपर दबाव पड़ता है तो ये टोटके बकवास लगने लगते हैं।

ट्रम्प यदि मध्यावधि चुनाव जीत गये, तब तो मानकर चलिये, तेहरानकी खैर नहीं होगी। अगले दो वर्षोंतक ट्रम्प ईरान जैसे कुछ और युद्ध वाले इलाके सृजित कर लेंगे। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टीका संसदके दोनों सदनों (प्रतिनिधि सभा और सीनेट) पर नियंत्रण बना रहेगा, जिससे ट्रम्प अपने एजेंडे, टैक्स सुधारों और नीतियोंको आसानीसे आगे बढ़ा सकेंगे। ट्रम्पपर महाभियोग चलाने की संभावना काफी कम हो जायगी। जीत गये तो वादेके अनुसार २७ करोड़ १५ लाख अमेरिकी वयस्कोंको ५,००० डालरका चेक देना पड़ेगा। इससे सरकारी खजानेपर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है। हालिया सर्वेक्षणोंपर यकीन करें तो लगभग ८७ प्रतिशत डेमोक्रेटिक मतदाता ट्रम्पके कामकाज और उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। करीब ७२ प्रतिशत अश्वेत मतदाता ट्रम्पके कुल कामकाजको नापसंद करते हैं। राष्ट्रीय स्तरपर स्वतंत्र मतदाताओंका एक बड़ा हिस्सा ट्रम्पसे निराश है।



भारत-अमेरिका व्यापार संधिको ट्रम्प प्रशासनने अत्यधिक जटिल बना रखा है। ट्रम्प प्रशासनकी ओरसे समय-समयपर टैरिफ दरों और शर्तोंमें बदलावसे दोनों पक्षोंके बीच भरोसा कायम करनेमें चुनौतियां आयी हैं। अब ट्रम्प मध्यावधि चुनावमें जीतें या हारें, उससे पीएम मोदीको क्या करना है, बल्कि ट्रम्प यदि हारते हैं तो मोदीपर उनके प्रहारकी धार कम हो जायगी। २०२० में ट्रम्पकी जीतके लिए भारतमें विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महायज्ञ किये गये थे। सवाल है अब ये हिन्दू संघटन ट्रम्पके लिए पूजा-पाठ, हवन इत्यादि क्यों नहीं करवा रहे।

लगभग ६८ प्रतिशत स्वतंत्र मतदाता ट्रम्पके कामकाजसे और ७१ प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। जेन-जी श्रेणीके युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकोंमें ट्रम्पके प्रति कड़ी नाराजगी देखी गयी है। अमेरिकाका मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवनयापनकी बढ़ती लागतको लेकर ट्रम्पको कोसना शुरू कर चुका है।

एशियाई अमेरिकी और पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) मतदाता अमेरिकी मतदाताओंके सबसे विविध समूहोंमेंसे एक हैं। 'आपी' मतदाताओंका वर्ग सबसे तेजीसे बढ़ रहा है। एएपीआई (आपी) समुदायमें लगभग १.७ करोड़ योग्य मतदाता हैं, जिनमेंसे ५६ प्रतिशतने २०२४ में अपना वोट डाला था। द एसोसिएटेड प्रेस-नॉर्क सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च (एपी-नॉर्क-एएपीआई) के एक नये पोलके अनुसार ३ नवंबरके मध्यावधि चुनावोंके करीब आते-आते एशियाई अमेरिकी, मूल हवाईयन और प्रशांत द्वीपवासी रिपब्लिकन पार्टीसे और अधिक निराश हो गये हैं। एपी-नॉर्क-एएपीआई द्वारा ८ से १५ सितंबर २०२६ के बीच किये गये सर्वेक्षणसे पता चलता है कि ट्रम्पके दूसरे कार्यकालके दौरान अर्थव्यवस्थाको लेकर उनकी छवि खराब हुई है। इन वयस्कोंमेंसे लगभग एक-चौथाई लोग ही राष्ट्रपतिके रूपमें ट्रम्पके कामकाजके तरीकेको पसंद करते हैं। अर्थव्यवस्थाके मोर्चेपर उनके प्रदर्शनको केवल दस मेंसे दो लोग ही सही मानते हैं, जबकि एएपीआई समूहके अधिकांश वयस्क इसे आगामी चुनावके सबसे महत्वपूर्ण मुद्दोंमेंसे एक मानते हैं। आयोवाके कॉर्निंगमें रहने वाली ४५ वर्षीय कोरियाई अमेरिकी रेबेका लारोकोने २०१६ में ट्रम्पको वोट दिया था, लेकिन अर्थव्यवस्थाको संभालनेके उनके तरीकेको लेकर आश्वस्त नहीं हैं, खासकर ऐसे समयमें जब ईरान युद्धके कारण पेट्रोल-डीजलकी कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले तीन प्रेसिडेंशियल साइकिलमें लगभग ६,२०,००० नये मतदाता बने, जिनमें कैलिफोर्निया, हवाई, इलिनोइस, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, नेवादा, ओरेगन, वर्जीनिया, टेक्सास और वाशिंगटन जैसे राज्योंमें इनकी ताकत बढ़ी या यूं कहें कि पांच फीसदी नये आपी मतदाता नयी ताकत बने। ट्रम्पने शुरूमें अपने स्तरपर कुछ प्रमुख पदोंपर आपी समूहके व्यक्तियों (जैसे-तुलसी गबार्ड, काश पटेल) को नियुक्त किया था। लेकिन यह बहुत टिकाऊ साबित नहीं हुआ। तुलसी गबार्डने स्वयं २२ मई, २०२६ को राष्ट्रीय खुफिया निदेशकके पदसे इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफेकी मुख्य वजह अपने पति अब्राहम विलियम्सका बोन कैंसरसे पीड़ित होना बतायी थी, जिसके चलते वह अपने परिवारके साथ रहना चाहती थीं। रिपोर्टोंमें यह भी कहा गया था कि ईरान नीति और विदेशी मामलोंपर उनके डोनाल्ड ट्रम्पसे मतभेद थे और उन्हें बड़े फैसलोंसे दरकिनार किया जा रहा था। काश पटेल अब भी एफबीआईके निदेशकके पदपर बने हुए हैं। हालांकि अप्रैल २०२६ में उनकी कार्यशैली, शराबकी लत और अनुपस्थितिको लेकर द अटलांटिककी एक रिपोर्टके बाद उनके इस्तीफे या हटाये जानेकी अटकलें जरूर तेज हुई थीं। फिर भी, काश पटेलको ट्रम्पने लो-प्रोफाइलमें रखा है। यह जगजाहिर है कि ट्रम्प और प्रधान मंत्री मोदीके 'माई डियर फ्रेंड' वाले रिश्ते सहज नहीं रहे। २२ सितंबर २०१९ को ह्यूस्टनके एनआरजी स्टेडियममें आयोजित 'हाउडी मोदी' जैसे मेगा इवेंटका इतिहास दोहराया नहीं जा सका। रूससे लगातार कच्चा तेल खरीदना भी दोनों नेताओंके बीच अनबनकी एक बड़ी वजह बनी। भारत-पाकिस्तानके बीच युद्धविराम करानेकी दावेदारी और एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादित विषयोंको उठाकर ट्रम्प प्रधान मंत्री मोदीपर मानसिक दबाव बनाते रहे।

भारत-अमेरिका व्यापार संधिको ट्रम्प प्रशासनने अत्यधिक जटिल बना रखा है। ट्रम्प प्रशासनकी ओरसे समय-समयपर टैरिफ दरों और शर्तोंमें बदलाव (जैसे-दस प्रतिशत, १५ प्रतिशत, १९ प्रतिशत या २५ प्रतिशत तकके जवाबी शुल्कका मुद्दा) से दोनों पक्षोंके बीच भरोसा कायम करनेमें चुनौतियां आयी हैं। अब ट्रम्प मध्यावधि चुनावमें जीतें या हारें, उससे पीएम मोदीको क्या करना है, बल्कि ट्रम्प यदि हारते हैं तो मोदीपर उनके प्रहारकी धार कम हो जायगी। आप २०२० का मंजर याद कीजिए। ट्रम्पकी जीतके लिए भारतमें पुजारियों और हिन्दू समूहों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महायज्ञ किये गये थे। सवाल है अब ये हिन्दू संघटन ट्रम्पके लिए पूजा-पाठ, हवन इत्यादि क्यों नहीं करवा रहे।

संघटनात्मक आत्ममंथन का अवसर

बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर मतदानका माध्यम बदला, लेकिन लोकतंत्रकी मूल कसौटियां नहीं बदलीं। मतदाता का विश्वास, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, पारदर्शी मतगणना और परिणामोंकी विश्वसनीयता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

❒ महेन्द्र तिवारी

पिछले कुछ समयसे इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंकी विश्वसनीयताको लेकर राजनीतिक बहस चल रही है। विपक्षके कई नेता बैलेट पेपरसे चुनाव करानेकी मांग करते रहे हैं। ऐसेमें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटकमें विधान परिषदकी २८ सीटोंके लिए बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंने एक बार फिर इस बहसको तेज कर दिया है। सवाल यह है कि बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर आखिर क्या बदला। क्या इससे चुनावी व्यवस्थाकी विश्वसनीयता साबित हुई। २३ अक्तूबर २०२६ को चार राज्योंमें विधान परिषदकी शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंकी सीटोंके लिए मतदान हुआ। इन चुनावोंमें इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंके स्थानपर मतपत्रोंका इस्तेमाल किया गया। मतगणनाके दौरान भाजपा और उसके सहयोगियोंने कई सीटोंपर सफलता प्राप्त की। सपाने उत्तर प्रदेशमें अपनी उपस्थिति मजबूत की, जबकि बिहारमें जन सुराज पार्टीने भी विधान परिषदमें अपना खाता खोला। कांग्रेसको शुरुआती परिणामोंमें किसी सीटपर सफलता नहीं मिली। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने इसी स्थितिका उल्लेख करते हुए कांग्रेसपर राजनीतिक टिप्पणी की और सवाल किया कि बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंमें पार्टी कितनी सीटें जीत पायी। इस टिप्पणीने मतदान प्रणालीको लेकर चल रही बहसको फिर चर्चामें ला दिया।

हालांकि अंतिम परिणामोंने इस राजनीतिक चर्चाको एक नया मोड़ दिया। महाराष्ट्रके नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्रमें कांग्रेसके अभिजीत वंजारीने भाजपाके सुधाकर कोहलेको ३२७१ मतोंसे पराजित कर दिया। इस सीटपर मतगणना लम्बी चली और दूसरी वरीयताके मतोंकी गणनाके बाद परिणाम सामने आया। नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघका मुख्यालय होनेके साथ महाराष्ट्रके मुख्य मंत्री देवेन्द्र फडणवीस और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरीका गृहक्षेत्र भी है। ऐसे क्षेत्रमें कांग्रेसकी जीतने भाजपाके लिए राजनीतिक चुनौती खड़ी की। इससे स्पष्ट होता है कि चुनावके शुरुआती रुझानों और अंतिम परिणामोंमें अन्तर हो सकता है। इन चुनावोंसे पहला बदलाव मतदानके तरीकेमें दिखाई दिया। इलेक्ट्रॉनिक मशीनोंके स्थानपर मतपत्रोंका उपयोग किया गया। लेकिन केवल मतदानका माध्यम बदलनेसे मतदाताओंकी राजनीतिक पसंद नहीं बदल जाती। मतदाता किसी उम्मीदवारको उसकी लोकप्रियता, राजनीतिक विचारधारा, स्थानीय कामकाज, संघटनकी सक्रियता और अपनी समस्याओंके समाधानकी उम्मीदके आधारपर चुनते हैं। इस दृष्टिसे बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंने यह नहीं बताया कि कौन-सी मतदान प्रणाली राजनीतिक दलोंको अधिक सीटें दिलाती है। उन्होंने केवल यह दिखाया कि मतपत्रोंसे मतदान होनेपर भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और उम्मीदवारोंकी क्षमता महत्वपूर्ण बने रहते हैं। दूसरा बदलाव राजनीतिक बहसमें दिखाई दिया। विपक्ष लम्बे समयसे इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंकी विश्वसनीयतापर सवाल उठाता रहा है। ऐसेमें बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंके परिणामोंको भाजपाने विपक्षकी दलीलोंके जवाबके रूपमें प्रस्तुत किया। उसका तर्क रहा कि जब मतपत्रोंसे चुनाव हुए, तब भी कांग्रेसको अपेक्षित सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर विपक्ष यह कह सकता है कि विधान परिषदके सीमित निर्वाचन क्षेत्रोंके परिणामोंकी तुलना लोकसभा और विधानसभा चुनावोंसे सीधे नहीं की जा सकती। दोनों पक्षोंकी दलीलोंको समझते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी राजनीतिक दलकी हार अपने आपमें मतदान प्रणालीमें गड़बड़ी या उसकी पूर्ण निष्पक्षताका प्रमाण नहीं होती। तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष विधान परिषदके चुनावोंका स्वरूप है। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंमें सामान्य मतदाताओंके बजाय निर्धारित पात्रता वाले मतदाता मतदान करते हैं। इन क्षेत्रोंमें शिक्षकों, शिक्षाविदों और पंजीकृत स्नातकोंकी समस्याएं चुनावी निर्णयको प्रभावित करती हैं। इसलिए इन चुनावोंको पूरे देशके मतदाताओंकी राजनीतिक पसंदका प्रतिनिधि मानना उचित नहीं होगा। लोकसभा चुनावोंमें मतदाताओंका दायरा कहीं अधिक व्यापक होता है और राष्ट्रीय नेतृत्व, महंगी, रोजगार, कृषि, सुरक्षा तथा शासन जैसे मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

अब प्रश्न उठता है कि क्या बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर चुनावी पारदर्शिता बढ़ जाती है। इसका उत्तर केवल चुनाव परिणाम देखकर नहीं दिया जा सकता। मतपत्रोंके माध्यमसे मतदानमें मतदाता अपनी पसन्द कागजपर दर्ज करता है। इससे मतोंकी भौतिक जांचकी सुविधा मिल सकती है, लेकिन मतपत्रोंकी छपाई, सुरक्षित परिवहन, भंडारण, मतगणना और अमान्य मतोंका निर्धारण जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंमें तकनीकी सुरक्षा, निर्धारित जांच, सुरक्षित रखरखाव और प्रक्रियाकी निगरानी महत्वपूर्ण होती है। किसी भी प्रणालीकी विश्वसनीयता उसके सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता और शिकायतोंके निष्पक्ष निवारणपर निर्भर करती है। निष्पक्ष चुनावके लिए मतदाता सूचीकी शुद्धता, उम्मीदवारोंको समान अवसर, मतदान केन्द्रोंकी व्यवस्था, मतदाताओंकी स्वतंत्रता, चुनाव अधिकारियोंकी निष्पक्षता और मतगणनाकी विश्वसनीयता भी आवश्यक हैं। यदि इन पहलुओंमें कोई कमी हो तो केवल बैलेट पेपर अपना आपमें हर समस्याका समाधान नहीं बन सकता। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंके इस्तेमाल मात्रसे हर चुनाव स्वतः निष्पक्ष सिद्ध नहीं हो जाता। किसी भी आरोपका निर्णय राजनीतिक बयानबाजीके बजाय प्रमाणों और निर्धारित जांच प्रक्रियाके आधारपर होना चाहिए। कांग्रेसके लिए इन चुनावोंका परिणाम संघटनात्मक आत्ममंथनका अवसर है। पार्टीको यह समझना होगा कि केवल मतदान प्रणालीपर सवाल उठानेसे मतदाताओंका समर्थन प्राप्त नहीं होता। स्थानीय नेतृत्व, प्रभावी उम्मीदवारोंका चयन, कार्यकर्ताओंकी सक्रियता और जनतासे नियमित संवाद भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अंततः बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर मतदानका माध्यम बदला, लेकिन लोकतंत्रकी मूल कसौटियां नहीं बदलीं। मतदाताका विश्वास, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, पारदर्शी मतगणना और परिणामोंकी विश्वसनीयता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। नागपुरमें कांग्रेसकी जीत यह भी बताती है कि शुरुआती रुझान अंतिम निर्णय नहीं होते और चुनावी मुकाबलेमें अंतिम मतगणनातक प्रतीक्षा करनी चाहिए। इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर किस दलको कितनी सीटें मिलीं, बल्कि यह है कि क्या चुनाव प्रक्रियापर जनताका विश्वास मजबूत हुआ। लोकतंत्रकी सफलता किसी एक दलकी जीत या हारसे नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्थासे तय होती है जिसमें प्रत्येक मतदाताका मत सुरक्षित रहे, हर शिकायतकी निष्पक्ष जांच हो और राजनीतिक दल प्रमाणोंका सम्मान करते हुए जनताके निर्णयको स्वीकार करें। मतदानका माध्यम चाहे कोई भी हो, लोकतंत्रकी वास्तविक जीत तभी होगी जब चुनाव निष्पक्ष हों और जनताका विश्वास कायम रहे।



प्रेम भावसे प्रार्थना

❒ ओशो

प्रेम यदि पाप है तो पुण्य असंभव है। क्योंकि पुण्यका सार प्रेमके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं। तथाकथित साधु, महात्मा यही कहते हैं कि प्रेम पाप है और वह ऐसी व्यर्थकी बात कहते रहे हैं, लेकिन इन्होंने इतने लंबे अरसेसे कही है कि उसकी व्यर्थता, उसका विरोधाभास दिखाई नहीं पड़ता। प्रेमको तो वह पाप कहते हैं और प्रार्थनाको पुण्य कहते हैं और तुमने कभी गौरसे नहीं देखा कि यदि प्रेम पाप है तो प्रार्थना भी पाप हो जायगी। क्योंकि प्रार्थना प्रेमका ही परिशुद्ध रूप है। माना कि प्रेममें कुछ अशुद्धियां हैं, लेकिन पाप नहीं है। सोना यदि अशुद्ध हो तो भी लोहा नहीं है। सोना अशुद्ध हो तो भी सोना है। अशुद्ध होकर भी सोना, सोना है। रही शुद्ध करनेकी बात, सो शुद्ध कर लेंगे। कूड़े, कर्कटको जला देंगे, सोनेको आगसे गुजार लेंगे, जो व्यर्थ है जल जायगा आगमें, जो सार है, जो शुद्ध है बच जायगा। प्रेम और प्रार्थनामें उतना ही फर्क है जितना अशुद्ध सोने और शुद्ध सोनेमें। परन्तु दोनों ही सोना हैं। अतीतने प्रार्थना और प्रेमको अलग-अलग तोड़ दिया था और उसका दुष्परिणाम यह हुआ कि प्रेम कलुषित हो गया। एक तरफ प्रेमको अपराध बना दिया तो जो प्रेममें थे, उनकी आत्माका अपमान किया, उनके भीतर आत्मनिंदा पैदा कर दी और इस जगतमें इससे बड़ी कोई दुर्घटना नहीं है कि किसी व्यक्तिके भीतर आत्मनिंदा पैदा हो जाय। प्रेम पाप है तो जो भी प्रेम करते हैं, सब पापी हैं और कौन है जो प्रेम नहीं करता। कोई पत्नीको करता है, कोई पतिको, कोई बेटेको, कोई भाईको, कोई मित्रको। शिष्य भी तो गुरुको प्रेम करते हैं! गुरु भी शिष्योंको प्रेम करता है! यहां जितने संबंध हैं, वह सारे संबंध मात्र प्रेमके हैं। हमने प्रेमको पापी कर दिया। सारा संसार हमने पापसे भर दिया, एक छोटी-सी भूल करके कि प्रेम पाप है। दूसरा दुष्परिणाम हुआ है कि जब प्रेम पाप हो गया तो प्रार्थना हमारी थोथी हो गयी, उसमें प्राण न रहे, औपचारिक हो गयी। प्राण तो प्रेमसे मिल सकते थे तो प्रेमको तो हमने पाप कह दिया। जीवन तो प्रेमसे मिलता है। प्रार्थनाके द्वार बंद कर दिये। प्रेमकी ही भूमिसे प्रार्थना रस पाती है तो हमने भूमिको निंदित कर दिया और प्रार्थनाके वृक्षको भूमिसे अलग कर लिया। भूमि वृक्षहीन हो गयी और वृक्ष मुर्दा हो गया। मैं घोषणा करता हूं कि प्रेम पुण्य है। विरहकी अग्निसे गुजारो इसे और तुम धीरे-धीरे पाओगे कि तुम्हारे हाथोंमें प्रार्थनाका पक्षी लग गया है, जिसके पंख हैं, जो आकाशमें उड़ सकता है। जो इतना हल्का है! क्योंकि सारा बोझ कट गया, सारी व्यर्थता गिर गयी। जिस दिन प्रार्थनाको अनुभव कर पाओगे, उस दिन तुम धन्यवाद दोगे अपने सारे प्रेमके संबंधोंको, क्योंकि उनके बिना तुम प्रार्थनातक कभी नहीं आ सकते थे। प्रेम जब प्रार्थना बनता है तो परमात्माके द्वार खुलते हैं। अपने अंतःकरणमें उस परमात्माको बसा कर सच्चे हृदयसे की गयी प्रार्थना हमेशा सफल होती है।

हादसों पर लगाम लगायेगी आधुनिक तकनीक

❒ अली खान

एईबीएसका सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि यह मानव भूलके कारण होने वाले गम्भीर हादसों और उनसे होने वाली मौतोंकी संख्यामें भारी कमी लायेगा। इसके लागू होनेसे न केवल कारोंमें बैठे यात्रियोंकी जान सुरक्षित होगी, बल्कि पैदल चलने वालों और दोपहिया सवारोंको भी सुरक्षा मिलेगी। सड़क हादसोंमें लगातार बढ़ती मौतों और घातक दुर्घटनाओंपर लगाम लगानेके उद्देश्यसे भारत सरकारने एक बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है। केन्द्र सरकारके सड़क परिवहन मंत्रालयने प्रस्ताव पारित किया है कि अक्तूबर २०३० से देशमें बनने वाले सभी नये कार मॉडलोंमें 'एडवांस इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम' को अनिवार्य रूपसे लागू किया जायगा। अबतक केवल महंगी और लग्जरी कारोंतक सीमित रहने वाली यह प्रीमियम सुरक्षा तकनीक अब आम बजटकी चार पहिया गाड़ियोंका भी हिस्सा बनेगी। नये नियमोंके ड्राफ्ट नोटिफिकेशनके मुताबिक १ अक्तूबर, २०३० या उसके बाद आने वाले एम१ श्रेणीके सभी नये कार मॉडलोंमें एईबीएसका होना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा जो मौजूदा कार मॉडल इस समय-सीमाके बाद भी बनते रहेंगे, उन्हें यह तकनीक अपनानेके लिए अतिरिक्त समय दिया गया है और उनके लिए यह नियम अक्तूबर, २०३२ से प्रभावी होगा। सरकारने केवल कारों ही नहीं, बल्कि मध्यम और भारी व्यावसायिक वाहनोंके लिए भी कड़े नियम तय किये हैं, जिसके तहत १ अक्तूबर, २०२७ से ट्रकोंके लिए संशोधित ब्रेकिंग मानक और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल सिस्टमको अनिवार्य कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एडवांस इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम एक अत्यधिक आधुनिक और एआई-संचालित एक्टिव सेफ्टी तकनीक है, जो सड़कपर आगे चल रहे वाहनों, पैदल यात्रियों या अचानक आयी किसी बाधाको रियल-टाइममें ट्रैक करती है। यह सिस्टम गाड़ीके अगले हिस्सेमें लगे उच्च क्षमता वाले रडार, लिडार सेंसर और कैमरोंका उपयोग करके लगातार सामनेके ट्रैफिक और दूरीका विश्लेषण करता रहता है। जब कोई दूसरा वाहन या बाधा अचानक गाड़ीके सामने आ जाती है और चालक द्वारा समयपर कोई प्रतिक्रिया (जैसे ब्रेक लगाना या स्टेयरिंग मोड़ना) नहीं दी जाती तो एईबीएस तुरन्त एक्टिव हो जाता है। यह सिस्टम पहले चालकको डैशबोर्डपर विजुअल लाइट और अलर्ट साउंडके जरिये चेतावनी देता है। यदि चालक इसके बाद भी कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं देता है तो सिस्टम वाहनके ऑन-बोर्ड कम्प्यूटरको सन्देश भेजकर ऑटोमैटिकली इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक चालू कर देता है। यह पूरी प्रक्रिया एक सेकंडके भी छोटे हिस्सेमें पूरी हो जाती है, जिससे तेज रफ्तार गाड़ी समय रहते रुक जाती है या उसकी गति इतनी कम हो जाती है कि टकरानेका जोखिम न के बराबर रह जाता है।

यदि हम सड़क सुरक्षा और भारतीय यातायातपर एईबीएसके दूरगामी प्रभावकी बात करें तो भारतीय सड़कोंपर एईबीएस और ट्रकोंमें इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल लागू होनेसे देशके ऑटोमोटिव सेक्टर और सड़क सुरक्षा परिदृश्यपर सकारात्मक और क्रांतिकारी प्रभाव देखनेको मिलेगा। सड़क हादसोंके आंकड़ोंपर नजर डालें तो एक बड़ी संख्यामें दुर्घटनाएं ड्राइवरकी झपकी लगने, ध्यान भटकने या तेज रफ्तारके कारण सही समयपर ब्रेक न लगा पानेकी वजहसे होती हैं। एईबीएसका सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि यह मानव भूलके कारण होने वाले गम्भीर हादसों और उनसे होने वाली मौतोंकी संख्यामें भारी कमी लायगा। इसके लागू होनेसे न केवल कारोंमें बैठे यात्रियोंकी जान सुरक्षित होगी, बल्कि पैदल चलने वालों और दोपहिया सवारोंको भी सुरक्षा मिलेगी। इसके साथ ही अक्तूबर, २०२७ से ट्रकोंमें इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल लगनेसे घुमावदार, खतरनाक और फिसलनभरे रास्तोंपर भारी वाहनोंके पलटनेकी आशंका बेहद कम हो जायगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गोंपर लगने वाले ट्रैफिक जाम और भयानक ट्रकोंकी टक्करोंमें कमी आयगी।

भारत सरकारका यह फैसला देशको वैश्विक सड़क सुरक्षा मानकोंके समतुल्य खड़ा करता है। यद्यपि शुरुआतमें कार और ट्रक निर्माताओंके लिए इन उन्नत तकनीकोंको अपने बेस मॉडलोंमें एकीकृत करना लागतके दृष्टिकोणसे एक चुनौती हो सकता है, लेकिन समयके साथ बड़े पैमानेपर उत्पादन होनेसे एईबीएस तकनीक काफी सस्ती और सुलभ हो जायगी। यह नीति न केवल कार खरीदारोंमें सुरक्षाके प्रति जागरूकता बढ़ायेगी, बल्कि भारतके ऑटोमोबाइल बाजारको अधिक सुरक्षित और तकनीक-संपन्न बनायेगी। एईबीएस जैसे फीचर्स तकनीक और मानवीय जीवनकी सुरक्षाका एक बेहतरीन संतुलन पेश करते हैं, जो आने वाले दशकोंमें भारतीय सड़कोंको सभी के लिए सुरक्षित, सुगम और दुर्घटना-मुक्त बनानेमें मीलका पत्थर साबित होंगे।

मखदूम में पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया गया: केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि रहे, करीब ८०० किसान और पशुपालक शामिल हुए किसान निधि की 24वीं किश्त जारी



मथुरा। भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान (सी. आई.आर.जी.), मखदूम, फरह, मथुरा के परिसर में शुक्रवार को पीएम-किसान उत्सव दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की २४वीं किस्त जारी किए जाने के समारोह का सीधा प्रसारण किया गया । इस अवसर पर माननीय श्री जयंत चौधरी जी, केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय तथा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में योगेश नौहवार, विधायक, सुभाष गर्ग, विधायक तथा प्रदीप चौधरी (गुड्डू), विधायक एवं जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रमुख श्री प्रीतम चौधरी सहित लगभग ८०० किसान एवं अन्य आगंत. ुक शामिल हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी जी ने किसानों के हित में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक कृषि एवं पशुपालन पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ाने और उपलब्ध सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया । बकरी पालन से जुड़े किसानों को एफ.पी.ओ एवं सेल्फ हेल्प ग्रुप बना कर स्वयं मार्केटिंग करने के लिए उत्साहित किया । संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने अपने संबोधन में किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि सी.आई.आर.जी. बकरी पालन एवं पशुधन आधारित आजीविका को सुदृढ़ बनाने के लिए अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से निरंतर कार्य कर रहा है । उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं तथा मृदा एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण टिकाऊ कृषि व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी जानकारियों का लाभ उठाने की अपील की । कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, मृदा की उर्वरता बनाए रखने तथा सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने के संबंध में वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई। इस क्रम में 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत भूमि एवं मृदा संसाधनों के संरक्षण, कृषि उत्पादन की स्थिरता तथा पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के विवे. कपूर्ण उपयोग तथा कृषि एवं पशुपालन के समन्वित मॉडल अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। संस्थान का उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवीन तकनीकों को किसानों तक पहुंचाकर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका को सुदृढ़ करना तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस आयोजन ने किसानों को केंद्र सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने, वैज्ञानिकों से सीधे संवाद स्थापित करने तथा आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

एसएसपी ने आधी रात को परखी पुलिस की मुस्तैदी, रात्रि गश्त में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

मथुरा। जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में एसएसपी श्लोक कुमार ने देर रात जनपद के विभिन्न थानों, यूपी-११२ कंट्रोल रूम और अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुए इस निरीक्षण से पुलिस महकमे में हलचल रही। एसएसपी ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थानों में रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और सतर्कता को परखा। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि रात्रि के समय गश्त व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील और अपराध संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। प्रमुख चौराहों, बाजारों, हाईवे और सुनसान इलाकों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाए, जिससे आपराधिक गति. विधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके। इसके बाद एसएसपी ने यूपी-११२ कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आपातकालीन कॉल पर पुलिस की प्रतिक्रिया और सूचनाओं के आदान-प्रदान की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और संबंधित पीआरवी को बिना देरी घटनास्थल के लिए रवाना किया जाए। पीआरवी वाहनों की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और पुलिसकर्मियों की तत्परता भी जांची गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रात्रि गश्त के दौरान पूरी सतर्कता बरतें और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमित चेकिंग करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और मुस्तैदी के साथ करें।

बांके बिहारी को पति मानने वाली प्रिया ने रखा व्रत: हाथों में लगाई उनके नाम की मेंहदी,

मथुरा। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखती हैं। लेकिन भगवान राधा कृष्ण की भूमि वृंदावन में एक ऐसी भक्त हैं जिन्होंने बांके बिहारी को ही अपना पति मान लिया है। हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली प्रिया ४ साल से कान्हा के लिए व्रत रखती हैं,हाथों में मेंहदी लगाती हैं और उनसे कामना करती है कि दोनों के बीच बंधी प्रेम की डोर कभी न टूटे। हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली प्रिया चंडीगढ़ पुलिस की फॉरेंसिक टीम में ८ रहीं हैं। सीता से प्रिया बनी ६ साल की उम्र से ही कान्हा के दर्शन करती थीं। लेकिन यह दर्शन करने का सिलसिला कब मोहब्बत में बदल गया उनको पता ही नहीं चला। प्रिया बताती हैं उनका परिवार आर्य समाज से है। लेकिन वह परिवार से छिपकर ताई के साथ गोवर्धन और वृंदावन जब ६ साल की थीं तबसे आने लगीं। प्रिया बताती हैं उन्होंने जब बालिग उम्र में बांके बिहारी को देखा तो उनको देखते ही रह गईं। छवि उनकी ऐसी कि नजर नहीं हटी। उनके रूप को देखकर मन मोहित हो गया। इसके बाद फैसला कर लिया अगर उनका जीवन साथी कोई बनेंगे तो वह लाडले बांके बिहारी लाल ही होंगे। अपने निर्णय की परिवार को जानकारी दी। लेकिन परिवार तैयार नहीं हुआ। इंतजार में १४ साल का समय लग गया और अब ४ साल से वह बांके बिहारी को पति मानकर वृंदावन में ही रह रही हैं। लड्डू गोपाल की दीवनी प्रिया ने चौथी बार करवाचौथ का व्रत रखा है। जब चांद निकला, तो उन्होंने अर्घ्य दिया और फिर भगवान का चेहरा देखकर अपना व्रत खोला। प्रिया ने ४ साल पहले २९ नवंबर २०२२ को बांके बिहारी के स्वरूप लड्डू गोपाल से पूरे विधि-विधान से शादी की थी। इसके बाद से वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में रह रही हैं। प्रिया लड्डू गोपाल को प्रियकांत या पीहू कहकर पुकारती हैं। प्रिया ने कहा वह करवा चौथ पर अपने पीहू से यही कामना करती हैं कि तोड़ी न टूटे, छोड़ी न छूटे,और मेरी लालन सौं प्रीत बनी रहे। यह कहते हुए वह भावुक हो जाती हैं और आंखों में प्रेम के आंसु ले आती हैं। करवा चौथ पर गिफ्ट मांगने के सवाल पर कहती हैं संसार में सर्वस्व इन्हीं का है,इसके बाद वह भगवान को भजन गाकर रिझाने लग जाती हैं।

लालच में बन गया कातिल, ईंट से कुचलकर की थी वृद्धा की हत्या

मथुरा। कोतवाली क्षेत्र की चूना कंकड़ वाली गली में ८० वर्षीय महिला की हत्या और जेव. रात लूटने के मामले में पुलिस ने १९ वर्षीय पड़ोसी भरत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आभूषण, नकदी, मोबाइल और वारदात के समय पहने कपड़े बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने महिला के भरोसे का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली क्षेत्र की चूना कंकड़ वाली गली में २४ अक्टूबर की रात ८० वर्षीय वृद्ध महिला की निर्मम हत्या कर जेवरात लूटने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने मृतका के पड़ोस में रहने वाले १९ वर्षीय युवक भरत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर भारी मात्रा में आभूषण, नकदी, मोबाइल और वारदात के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए गए हैं। मृतका आरोपी को अपने बच्चे की तरह मानती थीं और उसका घर में आना-जाना था। इसी विश्वास का फायदा उठाकर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी भरत मृतका के घर अक्सर आता-जाता था। नवरात्र के दौरान वह अपनी बहन के साथ उनके घर कन्या-लांगूर का भोजन करने गया था। इसी दौरान उसकी नजर घर में रखी तिजोरी पर पड़ी। तिजोरी में जेवरात देखकर उसके मन में लालच आ गया और वह चोरी की योजना बनाने लगा। आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के लिए गूगल पर बेहोशी के इंजेक्शन और तमंचे के बारे में भी जानकारी सर्च की थी। आरोपी मृतका के घर के पास ही रूपा कचौड़ी के मकान में काम करता था और उसे पता था कि बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती हैं। २४ अक्टूबर की रात करीब १० बजे आरोपी मृतका के घर पहुंचा और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा खुलने पर उसने बुजुर्ग महिला से कहा कि उसका कपड़ा उनकी छत पर गिर गया है। महिला उसकी बात पर विश्वास कर छत की चाबी लेकर उसे ऊपर ले जाने लगीं। इसी दौरान आरोपी ने सीढ़ियों के पास पड़ी ईंट उठाकर उनके सिर और चेहरे पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से महिला की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने मृतका के शरीर पर पहने जेवर और कमरे में फ्रिज के पास रखे बैग में मौजूद आभूषण निकाल लिए। इसके बाद घर का दरवाजा बंद कर अपने घर पहुंचा और कपड़े बदलकर सो गया। चोरी किए गए जेवर उसने छिपा दिए थे। आरोपी इन जेवरों को लेकर दिल्ली जाने और अपने शौक पूरे करने की योजना बना रहा था। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने आरोपी भरत पुत्र सोनू निवासी मकान नंबर ४४३, चूना कंकड़ वाली गली को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ६० कंगन, ११ चेन, ३१ अंगूठियां, दो लॉकेट, २७ कान के टॉप्स, एक नोज पिन, पीली धातु लगा रुद्राक्ष, तीन मिश्रित धातु की अंगूठियां, मोटो जी-५७ पावर मोबाइल, आधार कार्ड, हत्या के समय पहने हुए कपड़े और १६,६०० रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा ३१७(२) की बढ़ोतरी की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि २५ अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र में ८० वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम को लगाया गया था। पुलिस ने मृतका के पड़ोस में रहने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए जेव. रात बरामद कर लिए हैं। आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम देना चाहता था। घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को २५ हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है।

जिलाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मथुरा। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ई.वी.एम-वी.वी.पैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण में समाजवादी पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से संपूर्ण क्षेत्र का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। सतर्कता बनाए रखे तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी नमामि श्रीगंगे नंद प्रकाश मौर्या, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खण्डेलवाल सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कृष्णा नगर में शनिवार को सुंदरकांड पाठ और कीर्तन होगा: आहूजा मेंस वियर के पास मंदिर में दोपहर ३ बजे शुरू होगा कार्यक्रम

मथुरा। कृष्णा नगर में शनिवार, ३१ अक्टूबर को सुंदरकांड पाठ और श्री खाटू श्याम जी का कीर्तन होगा। कार्यक्रम दोपहर ३ बजे आहूजा मेंस वियर के पास स्थित मंदिर में शुरू होगा। आयोजक बी.सी. आहूजा ने बताया कि हर महीने के अंतिम शनिवार को डबल उत्सव मनाया जाता है। इसी परंपरा के तहत सुंदरकांड पाठ के बाद श्री खाटू श्याम जी का कीर्तन होगा। कार्यक्रम में श्रद्धालु प्रभु श्रीराम, हनुमान जी और बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। बी.सी. आहूजा ने श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

इतिहास को संरक्षित किए जाने की प्राथमिकता इतिहासकार- साहित्यकार- कवि उपेक्षित

मथुरा। साहित्य - काव्य - इतिहास पुरातत्त्व ,ज्ञान -विज्ञान आदि अनेक दृष्टियों से ब्रजभूमि सर्वधिक समृद्ध रही है। महाक. वि सूरदास सहित अष्टछाप के कविगण एवं साहित्य ब्रजभाषा के कवि की संख्या सर्वाधिक है। कविवर विहारी के अतरिक्त वर्तमान पीढ़ी में कवि नवनीत चतुर्वेदी ,गोविन्द चतुर्वेदी ,रामलला बालमुकुंद चतुर्वेदी ,विहारी आदि कवि साहित्यकारों ,पुरातत्त्ववेत्ता वासुदेव शरण अग्रवाल ,कृष्णदत्त वाजपेयी तथा गायन - वादन,लोक संगीत आदि क्षेत्रों के विद्वानों से आज की पीड़ी पूर्णतः अपरिचित है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि कुछ समय पूर्व गठित सूर ब्रजभाषा अकादमी में एक भी ब्रजभाषी ,ब्रजभाषा ब्रज साहित्य संस्कृति विशेषज्ञ नहीं है। जय हो ब्रज की ,ब्रजभाषा की ब्रज साहित्य कवि ब्रज संस्कृति की।

यूपी: प्रेमी के साथ करवाचौथ मना रही थी चार बच्चों की मां, तभी सामने आ गया पति; जेठानी ने सिखा दिया सबक

मथुरा। यूपी के मथुरा जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। चार बच्चों की मां रात के अंधेरे में करवचौथ मनाने प्रेमी के पास पहुंच गई। महिला अपने प्रेमी के साथ इश्क लड़ा रही थी, तभी सामने पति आ गया। फिर जमकर हंगामा हुआ। पुलिस बुलानी पड़ी। मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र की वसंत विहार कॉलोनी में गुरुवार रात करीब सात बजे उस समय हंगामा मच गया, जब करवाचौथ के दिन कथित प्रेमी से मिलने पहुंची एक विवाहिता को उसके पति ने पकड़ लिया। घटना के बाद परिवार की महिलाओं के बीच जमकर विवाद हुआ। प्रेमी से मिलने पहुंची देवरानी से जेठानी भिड़ गई। दोनों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार छटीकरा निवासी युवक की शादी करीब १५ वर्ष पहले धौलपुर निवासी महिला से हुई थी। दंपती के चार बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि महिला का गांव के ही युवक से कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। गुरुवार को पति को पत्नी के वसंत विहार कॉलोनी स्थित एक मकान में पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद वह भी मौके पर पहुंच गया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर डायल ११२ की टीम पहुंची। इसी दौरान परिवार की महिलाओं के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को अलग कराया। हंगामे के बीच कथित प्रेमी के मौके से भाग गया। बताया गया कि कथित प्रेमी मथुरा की एक कंपनी में काम करता है। कॉलोनी में किराये पर रह रहा था। मकान मालिक भी मौके पर पहुंचे। पुलिस पति-पत्नी को थाने ले गई। सीओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए मथुरा के जिला पंचायत अध्यक्ष



मथुरा। राजधानी लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्व. विद्यालय के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक का शुभारंभ केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजितं इस उच्चस्तरीय बैठक में मथुरा के जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने विशेष रूप से सहभागिता की। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए मथुरा के भाजपा संगठन की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, आप सब कमर कस लो। अर्जुन की तरह मछली की आंख पर नजर रखो, हमें तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनानी है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जानकारी दी कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में आगामी विधानसभा चुनाव २०२७ को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया यह हमारा सौभाग्य है कि हमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिल रहा है। हम सब यहां २०२७ के महासंग्राम का विजय शंखनाद करने और उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेकर आए हैं। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, जितिन प्रसाद समेत प्रदेशभर से आए पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद और विधायक उपस्थित रहे।

लोकतन्त्र और धर्मनिरपेक्षता राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ। सरदार पटेल,इंदिरा गांधी और सुभद्रा जोशी को श्रद्धांजलि

मथुरा। स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती,पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत की पूर्व संध्या और कौमी एकता को आजीवन समर्पित स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद सुभद्रा जोशी की २३ वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय सेठ बाड़ा मथुरा पर श्रद्धांजलि गोष्ठी का आयोजन अ, भा,साम्प्रदायिकता विरोधी समिति के तत्वावधान में का शिवदत्त चतुर्वेदी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमें इंडिया गठबंधन से संबद्ध विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया और लोकतंत्र की रक्षा हेतु एक नवंबर की दिल्ली रैली को सफल बनाने की अपील की ।प्रारंभ में उक्त विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चतुर्वेदी ने सुभद्रा जोशी के अनेक संस्मरण सुनाए।जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री मुक. ेश धनगर ने संविधान पर हमले और मताधिकार छीनने के नफरती सरकार के एकजुट प्रतिरोध का आवाहन किया।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के का,गफ्फार अब्बास एडवोकेट ने सांप्रदायिक ताकतों के तानाशाही मंसूबे नाकाम करने पर जोर दिया।उप्र कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय शर्मा एडवोकेट ने एक नवंबर को मोदी सरकार के पतन की प्रक्रिया की शुरुआत का दिन बताया। सीपीआई प्रदेश सदस्य गफ्फार अब्बास एडवोकेट ने सामाजिक न्याय को लोकतंत्र की कसौटी बताया । वरिष्ठ कांग्रेसी कीर्ति कुमार कौशिक ने सेक्युलर और समाजवादियों की एकता पर जोर दिया।इस अवसर पर सर्वश्री सेनानी संगठन अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी कर्मवीर,महेश चौबे, सुशील सागर एडवोकेट,कुश कुमार सिंह एडवोकेट,अर्पित जादौन, रवि शर्मा एडवोकेट, आशीष अग्रवाल, हरीशचंद्र सिकरवार एडवोकेट,पूरन सिंह, रमेश कश्यप, नीरज निषाद एडवोकेट, राकेश शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश धनगर आदि ने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन जिला कांग्रेस महामंत्री वैद्य मनोज गौड़ ने किया।

प्रधानों को वित्तीय अधिकार देने की मांग उठी: डीएम ने तीन दिन में लंबित स्वीकृतियां देने के निर्देश दिए

मथुरा। प्रशासक नियुक्त ग्राम प्रधानों को वित्तीय अधिकार देने और जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग उठी। शुक्रवार को प्रधानों ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा। डीएम ने तीन दिन में लंबित वित्तीय स्वीकृतियां देने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र डा. देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्राम प्रधान डीएम से मिले। उन्होंने बताया कि वित्तीय स्वीकृतियां और जरूरी प्रशासनिक अधिकार नहीं मिलने से गांवों में नाली, खड़ंजा, सफाई और अन्य जरूरी काम अटके हैं। जरूरी भुगतान भी लंबित हैं। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय को बुलाकर लंबित स्वीकृतियां तीन दिन में देने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी ग्राम पंचायत की फाइल जानबूझकर रोकी गई या कमीशन के लिए लंबित रखी गई, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लंबित मामलों का तय समय में निपटारा किया जाए। ज्ञापन में प्रधानों ने जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान गांवों की गलियों और संपर्क मार्गों को खोदा गया था, लेकिन कई महीने बाद भी उनकी मरम्मत नहीं हुई। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। डीएम ने समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिया और ग्राम प्रधानों से गांवों के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। इस दौरान अलग-अलग गांवों के प्रधान मौजूद रहे।

मथुरा नगर निगम की बोर्ड बैठक ३ नवंबर को होगी: महापौर विनोद अग्रवाल को न्योता; अनुपस्थित रहने पर वरिष्ठ पार्षद कर सकते हैं अध्यक्षता

मथुरा। नगर निगम की बोर्ड बैठक को लेकर चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। तीन नवंबर को सुबह ११ बजे भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय के सभागार में बोर्ड बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अवस्थापना निधि से प्रस्तावित ५० करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर मुहर लगने की उम्मीद है। इसके साथ ही शहर के अन्य विकास कार्यों को भी गति मिल सकती है। नगर निगम प्रशासन ने बोर्ड बैठक में शामिल होने के लिए महापौर विनोद अग्रवाल को पत्र भेजकर आमंत्रित किया है। हालांकि, महापौर पिछले करीब तीन माह से नगर निगम कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में उनके बैठक में शामिल होने को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, यदि महापौर बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो एक वरिष्ठ पार्षद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक कराई जा सकती है। दरअसल, महापौर और नगर निगम के बीच दूरी के चलते लंबे समय से बोर्ड बैठक नहीं हो पा रही थी। इससे शहर के विकास कार्यों और कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय अटका हुआ था। पार्षद लगातार बोर्ड बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि बैठक नहीं होने के कारण विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय नहीं हो पा रहे हैं। पार्षदों की मांग को देखते हुए नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने बोर्ड बैठक कराने के लिए शासन को पत्राचार किया था। शासन से अनुम. ति मिलने के बाद नगर निगम प्रशासन ने तीन नवंबर की तारीख निर्धारित कर दी है। अब बैठक में विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय होने की संभावना है। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने बताया कि शासन से अनुमति मिलने के बाद तीन नवंबर को नगर निगम कार्यालय में बोर्ड बैठक निर्धारित की गई है। महापौर को भी बैठक में शामिल होने के लिए पत्र भेजा गया है।

विद्या भारती ब्रज प्रदेश के नए कार्यालय का भूमि पूजन: यतीन्द्र शर्मा बोले- शिक्षा में बदलाव से समाज और राष्ट्र निर्माण का रास्ता खुलेगा

मथुरा। माधवकुंज में शुक्रवार को विद्या भारती ब्रज प्रदेश के नए कार्यालय का भूमि पूजन हुआ। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक परंपराएं निभाई गईं। अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर मां साध्वी ध्यानमूर्ति जी और ब्रज प्रदेश संगठन मंत्री हरीशंकर जी ने भूमि पूजन कर कार्यालय की नींव रखी। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। विद्या भारती ब्रज प्रदेश के मंत्री प्रो. डॉ. प्रभास्कर राय ने बताया कि अभी भारतीय शिक्षा समिति, शिशु शिक्षा समिति, जन शिक्षा समिति और भारतीय श्री विद्या परिषद के अलग-अलग कार्यालय चल रहे हैं। नया कार्यालय बनने के बाद चारों समितियों के कार्यालय एक ही परिसर में होंगे। इससे संगठन की गतिविधियों को गति मिलेगी। विद्यालय के छात्र माधव ने एकल गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता यतीन्द्र ने कहा कि शिक्षा में बदलाव से समाज और समाज में बदलाव से वैचारिक परिवर्तन का रास्ता खुलता है। विद्या भारती १९५२ से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। संगठन वनवासी, गिरवासी, ग्रामीण और शहरी इलाकों में शिक्षा के जरिए संस्कारयुक्त पीढ़ी बनाने में जुटा है। अंत में नीरजा शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजीव पाठक ने किया। राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान प्रेमापानू, पद्मनाभ गोस्वामी, डॉ. आरपी सिंह, अरुण दीक्षित, देवेंद्र यादव, डॉ. मालती मिश्रा, डॉ. गुलशन कुमार, कामता प्रसाद गुप्ता,उमेश शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

औद्योगिक आस्थान के भूखण्ड सी-20 व 21 पर अवैध आवासीय निर्माण के ध्वस्तीकरण आदेश का अनुपालन कराने एवं जांच समिति की भ्रामक आख्या के विरुद्ध उप लोकायुक्त व डीएम से शिकायत



हाथरस। औद्योगिक आस्थान, अलीगढ़ रोड, हाथरस स्थित भूखण्ड संख्या सी-20 व 21 पर हुए अवैध आवासीय निर्माण के संबंध में उपजिलाधिकारी सदर/नियत प्राधिकारी (विनियमित क्षेत्र) द्वारा 12 नवंबर 2024 को पारित ध्वस्तीकरण आदेश का अनुपालन कराने हेतु शिकायतकर्ता राजीव वार्ष्णेय द्वारा उप लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी, हाथरस को सभी साक्ष्यों सहित विस्तृत प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। शिकायत में पूर्व उपायुक्त उद्योग अजलेश कुमार द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर न्यायिक आदेशों का अनुपालन न करने, वर्तमान उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार से ध्वस्तीकरण आदेश का तत्काल अनुपालन कराने तथा अवैध निर्माण को संरक्षण देने के मामले में विभागीय व विधिक कार्रवाई की मांग की गई है। एसडीएम सदर का ध्वस्तीकरण आदेश उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या 22450/2024 के अनुपालन में एसडीएम सदर (विनियमित क्षेत्र) ने 12 नवंबर 2024 को आदेश पारित करते हुए भूखण्ड सी-20 व 21 पर निर्मित अवैध आवासीय निर्माण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे। 14 किलोवाट का घरेलू बिजली कनेक्शन औद्योगिक भूखण्ड पर अवैध कोठी बनाकर रहने के अकाट साक्ष्य के रूप में परिसर में 14 किलोवाट का घरेलू (एलएमवी एण्ड 1) विद्युत संयोजन (खाता संख्या-2192241000) 25 मई 2005 से संचालित पाया गया है, जिसे एसडीएम कोर्ट के आदेश में भी स्वीकार किया गया है। उपायुक्त उद्योग कार्यालय द्वारा आरटीआई पत्रांक 1446, दिनांक 22-12-2023 में स्पष्ट किया गया है कि औद्योगिक आस्थान में मजदूरों के निवास तक के लिए भूखण्ड आवंटित नहीं किए जाते हैं। इसके बावजूद औद्योगिक भूखण्ड पर विशाल आवासीय कोठी का निर्माण कराया गया।

निरस्त फर्म का संचालन दिखाकर गुमराह करने का प्रयास –

उपायुक्त राज्य कर, खण्ड-2, हाथरस के पत्रांक 350 (दिनांक 30-10-2025) के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर दर्शायी गई फर्म पिंकी रबड़ उद्योग प्रालिक़ा जीएसटी पंजीकरण 1 जनवरी 2022 से ही निरस्त है। इसके बावजूद फैक्ट्री संचालन का दावा कर आवासीय निर्माण को बचाने का प्रयास किया गया।

जिला उद्योग बंधु के क्षेत्राधिकार का अतिक्रमण –

पूर्व अधिकारी द्वारा न्यायिक आदेश के क्रियान्वयन को रोकने के लिए जिला उद्योग बंधु की बैठक का अनुचित उपयोग किया गया, जबकि उद्योग बंधु समिति के पास एसडीएम के न्यायिक ध्वस्तीकरण आदेश की समीक्षा करने या उस पर स्थगन (स्टे) देने का कोई विधिक अधिकार नहीं है।

आवासीय उपयोग की स्वीकारोक्ति –

विभागीय आख्याओं तथा पत्राचार में स्वयं यह दर्ज है कि संबंधित लोग वहां सपरिवार निवास करते हैं, जो औद्योगिक नियमों का खुला उल्लंघन है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि वर्तमान उपायुक्त उद्योग को निर्देशित कर एसडीएम सदर के 12 नवंबर 2024 के आदेशानुसार अवैध आवासीय निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित कराई जाए तथा कर्तव्य में लापरवाही व संरक्षण देने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित विभागीय जांच संस्थित की जाए।

परीक्षा के दृष्टिगत् हाथरस पुलिस रही चुस्त-दुरुस्त

रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर स्थापित किए गए सहायता केंद्र

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में परीक्षा के दृष्टिगत हाथरस पुलिस की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही तथा परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर स्थापित किए गए सहायता केंद्र, सुगम यातायात एवं पुलिस के सहयोगात्मक व्यवहार से प्रभावित अभ्यर्थियों ने की हाथरस पुलिस की सराहना। जनपद हाथरस में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में हाथरस पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के साथ प्रभावी यातायात प्रबंधन एवं अभ्यर्थियों की सहायता हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गईं। परीक्षा के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके क्रम में पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। अन्य जनपदों से परीक्षा देने के लिए हाथरस आने वाले



अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए। इन सहायता केंद्रों के माध्यम से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों की जानकारी, सही मार्ग एवं आवागमन संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पुलिसकर्मियों ने तत्परता एवं सहयोगात्मक व्यवहार के साथ अभ्यर्थियों की सहायता करते हुए उन्हें उनके निर्धारित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सहयोग प्रदान किया। परीक्षा के दौरान जनपद में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा। प्रमुख मार्गों, परीक्षा केंद्रों, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के आसपास यातायात के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं प्रभावी यातायात प्रबंधन के चलते अभ्यर्थियों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के साथ आमजन को होने वाली असुविधा को भी न्यूनतम रखने के प्रयास किए गए। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में हाथरस पुलिस द्वारा परीक्षा के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं अभ्यर्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पूरी सतर्कता, मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा का आयोजन सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

बाइक सवार युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला शव

हसायन। कोतवाली क्षेत्र की सलेमपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव जाऊके नहर पुल के निकट एक संदिग्ध सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। देर रात बाइक सवार युवक का शव जब ग्रामीण व राहगीरों को सड़क पर मिला, तो इसकी सूचना सलेमपुर व कोतवाली पुलिस को दी। बाइक सवार मृतक युवक के गांव से मृतक के परिवार के ग्रामीण लोग भी वहां मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गांव नगला मियां पटटी देवरी निवासी पैंतालीस वर्षीय नरेश पाल उर्फ सीटू एक कंपनी में वाहन ड्राइवर था। वह करवा चौथ के पर्व पर गुरूवार को अपने गांव नगला मिया पटटी देवरी स्थित अपने घर पर आया हुआ था। गुरूवर की शाम को नरेशपाल उर्फ सीटू बाइक लेकर अपने घर से बाजार के लिए निकल गया और उसके बाद घर वापस नहीं लौटा। इस पर परिवार के लोगों ने सीटू उर्फ नरेशपाल की तलाश शुरू कर दी। इधर पुलिस को उसका शव गांव जाऊकी नहर के निकट पडा हुआ मिला, तो उसकी पहचान कर देर रात्रि में उसके परिवार के लोगों को इस बारे में सूचना दी। परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। माना जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम को भिजवाया है। मृतक युवक सीटू ने अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ा है। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शोक के कारण चूल्हे भी नही सुलग पाए। शुक्रवार को युवक का शव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

एक नबम्बर को होने वाले विधिक साक्षरता शिविर का सचिव ने किया निरीक्षण



हाथरस। आगामी 1 नवंबर 2026 को श्री दाऊजी महाराज मेला पाण्डाल, हाथरस पदम् श्री काका हाथरसी स्मृति मंच में आयोजित होने वाले मेगा/बृहद विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन से पूर्व सचिव अनु चौधरी एवं जिला विकास अधिकारी, पीएन. यादव द्वारा निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उप्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार-तृतीय के आदेशानुसार एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस अनु चौधरी ने जानकारी देते हुये बताया है कि 1 नवम्बर, 2026 रविवार को श्री दाऊजी महाराज मेला पाण्डाल, हाथरस (पदम् श्री काका हाथरसी स्मृति मंच) में ''मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के तत्वावधान में जायेगा। उक्त मेगा/बृहद विधिक सहायता शिविर की तैयारियों का जायजा लेने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनु चौधरी एवं जिला विकास अधिकारी पीएन. यादव द्वारा उक्त पाण्डाल का निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा निर्धारित स्थान पर स्टॉल लगाने एवं आमजन के आने व जाने एवं वाहन पार्किंग उनके बैठने के स्थान को देखा गया तथा सम्बन्धित को निर्धारित समय में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये गये।

कमला बाजार में दुकान के लिए फिर भिड़े दो सगे भाई

हंगामे के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर की कार्रवाई

हाथरस। शहर के कमला बाजार में दुकान को लेकर दो सगे भाइयों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को एक बार फिर दोनों भाइयों के पक्ष आमने-सामने आ गए। दुकान खोलने और ताले काटने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते झगड़े में बदल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। दुकान को लेकर दोनों परिवारों के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है। इस मामले में पहले भी मारपीट और हंगामे की स्थिति बन चुकी है।

मिली जानकारी के अनुसार, बसंत बाग निवासी निहार गोयल गुरुवार को कमला बाजार स्थित अपनी दुकान खोलने पहुंचे थे। वह ग्राइंडर की मदद से दुकान के ताले कटवा रहे थे। इसी दौरान उनके बड़े भाई सचिन गोयल भी वहां पहुंच गए। दोनों भाइयों के बीच दुकान को लेकर कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।

बताया गया है कि 18 अक्टूबर से दोनों पक्षों के बीच दुकान को लेकर विवाद चला आ रहा है। निहार गोयल का आरोप है कि कमला बाजार में मेफेयर होटल के सामने अग्रवाल पर्स एंड बैग हाउस के नाम से उनकी दुकान है, जो कई दिनों से बंद थी। आरोप है कि उनके भाई ने दुकान पर कब्जा कर लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इसी बात को लेकर 20 अक्टूबर को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। उस समय पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई थी, जहां समझौता कराया गया था। हालांकि, इसके बाद भी विवाद शांत नहीं हुआ।

आरोप है कि समझौते के बावजूद रात में दोनों पक्षों के बीच दोबारा मारपीट हो गई थी। इस दौरान दोनों परिवारों की महिलाएं भी आमने-सामने आ गई थीं। मामले में 21 अक्टूबर को निहार गोयल की पत्नी पूजा गोयल की ओर से सचिन, सचिन की पत्नी भारती, बेटा प्रांशु, रितिका, राजकुमार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दुकान से सामान चोरी करने तथा पति को धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।


सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि मामला अब न्यायालय में पहुंच चुका है। दोनों पक्षों को समझाया गया है कि शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ न करें। विवाद दोबारा न बढ़े, इसके लिए दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी है।

खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आए किसान की दर्दनाक मौत, शरीर के कई टुकड़े हुए

हाथरस। रुहेरी क्षेत्र के गल्लपुरा गांव में शुक्रवार सुबह खेत की जुताई करते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत पर कृषि कार्य के लिए गए बृजभूषण पुत्र रणवीर प्रसाद रोटावेटर की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रोटावेटर की चपेट में आने से उनका शरीर कई टुकड़ों में बंट गया। घटना सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, बृजभूषण खेत की जुताई के लिए गए थे। इसी दौरान वह रोटावेटर की चपेट में आ गए और यह हादसा हो गया। घटना की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर पहुंच गए। अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में शोक का माहौल है।

एएसपी द्वारा फील्ड यूनिट एवं फिंगर प्रिंट शाखा का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की गई



हाथरस। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद हाथरस की फील्ड यूनिट शाखा एवं फिंगर प्रिंट शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों शाखाओं में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान फील्ड यूनिट शाखा में घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन, साक्ष्यों के संरक्षण तथा घटनास्थल की जांच से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्यों का विधि सम्मत एवं वैज्ञानिक तरीके से संकलन सुनिश्चित करने तथा साक्ष्यों की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में फिंगर प्रिंट शाखा के निरीक्षण के दौरान अंगुलिचिह्नों के संकलन, मिलान, अभिलेखों के रखरखाव एवं संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित कर्मचारियों को अंगुलिचिह्नों से संबंधित कार्यों में शुद्धता, सतर्कता एवं तकनीकी दक्षता बनाए रखने तथा अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप, विरोध करने पर पति को लाठी-डंडों से पीटा

सादाबाद। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कुछ लोगों पर एकराय होकर घर पहुंचने, उसके साथ छेड़छाड़ करने और पति को घर से बाहर ले जाकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। हमले में पति के सिर में गंभीर चोट लगने की बात कही गई है। महिला द्वारा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि घटना 29 अक्टूबर की सुबह करीब 7.30 बजे की है। आरोप है कि कुछ लोग घर पहुंचे और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। महिला ने इसका विरोध किया तो मौके पर पहुंचे उसके पति को आरोपियों ने घर से बाहर ले जाकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसके पति का सिर फट गया। महिला ने अपने साथ मारपीट किए जाने का आरोप भी लगाया है।घटना के दौरान गांव के दो युवक मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया। आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार, आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। उन्होंने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।

सादाबाद में पांच रूटों पर रोडवेज बसों की मांग को परिवहन विभाग का झटका, कहीं परमिट नहीं तो कहीं कम कमाई बनी रोड़ा

सादाबाद-नोएडा और मथुरा-एटा मार्ग पर हाथरस डिपो ने जताई असमर्थता, कुरसंडा रूट पर कम आय बताकर बंद कर दी गई है बस सेवा

सादाबाद। हाथरस जनपद के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों को रोडवेज बस सेवा से जोड़ने की उम्मीदों को परिवहन विभाग की रिपोर्ट से झटका लगा है। पांच प्रमुख मार्गों पर रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराने की मांग के जवाब में हाथरस डिपो ने कहीं परमिट नहीं होने तो कहीं कम आय का हवाला दिया है। विभाग की इस रिपोर्ट के बाद फिलहाल इन मार्गों पर हाथरस डिपो की नई बस सेवाएं शुरू होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। दरअसल, राष्ट्रीय लोकदल की जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनीता उपाध्याय ने परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर जनपद के पांच मार्गों पर रोडवेज बसों का संचालन शुरू कराने की मांग उठाई थी। इनमें मथुरा-लखनऊ वाया सादाबाद-जलेसर-एटा, सादाबाद-नोएडा वाया राया, एटा-मथुरा वाया सादाबाद-जलेसर, हाथरस-सादाबाद-कुरसंडा-मई-बिसावर-आगरा और हाथरस-मुरसान-सादाबाद-जलेसर मार्ग शामिल थे। परिवहन मंत्री को संबोधित इस मांग पर जिलाधिकारी ने परिवहन निगम से रिपोर्ट मांगी थी। 21 अक्टूबर को डिपो प्रभारी हाथरस की ओर से जिलाधिकारी को भेजी गई आख्या में पांचों मार्गों की स्थिति स्पष्ट की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक मथुरा-लखनऊ वाया सादाबाद-जलेसर-एटा मार्ग एटा डिपो के अधीन आता है। इस कारण हाथरस डिपो के पास इसका परमिट नहीं है। हालांकि, हाथरस डिपो की अलीगढ़-लखनऊ वाया सादाबाद मार्ग पर चार बस सेवाएं संचालित हैं। सादाबाद-नोएडा वाया राया मार्ग पर भी हाथरस डिपो के पास परमिट उपलब्ध नहीं है। एटा-मथुरा वाया सादाबाद-जलेसर मार्ग के लिए भी यही स्थिति बताई गई है, जबकि इस रूट पर एटा डिपो की बस संचालित होने की जानकारी दी गई है। सबसे महत्वपूर्ण स्थिति हाथरस-सादाबाद-कुरसंडा-मई-बिसावर-आगरा मार्ग की है। विभागीय रिपोर्ट में बताया गया है कि आगरा-खंदौली-मई-बिसावर मार्ग पर आगरा क्षेत्र के फाउंड्रीनगर डिपो की बस चल रही है। वहीं, हाथरस डिपो की ओर से पहले हाथरस-सादाबाद-कुरसंडा मार्ग पर बस संचालित की जाती थी, लेकिन कम आय आने के कारण इसे बंद कर दिया गया। पांचवें प्रस्तावित मार्ग हाथरस-मुरसान-सादाबाद-जलेसर पर भी परमिट उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई है।

पांच मार्गों की मांग, लेकिन राहत का रास्ता नहीं

परिवहन विभाग की आख्या से साफ है कि पांचों प्रस्तावित मार्गों पर हाथरस डिपो की ओर से नई बस सेवा शुरू करने की स्थिति फिलहाल नहीं बताई गई है। कहीं दूसरे डिपो का क्षेत्राधिकार और परमिट आड़े आ रहा है तो कहीं यात्रियों की कम संख्या के कारण पहले से संचालित सेवा बंद की जा चुकी है। ऐसे में सादाबाद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर रोडवेज कनेक्टिविटी के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है।

किसान ने सहकारी संघ को भेट किया आरओ वाटर प्यूरीफायर



सादाबाद। किसानों की सुविधा और जनसेवा की भावना से सहकारी संघ बिसावर के किसान राजू सिंह (गढ़उमराव) ने संस्था को आरओ वाटर प्यूरीफायर भेंट किया है। इससे खाद, बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए प्रतिदिन संस्था पर आने वाले किसानों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। आरओ वाटर प्यूरीफायर भेंट किए जाने पर सहकारी संघ के सचिव श्यामवीर सिंह ने राजू सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिए किया गया यह सहयोग सराहनीय है। सहकारी संघ किसानों की अपनी संस्था है और यहां आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक लोग जब जनहित के कार्यों में आगे आते हैं तो इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है।

3 किलो 330 ग्राम नशीला पदार्थ सहित पकड़ा



हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हसायन पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए 1 अभियुक्त चन्द्रप्रकाश पुत्र विशन स्वरूप निवासी गांव सिचावली सासनी को सिचावली गांव की तरफ जाने वाले रास्ते से नशीला पदार्थ (गांजा) सहित गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 3 किलो 330 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीष चिकारा मय टीम थाना हसायन थे।

तहसील सादाबाद में 16 लेखपालों और चार राजस्व निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

तहसीलदार ने 29 अक्टूबर को जारी किए तीन अलग-अलग आदेश, कई लेखपालों को नए गांवों की जिम्मेदारी के साथ अतिरिक्त क्षेत्र भी सौंपे

सादाबाद। तहसील सादाबाद में राजस्व कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। उपजिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद तहसीलदार ने 29 अक्टूबर को तीन अलग-अलग आदेश जारी कर लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसके तहत 16 लेखपालों और चार राजस्व निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल करते हुए उन्हें नए क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार लेखपालों के वर्तमान तैनाती क्षेत्र में बदलाव के साथ कई को अतिरिक्त गांवों की जिम्मेदारी भी दी गई है। लेखपाल शिवम पांडेय को सलैमपुर, नगला दली, यासीन खां को मानिकपुर, लोधई, मोहसिन खां को ताजपुर व अरौठा, डालचंद को मिढ़ावली व सरौठ, बृजेश कुमार को बिसावर व करसौरा और बृजेश कौशिक को मड़नई व शेरपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में चारु अग्रवाल को उधैना, सानिया को सीस्ता, सचिन गुप्ता को समदपुर व सादाबाद, दिलीप अग्रवाल को जैतई, देववृत्त गौतम को नगला कली व गुतहरा और जितेंद्र सिंह को कंजौली व नानऊ क्षेत्र में तैनात किया गया है। लेखपाल नरेंद्र देव, दिनेश कुमार, प्रियंका और मुकेश उपाध्याय के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। नरेंद्र देव को सिखरा, दिनेश कुमार को धाधऊ, प्रियंका को सुसाइन व नसीरपुर और मुकेश उपाध्याय को कुरसंडा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत श्रीपाल सिंह को कार्यालय से संबद्ध राजस्व निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। रामनिवास सिंह को मई क्षेत्र, नेपाल सिंह को गुतहरा तथा ऋषिपाल सिंह को सहपऊ क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसीलदार हेमंत चैधरी ने बताया कि संबंधित लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को नवीन तैनाती क्षेत्र का कार्य संभालने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं।

आठ मेधावी विद्यार्थियों की फीस का जिम्मा उठाएगा एकमतेज फाउंडेशन, प्रधानाचार्य को सौंपा चेक

सक्षमतेज छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत सादाबाद इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद, शिक्षा में बाधा नहीं बनने देंगे आर्थिक परिस्थितियां

सादाबाद। आर्थिक परिस्थितियां प्रतिभाओं की राह में बाधा न बनें और मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें, इसी उद्देश्य से एकमतेज फाउंडेशन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग किया जा रहा है। फाउंडेशन के सक्षमतेज छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत सादाबाद इंटर कॉलेज के चयनित आठ मेधावी विद्यार्थियों की स्कूल फीस जमा कराने के लिए कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार को चेक सौंपा गया। एकमतेज फाउंडेशन के ट्रस्टी धर्मवीर सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिस्थितियों का सामना कर रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पढ़ाई निरंतर जारी



रखने में मदद करना है, ताकि वे आर्थिक परेशानियों के बजाय अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर भविष्य संवार सकें। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा के लिए मिलने वाला छोटा सा सहयोग भी किसी विद्यार्थी के जीवन में बड़े बदलाव का आधार बन सकता है। फाउंडेशन का प्रयास है कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में एडवोकेट संजय यादव, अजरुद्दीन फौजी, कपिल गुप्ता, विष्णु गंधार, हेमंत कश्यप, राष्ट्रीय खिलाड़ी ओमवीर सिंह, भानु प्रताप और राहुल कश्यप उपस्थित रहे।

वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमे से वकीलों में आक्रोश, 2 नवंबर को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे हाथरस के अधिवक्ता

सादाबाद। सादाबाद दी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को लेकर अधिवक्ता समाज में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हाथरस ने विरोध जताते हुए 2 नवंबर 2026 को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा की है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार बंसल व महासचिव विनोद कुमार शर्मा की ओर से 30 अक्टूबर को जनपद न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण सहित जनपद के विभिन्न न्यायिक अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्णय से अवगत कराया गया है। अधिवक्ता समाज की गरिमा और सम्मान से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। वहीं, सादाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व बार अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर के खिलाफ थाना सादाबाद में द्वेषभावना से मिथ्या आधारों पर एफआईआर दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की गई है। एसोसिएशन ने उक्त घटनाक्रम की भर्त्सना करते हुए विरोधस्वरूप 2 नवंबर को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित एडवोकेट ने बताया कि उक्त मामले को लेकर दो नंबबर को सादाबाद के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।

फिरोजाबाद में 93 प्रतिषत किसानों की भूमि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार, अब योजनाओं से जोड़ने पर जोर

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने एग्रीस्टैक योजना की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

फिरोजाबाद। जनपद में एग्रीस्टैक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों की फार्मर आईडी का सरकारी योजनाओं में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (क्स्ज्) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एग्रीस्टैक डेटा का शत-प्रतिशत आच्छादन, फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 93 प्रतिशत किसानों की भूमि संबंधी सूचनाओं का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि अब इस डिजिटल व्यवस्था का उपयोग किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और विभागीय सेवाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने में किया जाए। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल क्रॉप सर्वे में मौजूद कमियों को चिह्नित करने तथा उनके समाधान के लिए सुझाव आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही फसल सर्वेक्षण और फार्मर रजिस्ट्री में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।ए) के संभावित उपयोग पर भी विचार



कर उपयोगी प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजने को कहा।

उन्होंने अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की योजनाओं में फार्मर आईडी के उपयोग की संभावनाओं का आकलन करने, पात्र लाभार्थियों की पहचान, आवश्यक अभिलेखों के सत्यापन और कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़ी सेवाओं में डिजिटल किसान पहचान के उपयोग के क्षेत्र चिह्नित करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आवश्यक सूचनाएं, प्रस्ताव और की गई कार्रवाई का विवरण 31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराएं, ताकि संकलित जानकारी भारत सरकार के प्रगति पोर्टल पर अपलोड की जा सके। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में विभागवार अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया।

उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन में एग्रीस्टैक डेटा का शत-प्रतिशत आच्छादन और किसानों के हित में इसके प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से अपने विभागों से संबंधित टर्म्स ऑफ रेफरेंस और थीमैटिक एरियाज के अनुसार आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी के प्रभावी उपयोग से किसानों की पहचान एवं पात्रता का सत्यापन आसान होगा, योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और पात्र किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई डीपी सिंह, अपर सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रमनकांत, डीसी एसबीएम दया शंकर, सहायक अभियंता लघु सिंचाई रविंद्र कुमार, सहायक अभियंता ट्यूबवेल दिनेश कुमार, अधिशासी अधिकारी जिला पंचायत विनोद कुमार वर्मा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह, कृषि वैज्ञानिक पृथ्वीपाल सिंह, एचडीएफसी एर्गो के प्रतिनिधि सुग्रीव कुमार, अवर अभियंता दलवीर सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी प्रेमकिशोर, राजेश यादव, रमनदेव शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

फिरोजाबाद में एक नवंबर को लगेगा वृहद मेगा विधिक सेवा शिविर

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेश शिवा ने 29 अक्टूबर को जिला कारागार तथा 30 अक्टूबर को चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन, टूंडला स्थित वृद्धाश्रम और आगरा के राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों, बच्चों, वृद्धजनों एवं किशोरों को मिल रहीं सुविधाओं, भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और विधिक सहायता व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सचिव योगेश शिवा ने बताया कि एक नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय परिसर, फिरोजाबाद में वृहद मेगा विधिक सेवा शिविर आयोजित होगा। इसमें स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, राजस्व, शिक्षा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर के माध्यम से पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें लाभान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

फिरोजाबाद के 2.33 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 46.73 करोड़ रुपये

डीएम संतोश कुमार शर्मा ने बांटे सरसों के बीज मिनीकिट

फिरोजाबाद। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पीएम किसान उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात के बनासकांठा से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की गई। जनपद फिरोजाबाद के 2,33,651 किसानों के बैंक खातों में कुल 46 करोड़ 73 लाख 2 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए। जिलाधिकारी ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने सभी कृषि भूमि धारकों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की, ताकि उन्हें उर्वरक, बीज, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड और सरकारी खरीद जैसी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान



समाधान दिवस आयोजित किया जाता है, जहां किसान अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद लक्ष्मी नारायण यादव ने पीएम किसान योजना को किसानों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता बताते हुए सभी लाभार्थियों को बधाई दी। उप कृषि निदेशक सत्येंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को पराली न जलाने और जल संरक्षण के लिए ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के बीज गोदामों पर गेहूं, सरसों और मसूर के बीज अनुदान पर उपलब्ध हैं। किसान बुकिंग कराकर इनका लाभ उठा सकते हैं। कृषि भवन में योजना संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई है।

फिरोजाबाद पुलिस के दो दरोगा बने इंस्पेक्टर, एसएसपी आदित्य लांगे ने कंधों पर स्टार लगाकर दी बधाई

फिरोजाबाद। जनपद में तैनात उपनिरीक्षक बृजकिशोर राय और शेरपाल सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिली है। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने दोनों पुलिसकर्मियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बृजकिशोर राय वर्तमान में वीआईपी सेल तथा शेरपाल सिंह थाना रामगढ़ में तैनात हैं। एसएसपी ने दोनों नवप्रोन्नत निरीक्षकों से नए पद के दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि पदोन्नति पुलिसकर्मियों के अनुभव, कार्यक्षमता और विभाग के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यह आगे और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा भी देती है।





इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों निरीक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

फिरोजाबाद में ऑपरेशन कन्विक्शन का बड़ा एक्शनए दुष्कर्म मामले में एक दोषी को उम्रकैद, तीन को 10-10 साल की सजा

फिरोजाबाद। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फिरोजाबाद की विशेष पॉक्सो अदालत ने वर्ष 2023 के एक मामले में दोषी दिनेश कुमार को आजीवन कारावास व 50,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं विशाल उर्फ वासुदेव, दीप्ति और कुलदीप को 10-10 वर्ष का कारावास व 23-23 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। एसएसपी आदित्य लांगे के निर्देशन में पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से सजा दिलाने में सफलता मिली।

पेड़ और विद्युत लाइन गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

फेरी लगाने जा रहा था युवक, हादसे के बाद परिजनों ने लगाया जाम

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। फेरी लगाने जा रहे युवक के ऊपर अचानक सड़क किनारे खड़ा पुराना यूकेलिप्टस का पेड़ टूटकर गिर पड़ा। पेड़ के साथ ही पास से गुजर रही विद्युत लाइन भी युवक के ऊपर आ गिरी। पेड़ और बिजली के तारों के नीचे दबने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने घटनास्थल पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

हादसा शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सहावर-एटा मार्ग पर खितौली मोड़ के निकट हुआ। थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी 30 वर्षीय भोले पुत्र चिरौंजी रोजाना की तरह शुक्रवार को भी बाइक से फेरी लगाने जा रहे थे। जैसे ही वह खितौली मोड़ के पास पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़ा पुराना यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक उनकी बाइक पर गिर पड़ा। पेड़ की टहनियों के साथ पास से गुजर रही विद्युत लाइन भी सड़क पर आ गिरी। इसकी चपेट में आकर भोले पेड़ और बिजली के तारों के नीचे दब गए। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर वाहनों का आवागमन रोक दिया। सूचना पर सहावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोकतंत्र, वोट और देश बचाने के लिए एक नवंबर को दिल्ली चलो-डॉ. प्रकाशनिधि गर्ग

फिरोजाबाद। दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित होने वाली रैली में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. प्रकाशनिधि गर्ग के नेतृत्व में तिलक नगर, सूर्य नगर, लोहिया नगर एवं जलेसर रोड क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने स्थानीय लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें दिल्ली रैली में शामिल होने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और देश के संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. प्रकाशनिधि गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक की जागरूकता और भागीदारी आवश्यक है। वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली ताकत है। उन्होंने लोगों से 1 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर रैली में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने नारा दिया ह्ललोकतंत्र बचाने दिल्ली चलो, वोट बचाने दिल्ली चलो, देश बचाने दिल्ली चलो,



एक नवंबर को दिल्ली चलो। जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस कार्यकताओं ने भी रैली को सफल बनाने के लिए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान चांद कुरैशी जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस, मजहर बेग, राजीव शर्मा, प्रतीक तिवारी, दिनेश शर्मा, शिप्रा उपाध्याय जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, हिमांशु सिंह, आशीष तिवारी और नुरूल हूदा लाला राईन पार्षद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झगड़े के मामले में दक्षिण पुलिस का एक्शन, आठ आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र के सदर बाजार स्थित बाजे वाली गली में हुए झगड़े के मामले में थाना दक्षिण पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत शुक्रवार देर शाम 6 बजे करीब आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस ने सभी आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने के बाद सभी आरोपियों को जिला कारागार फिरोजाबाद में दाखिल कराया गया। थाना प्रभारी दक्षिण योगेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही हुई,



उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपियों में उशवा पुत्र मोहम्मद गुलजार (21 वर्ष), निवासी बाजे वाली गली, सदर बाजार, थाना दक्षिण, आमिर पुत्र गुलाम मोहम्मद (32 वर्ष), निवासी मोहल्ला गढ़ैया, थाना दक्षिण, दाऊद उमर पुत्र मोहम्मद नौसाद (26 वर्ष), निवासी बाजे वाली गली, सदर बाजार, थाना दक्षिण, शाहरुख पुत्र मोहम्मद नईम (28 वर्ष), निवासी बाजे वाली गली, सदर बाजार, थाना दक्षिण, वकील पुत्र छोटे (32 वर्ष), निवासी हाजीपुरा, गली नंबर 10, थाना दक्षिण, रिहान पुत्र युनुस (30 वर्ष), निवासी नालबंद चैराहा, पुलिस चैकी के पीछे, थाना दक्षिण, शहजाद पुत्र अजीज (39 वर्ष), निवासी मोहल्ला कुरैशियान, थाना दक्षिण तथा तैय्यब पुत्र परवेज अहमद (20 वर्ष), निवासी बाजे वाली गली, सदर बाजार, थाना दक्षिण, शामिल हैं। यह कार्रवाई थाना दक्षिण पुलिस द्वारा की गई। थाना प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह का कहना है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का प्रधानमंत्री ने किया हस्तांतरण

- **जनपद के 02 लाख किसानों के खातों में पहुंची किसान सम्मान निधि की धनराशि**
- **मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सजीव प्रसारण कार्यक्रम, बड़ी संख्या में किसानों ने किया प्रतिभाग**
- **किसानों को पराली न जलाने एवं जैविक खेती अपनाने के लिए किया गया जागरूक**

कासगंज। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात प्रदेश के बनासकांठा से आयोजित सजीव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से जनपद कासगंज के लगभग 02 लाख किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक कार्यालय के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के किसानों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र मोहनपुर के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत रबी फसलों की तैयारी तथा जैविक विधि से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उप कृषि निदेशक ने किसानों को अवगत कराया कि कृषि विभाग द्वारा गेहूं के बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही सरसों एवं मसूर की मिनीकिट जनपद के समस्त राजकीय बीज भंडारों पर उपलब्ध हैं। किसान कृषि विभाग के प्राविधिक सहायकों के माध्यम से बुकिंग कराकर चना, मटर, मसूर, सरसों एवं गेहूं के बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि रबी फसलों की तैयारी शीघ्र करने के उद्देश्य से धान की फसल के अवशेषों में आग न लगाएं, बल्कि पराली को सड़ाकर उसका उचित प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा पराली जलाने पर 5000 रुपये प्रति एकड़ जुमार्ने का प्रावधान है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह द्वारा 10 प्रगतिशील किसानों को सरसों एवं मसूर के बीज की मिनीकिट वितरित की गई। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान भी किया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक तथा जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे सिद्धि विनायक हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग का छापा, किया सीज

कासगंज। शहर के नदरई गेट स्थित मिशन चैराहे पर संचालित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एंड कौशल अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बिना रजिस्ट्रेशन और ऑपरेशन थियेटर (ओटी) लाइसेंस के अस्पताल में मरीजों का इलाज और ऑपरेशन किए जाने की शिकायत पर नोडल अधिकारी डॉ. मदन कुमार ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। जांच में अनियमितताएं मिलने पर अस्पताल को सीज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल में हड्डी के ऑपरेशन के बाद भर्ती मरीज भी मिले। नोडल अधिकारी ने मरीजों से इलाज के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि अस्पताल के पास न तो संचालन का वैध पंजीकरण था और न ही ऑपरेशन थियेटर का लाइसेंस, इसके बावजूद यहां सर्जरी की जा रही थी। इस मामले में ऑपरेशन करने वाले डॉ. हरेंद्र कुमार अत्री को सख्त चेतावनी दी गई। नोडल अधिकारी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि सीएमओ डॉ. अजय कुमार के निर्देशन में जिले में अवैध अस्पतालों, क्लीनिकों, पैथोलॉजी लैब और डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बिना पंजीकरण और निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित संस्थानों पर कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं दो नवंबर से होंगी शुरू

बीएसए ने जारी किया ब्लॉकवार कार्यक्रम, सात ब्लॉकों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

कासगंज। न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के संपन्न होने के बाद अब जनपद में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बीएसए की ओर से ब्लॉकवार प्रतियोगिता की तिथि और स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। संबंधित विद्यालयों को समय से व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बीएसए विकास कुमार सिंह की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार दो नवंबर को गंजडुंडवारा ब्लॉक की प्रतियोगिताएं यूबीएच एकेडमी में होंगी। चार नवंबर को सिढ़पुरा ब्लॉक की प्रतियोगिताएं पीआर इंटर कॉलेज, पांच नवंबर को कासगंज ब्लॉक की प्रतियोगिताएं मिनी ग्रामीण स्टेडियम नगला पट्टी और छह नवंबर को पटियाली ब्लॉक की प्रतियोगिताएं एसबीआर इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएंगी।

इसी क्रम में सात नवंबर को सोरों ब्लॉक की प्रतियोगिताएं जिला स्टेडियम फरीदनगर, 13 नवंबर को अमांपुर ब्लॉक की प्रतियोगिताएं उच्च प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा तथा 16 नवंबर को सहावर ब्लॉक की प्रतियोगिताएं ब्लॉक के सामने होंगी।

बीएसए ने जिला व्यायाम शिक्षक और ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने तथा अधिक से अधिक बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

दबंग कर रहे पीड़ित की जमीन पर कब्जा

पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर उठाई कार्यवाही की मांग

कासगंज। जिलाधिकारी कार्यालय पर एक पीड़िता हंसमुखी ने डीएम को एक शिकायती पत्र दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि उसकी भूमि गाटा स० 536/0.652 स्थित ग्राम कासिम पर मिहारी परगना सोरो की मेड बंदी के बाद 27 नवंबर 2024 को पुलिस थाना कासगंज की मौजूदगी में पैमाइस कर पक्की पटिया लगवा दी गई थी। लेकिन विपक्षीगण वीरेंद्र पुत्र रामपाल व दुर्गेश पत्नी वीरेंद्र व जावित्री पत्नी गीतम सिंह व गीतम सिंह व नेकसे लाल पुत्रगण अयोध्या प्रसाद निवासीगण मिहारी ने दबंगई के बल पर उस पटिया को उखाड़कर गायब कर दिया, और उसकी भूमि पर रास्ता कायम कर लिया है। पीड़िता ने प्रशासन को पुनः सूचित कर 10 सितम्बर 2026 को राजस्व निरक्षक पृथ्वीराज सिंह ने मौके पर जाकर वह पटिया पुनः गढ़वा दी। उपरोक्त विपक्षीगणों ने गुंडागर्दी के बल पटिया को फिर से उखाड़ कर फेंक दिया है। पीड़िता अधिकारियों के चक्कर काट रही है लेकिन उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। 30 अक्टूबर को पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई है। पीड़िता हंसमुखी ने बताया कि वो दबंग किस्म के लोग है और उनकी राजनैतिक पहुंच अच्छी है। जिससे वह लोग एलान करके किसी भी सूरत में मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। विधायक का विपक्षियों के फेवर में लेटर भेज उसकी जमीन पर कब्जा कराने की कोशिश कर रहे हैं।

पुलिस की पाठशाला में छात्राओं को सिखाए यातायात सुरक्षा के नियम

यातायात पुलिस ने पंपलेट बांटकर किया जागरूक, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग पर दिया जोर

कासगंज। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य, स्टाफ एवं छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्हें सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने की सलाह दी गई। इस दौरान छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं से स्वयं नियमों का पालन करने के साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने अशोक नगर स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने अशोक नगर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र पर दवाइयों की उपलब्धता, ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या तथा उनके उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों एवं उनके साथ आए तीमारदारों से वार्ता कर उपचार एवं दवाइयों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पूछा कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर किसी कर्मचारी अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा पैसे तो नहीं लिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए तथा मरीजों को उपचार के लिए किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के के दौरान नोडल अधिकारी डा0 मदन कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोतवाली प्रभारी ने बैंक का किया निरीक्षण

कासगंज। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र ने शुक्रवार को सोरों गेट स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक परिसर, मुख्य प्रवेश, निकास द्वार, आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। बैंक में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की, बैंक के आसपास खड़े वाहनों की चेकिंग की। साथ ही बैंक में उपस्थित लोगों, बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहने किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। पुलिस टीम ने बैंक एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सतर्कतापूर्वक चेकिंग की।

इंग्राहम स्कूल के खिलाफ नगर आयुक्त ने FIR को कहा, कनेक्शन बंद

❐ ड्रेनेज लाइन से अवैध कनेक्शन पर नगर आयुक्त सख्त

अलीगढ़। शुक्रवार दोपहर नगर आयुक्त ने क्वार्सी बाईपास, मैलरोज बाईपास इलाके का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर नगर निगम की ड्रेनेज व्यवस्था से संबंधित शिकायत की हकीकत जानी। निरीक्षण में मैलरोज बाईपास में नगर निगम की ड्रेनेज लाइन में व्यवधान उत्पन्न होने की शिकायत के संबंध में जांच की। मौके पर नगर आयुक्त के संज्ञान में आया कि इंग्राहम स्कूल के एक खेत मालिक ने निगम की ड्रेनेज लाइन से बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से कनेक्शन कर खेत में पानी ले गया था। नगर निगम की ड्रेनेज लाइन का इस प्रकार अनधिकृत इस्तेमाल किए जाने पर नगर आयुक्त ने कड़ी नारा. जगी जतायी।

नगर आयुक्त ने संबंधित अफसरों को तत्काल अवैध कनेक्शन बंद कराने, प्रकरण में कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने खेत मालिक जो इंग्राहम स्कूल का बताया गया है, उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम की ड्रेनेज, जल निकासी व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अनधिकृत



हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। नगर निगम की व्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाले मामलों में संबंधित व्यक्तियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का प्रयास शहर के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है।

पीएम किसान योजना: जिले के 304172 किसानों के खातों में पहुंची सम्मान निधि



❐ पीएम किसान उत्सव पर रबी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित

अलीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास खंड, ग्राम पंचायत स्तर तक किया, जिससे बड़ी संख्या में किसान साक्षी बने।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिले के 304172 किसानों को 24वीं किस्त का लाभ हुआ। जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम क्वार्सी कृषि फार्म परिसर में आयोजित किया, कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ योगेंद्र कुमार ने किया। रबी उत्पादकता गोष्ठी के अवसर पर उप कृषि निद. शक शोध प्रमोद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र छेरत के वैज्ञानिक डा. नीलेश शर्मा, डा. अनंत कुमार, क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डा. अजय वर्धन आचार्य, डब्लूएचओ से लोकेश सोलंकी, पशु चिकित्साधिकारी डा. तुनजा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ पशु वैज्ञानिक डा. रनवीर सिंह ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ फसल बीमा योजना, मेड़ पर खेती, तिलहन, दलहनी फसलों के उत्पादन, श्रीअन्न के महत्व, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से भूमि की मृदा स्वास्थ्य जांच कराने, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने को निरंतर कार्य कर रही हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी देकर उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। प्रतीक स्वरूप पीएम किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले 10 किसानों को प्रमाण पत्र, 10 को सरसों के बीज की नि:शुल्क मिनी किट दी। इस दौरान उप कृषि निदेशक चौधरी अरूण कुमार, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौधरी, सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी दिव्या मौर्या, एलडीएम अशोक सौनी, कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

इंस्पेक्टर अकराबाद लाइन हाजिर

अलीगढ़। एसएसपी नीरज जादौन ने इंस्पेक्टर अकराबाद पंकज मिश्रा को कर्तव्यपालन में लापरवाही बरतने पर से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया। इनके विरुद्ध विभागीय जाँच प्रचलित की। एसएसपी ने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिए कि पूर्ण मनोयोग से जनहित में कार्य करें।

इन्हें मिले प्रमाण पत्र, मिनी बीज किट

सूरजपाल सिंह जटपुरा, किशोर कुमार सियाखास, अमरपाल सिंह धौर्रामाफी जवां, रामप्रकाश मुकुटगढ़ी, पवन कुमार फगोई, जल सिंह देवसैनी, पवन कुमार कैथवारी, शेरपाल सिंह फगोई लोधा, अशोक कुमार जखैरा अतरौली, कप्तान सिंह चॉदगढ़ी गंगीरी को प्रमाण पत्र एवं चन्द्रपाल सिंह, नेम सिंह, मुनीश कुमार, प्रेम सिंह, विन्नामी सिंह, अंकित कुमार, विन्नामी सिंह, इंदल सिंह, किशोर कुमार, एवं महाराज सिंह को सरसो बीज की मिनी किट प्रदान की गई।

नगर निगम कार्यालय पर किसान मोर्चा का प्रदर्शन

❐ सफाई टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया ❐ विजिलेंस जांच-तालाबंदी की दी चेतावनी ❐ कार में हूटर बजाने पर भड़के किसान

अलीगढ़। संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा के संस्थापक जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों ने समस्याओं के समाधान के साथ सफाई व्यवस्था के टेंडर की उच्चस्तरीय विजिलेंस जांच कराने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर नगर निगम कार्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी और आंदोलन की चेतावनी दी।

महानगर के वार्ड 44 मकदूम नगर और वार्ड 58 घनश्यामपुरी-विष्णुपुरी में सफाई, जलनिकासी और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर संयुक्त श्रमिक किसान मोर्चा ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मोर्चा के संस्थापक जित. ेंद्र शर्मा ने समस्याओं के समाधान के साथ सफाई व्यवस्था के टेंडर की उच्चस्तरीय विजिलेंस जांच कराने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर नगर निगम कार्यालय में अनिश्चित कालीन तालाबंदी और आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद ही सफाई कराई, जबकि इससे पहले केवल कागजी कार्रवाई हो रही थी। सुखमा कंपनी के सुपरवाइजर, निगम अधिकारी की ओर से सप्ताह में केवल दो दिन सफाई होने की बात कहे



जाने का भी उल्लेख किया। इसे टेंडर की शर्तों का उल्लंघन बताते हुए जांच कराने की मांग की। निर्माण, अतिक्रमण की पैमाइश कराकर अवरोध हटाने, चंदनिया श्मशान घाट के अंतिम चौराहे पर लगे कूड़े के ढेरों का तत्काल उठान कराने की मांग की गई। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि शहर के लोगों को नियमित रूप से गृहकर और जलकर जमा करते हैं, ऐसे में उन्हें नियमित सफाई और बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

किसान, श्रमिक शांतिपूर्ण ढंग से पटल पर मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे, उसी दौरान नगर निगम से संबद्ध एक कमर्शियल टैक्सी गाड़ी हूटर बजाती हुई धरना स्थल के बीच आकर रुकी।

इस पर मोर्चा संस्थापक जितेंद्र शर्मा और कार्यकर्ताओं ने चालक को सीधे कानून के दायरे में घेरा और कोर्ट के नियमों का हवाला देते हुए तीखा सवाल दागा। इस दौरान चिंतामणि, सलमान, शोकिर मोहम्मद, प्रदेश सचिव, फैजान, रिहान, जुबैर, अनस, बब्लू, जफर, रुबी, जरीना, गुड्डो, गुलाम मोहम्मद, बरकत, माला, इकबाल, मुस्ताक, साबिरा, मीना, किशोर, शारीक, मुस्तकीम, मुस्ताक, जाबिद, शहजाद खान, और कासिम आदि मौजूद रहे।

दिल्ली महारौली में पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल: लक्ष्मी धनगर



अलीगढ़। शुक्रवार को सपा जिला कार्यालय पर सोमवार को दिल्ली रामलीला मैदान में होने जा रही इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर तैयारी बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर, संचालन बाबा फरीद आजाद जिला प्रमुख प्रवक्ता ने किया। बैठक में तय हुआ कि जिले से करीब पांच हजार कार्यकर्ता पार्टी के झंडे के नीचे दिल्ली महारैली में शामिल होंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर इंडिया गठबंधन की महारैली नई दिल्ली के रामल. ैला मैदान में होने जा रही है। अलीगढ़ की टीम तैयार है, बैठक में तय किया है कि जिले से 5000 कार्यकर्ता महारैली में शामिल होंगे। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए यह रैली ऐतिहासिक होगी। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रक्षपाल सिंह ने कहा कि यह सिर्फ रैली नहीं, लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। वोटर लिस्ट में जिस तरह गड़बड़ी हो रही है, उसके खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है। जिले का हर बूथ कार्यकर्ता दिल्ली चलने को तैयार है।

जिला प्रमुख प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा और ब्लॉक अध्यक्ष को टारगेट दिया है। सभी बसों और निजी वाहनों से दिल्ली पहुंचेंगे। पूरी टीम पार्टी प्रमुख के नेतृत्व में गठबंधन की इस महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए संकल्पित है। इस दौरान कार्तिक सिंह, चमन चलाली, पूरनमल प्रजापति, माधुरी सैनी, जैकी ठाकुर, काशिफ, सूरजपाल राना, सुभाष लोधी, तेजपाल सिंह धनगर, कप्तान सिंह धनगर, मोहम्मद नदीम खान, आमिर मंसूरी, रोहन यादव, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

PET परीक्षा: 38208 अभ्यार्थियों में से 26069 ने दी परीक्षा, अफसरों ने किया केंद्रों का दौरा



अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार ने शुक्रवार को पीइटी परीक्षा-2026 को संपन्न कराने के लिए जनता इंटर कॉलेज छेरत सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में उन्होंने सभी केंद्रों पर सतर्कता, निर्धारित निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। जिले में दो पालियों में 39 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न कराई। परीक्षा में प्रथम और दूसरी पाली में 19104-19104 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष पहली पाली में 12822 ने परीक्षा दी, जबकि 6282 अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों का प्रतिशत 67.11 रहा। इसी प्रकार दूसरी पाली में 13247 परीक्षार्थी आए और 5857 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 38208 परिक्षार्थियों के सापेक्ष 26069 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 12139 अनुपस्थित रहे और 68.22 उपस्थिति का प्रतिशत रहा।

परीक्षा को संपन्न कराने के दृष्टिगत एसपी सिटी आदित्य बंसल द्वारा नगर क्षेत्र के परीक्षा केंद्र नौरंगीलाल इंटर कॉलिज, टीकाराम कन्या इंटर कालेज का दौराकर निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने, ड्यूटी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न को निर्देश दिए। एडीएम सिटी संगीता देवी, एसपी अपराध ममता कुरील ने भरी परीक्षा केंद्र गगन पब्लिक स्कूल सासनीगेट, हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज गांधीपार्क, माहेश्वरी गर्ल्स इंटर कॉलेज कोतवाली नगर, आयशा तारीन मॉडर्न पब्लिक स्कूल, एसबीएम कॉलेज सिविल लाइन, जनता इंटर कॉलेज जवां का निरीक्षण किया।

परीक्षा के बाद स्टेशन, बस स्टैंडों पर रही मारामारी



अलीगढ। पीईटी परीक्षा समाप्त होने के बाद शुक्रवार को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर परीक्षार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। परीक्षा केंद्रों से निकलकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ट्रेन और बसों पकड़ने को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पहुंच रहे थे। देखते ही देखते दोनों जगह भीड़ बढ़ गई। हालात ऐसे हो गए कि ट्रेनों और बसों में यात्रियों की संख्या अधिक हो गई।

ट्रेन के कोच में चढ़ने के लिए परीक्षार्थियों के बीच धक्का-मुक्की होती रही। प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों के इंतजार में परीक्षार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। ट्रेन आते ही उसमें सवार होने के लिए अभ्यर्थियों में होड़ मच गई। कई परीक्षार्थियों को सीट नहीं मिली तो वे खड़े होकर और दरवाजों पर लटककर सफर करने को मजबूर हुए। भीड़ के चलते नियमित यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर अचानक बढ़ी भीड़ के चलते यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर आवाजाही में भी दिक्कत हुई। अलीगढ़ से गोविंदपुरी कानपुर जाने वाली मेमू ट्रेन में काफी भीड़ देखने को मिली। हालांकि परीक्षार्थियों को नियंत्रित करने और उन्हें ट्रेन में सवार कराने के लिए रेलवे स्टाफ, जीआरपी और आरपीएफ के जवान मुस्तैद नजर आए। इसी तरह से सारसौल और मसूदाबाद बस स्टैंडों पर भी हाल रहा, विभिन्न रूटों के लिए बसों को कुछ समय के लिए आभाव दिख रहा था लेकिन किसी रोडवेज के अफसरों से साफ निर्देश दे रखे थे कि जिस रूट के यात्रियों की संख्या अधिक हो तत्काल उन रूटों पर बसों को रवाना करें।

छात्रावास निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त, गुणवत्ता में कमी पर जताई नाराजगी

डीएम बोले... श्रमिकों बढ़ाकर तेजी से पूरा कराएं काम



अलीगढ़। डीएम अविनाश कुमार ने राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में यूपीआरएनएसएस द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण देखा। मौके पर कम संख्या में श्रमिक काम करते मिले। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने, निर्माण काम में तेजी के निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता के अनुरूप कराएं। काम में लापरवाही, गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। छात्रावास विद्यार्थियों की सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए निर्माण समय से उच्च गुणवत्ता से हो। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कई कमियां सामने आईं। लोहे की ग्रिल पर रेड ऑक्साइड का प्रयोग नहीं करने से जंग लगी मिली। इस पर उन्होंने तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। छत पर ब्रिकोवा का काम कराया था, लेकिन ढाल सही न होने से जलभराव की आशंका पाई। छत पर भारी मात्रा में निर्माण सामग्री, मलबा जमा मिला जिसे हटवाने के निर्देश दिए।

भवन में अग्निशमन यंत्र नहीं मिले, परियोजना प्रबंधक ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लगवाएंगे। डीएम ने निर्माण कार्य के सुरक्षा संबंधी प्रावधानों को मानकों के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए। भवन के आसपास गंदगी, मलबे का ढेर मिलने पर नाराजगी जताई, परिसर की नियमित सफाई करने को कहा। प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीआरएनएसएस योगेंद्र बहादुर सिंह ने उन्हें बताया कि छात्रावास निर्माण की कार्यपूर्ति की निर्धारित तिथि अप्रैल 2027 है, काम को निर्धारित समय में पूरा करा लेंगे। डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में पाई कमियों को दूर कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों का सत्यापन, गुणवत्ता जांच किए बिना छात्रावास हैंडओवर नहीं होगा।

10 लाख लेकर लापता मुनीम का दूसरे दिन भी सुराग नहीं, पुलिस दबिश जारी

❐ सीसीटीवी में टैंटी गांव रोड की ओर जाता दिखा मुनीम ❐ शेयर मार्केट में पैसा डूबने की चर्चा

खैर। अनाज मंडी के आढ़ती के बैंक से 10 लाख रुपये लेकर चंपत हुए मुनीम का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस की टीमें मुनीम की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। वहीं, मामले को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

अनाज मंडी में ओमप्रकाश शर्मा के नाम से आढ़त की दुकान है। 29 अक्टूबर की सुबह आढ़ती चित्रवीर शर्मा ने खैर के उपाध्याय मोहल्ला निवासी अपने मुनीम दर्पण



राठौर को 12 लाख रुपये का आईसीआईसीआई बैंक का चेक देकर नकदी निकाल कर लाने के लिए भेजा था। मुनीम ने बैंक से 12 लाख रुपये निक. ाले, लेकिन 10 लाख रुपये अपने थैले में रख लिए और दो लाख रुपये बैंक मैनेजर के पास छोड़कर आढ़ती की बाइक लेकर वहां से चंपत हो गया। इसके बाद से कोई सुराग नहीं है। मुनीम के वापस न लौटने पर आढ़ती ने मोबाइल पर संपर्क का प्रयास किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद आढ़ती अन्य लोगों और मुनीम के पिता के साथ बैंक पहुंचे तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में मुनीम टेंटी गांव रोड की ओर जाता दिखाई दिया। मामले में आढ़ती ने मुनीम दर्पण राठौर के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर राजीव कुमार के अनुसार, पुलिस की टीमें मुनीम की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही हैं। उधर, कस्बे में चर्चा है कि मुनीम शेयर बाजार में ट्रेडिंग करता है, जिसमें बड़ी रकम डूब गई है। हालांकि इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की है, पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

SSP ने पुलिस लाइन में किया परेड निरीक्षण

अलीगढ़। एसएसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन छेरत में परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बाद कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने को दौड़ लगवाई, परेड के दौरान अनुशासन, एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक किया।

परेड में मौजूद सभी सरकारी वाहनों में दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया, उन्हें सदैव क्रियाशील स्थिति में रखने, उनके इस्तेमाल/रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिए। परेड में विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं, पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। इसके बाद पुलिस लाइन में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

एसएसपी ने आदेश कक्ष में संबंधित पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम लिया, सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को निर्देश दिए। विभिन्न पत्रावलियों, गार्द रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा पत्रावलियों के निस्तारण को संबंधित अफसर को निर्देश दिए। इस दौरा एएसपी, सीओ गभाना सृष्टि जैन, सीओ बरला संजीव तोमर आदि मौजूद रहे।



अहोई अष्टमी: कल चार योगों में माताएं रखेंगी संतान सुरक्षा को व्रत

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखते हैं व्रत

अलीगढ़। अहोई अष्टमी का व्रत हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखते हैं। इस बार व्रत रविवार को रखा जाएगा। इस दिन माताएं संतान की सुरक्षा, उत्तम



सेहत, सुखी जीवन को निर्जला व्रत रखती हैं और अहोई माता की पूजा करती हैं। यह व्रत सूर्योदय से प्रारंभ होकर सूर्यास्त पर समाप्त होता है, तारों को देखकर पारण किया जाता है और व्रत पूरा होता है।

ज्योतिषाचार्य पं. हृदय रंजन शर्मा ने बताया कि अहोई अष्टमी को पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 5:36 बजे से शाम 6:54 बजे तक है। इस दिन पूजा के लिए 1:18 घंटे का शुभ मुहूर्त होगा। इस बार अहोई अष्टमी पर चार शुभ योग बन रहे हैं. रवि पुष्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह में 6:33 बजे शुरू होगा और दो नवंबर को सुबह 4:30 बजे तक रहेगा। वहीं व्रत के दिन प्रात:काल में साध्य योग बनेगा, जो दोपहर में 2:39 बजे तक रहेगा, इसके बाद से शुभ योग प्रारंभा होगा।

दूध के कैंटर ने बाइक सवार को कुचला

❑10 फीट तक घसीटा चालक वाहन छोड़कर फरार

बुलंदशहर। स्याना कोतवाली क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार दूध के कैंटर ने बाइक सवार को कुचल दिया। कैंटर उसे कुचलता हुआ करीब 10 फीट तक घसीटता चला गया। भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

मौजूद राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलि के पहुंचने से पहले ही कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लिया। फरार चालक की तालश शुरू की। नरसेना थाना क्षेत्र के ढलना गांव निवासी प्रशांत (25) पुत्र शेर सिंह गुरूग्राम में एक निजी कंपनी में काम करते थे। प्रशांत के परिवार सिर्फ पिता हैं। वह तीन भाई बहनों में सबसे छोटे थे। दोनों बड़े भाई-बहनों और मां की मौत हो चुकी है। प्रशांत अविवाहित थे। सुबह स्याना से थाना खानपुर के गिरौरा में उनके मौसी के बेटे की सास की मौत की खबर मिलने पर वह परिजनों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े 10 बजे स्याना कस्बा में गढ़-बुलंदशहर स्टेट हाईवे पर एक दूध से भरे कैंटर ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे में प्रशांत के सिर में बुरी तरह चोट लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कैंटर प्रशांत को घसीटता हुआ करीब 10 फीट तक ले गया। प्रशांत की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

टक्कर मारने के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लिया। परि. जनों को हादसे की सूचना



मिलने पर कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर परिजन कोतवाली पहुंचे और आरोपी चालक के खिलाफ शिकयात दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एएमयू छात्रसंघ, यूनिवर्सिटी कोर्ट चुनावों के लिए 151 और वीमेंस कॉलेज छात्रसंघ के लिए 38 नामांकन

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्रसंघ (एएमयूएसयू) के विभिन्न पदों और शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए एएमयू कोर्ट में छात्र प्रतिनिधियों के चुनाव हेतु कुल 151 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

एएमयू छात्रसंघ और कोर्ट चुनावों के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. जावेद तालिब के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए 11, उपाध्यक्ष पद के लिए 7, सचिव पद के लिए 3, कैबिनेट सदस्य पदों के लिए 54 और यूनिवर्सिटी कोर्ट की सदस्यता के लिए 76 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

इस बीच, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेंस कॉलेज में स्नातक छात्राओं ने वीमेंस कॉलेज छात्रसंघ (डब्ल्यूसीएसयू) के विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किए। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. नाजिया हसन के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए 7, उपाध्यक्ष पद के लिए 4, सचिव पद के लिए 5 और कैबिनेट सदस्य पदों के लिए 22 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इस प्रकार कुल 38 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारियों ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया जारी है। उम्मीदवार 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन शाम 4 बजे घोषित की जाएगी। अंतिम भाषण 3 नवंबर को होंगे, जबकि मतदान 5 नवंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन शाम 6 बजे शुरू होगी और पूरी होने तक जारी रहेगी। इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा

बुलंदशहर। खुर्द-जहाग. ीराबाद मार्ग पर स्थित गांव तालबिबियाना के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। जिसमें चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र के गांव दौका निवासी ज्योति 20 वर्ष व खुशी और थाना जहांग. ीराबाद क्षेत्र के गांव कतियावली निवासी रीना 40 वर्ष पत्नी पंकज कुमार बुधवार शाम करीब 4 बजे ई-रिक्शा में बैठ कर अपने गांव दौका की तरफ जा रहे थे। रास्ते में गांव तालबिबियाना के निकट ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। जिसमें ई-रिक्शा चालक समेत ज्योति, खुशी और रीना गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अनूपशहर चिकित्सालय भेज दिया। वहां उपचार के दौरान रात्रि में रीना की मौत हो गई और घायल ज्योति को हापुड़ रैफर कर दिया। वहां रात्रि में उपचार के दौरान ज्योति की मौत हो गई। मृतका ज्योति के चाचा राकेश पुत्र रघुनंदन ने ई-रिक्शा चालक खिलाफ मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने मृतका के चाचा राकेश कुमार की तहरीर पर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

27 केंद्रों पर शुरू हुई यूपी पीईटी, स्कूल बंद

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कराई जाने वाली यूपी पीईटी शुक्रवार को जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद उन्हें केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के चलते विभाग ने सभी बोर्ड के स्कूलों में शैक्षणिक कार्य का अवकाश किया है। पहली सुबह दस से 12 तक बजे तक है। सुबह आठ बजे से केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। डीआईओएस विनय कुमार ने बताया कि पहले दिन दोनों पालियों में 24 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 27 केंद्र जिले में बने हैं और इन्हें तीन जोन में बांटा गया है। केंद्रों पर 27 सेक्टर और इतने ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात हैं। सीसीटीवी० कैमरों से परीक्षार्थियों पर नजर रखी जा रही है। तीन दिनों की परीक्षा में कुल 72 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जिले में परीक्षा कराई जा रही है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

❑मासूम बेटा गंभीर घायल

बुलंदशहर। चोला थाना क्षेत्र में फतेहपुर जादौन चौकी के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार 24 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ मौजूद डेढ़ वर्षीय मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ककोड़-बुलंदशहर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। कई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया।



जानकारी के अनुसार चोला थाना क्षेत्र के गांव गंगरौल निवासी राजू का 24 वर्षीय पुत्र अंकित देर शाम अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ ककोड़ से बाइक द्वारा गांव लौट रहा था। बताया अद्भुत गया कि फतेहपुर जादौन चौकी के सामने फ्लाईओवर से उतरकर जैसे ही वह गांव की तरफ मुड़ा तभी तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकित बाइक से उछलकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका मासूम बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते कई गांवों के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। आक्रोशित लोगों ने ककोड़-बुलंदशहर मार्ग पर फतेहपुर जादौन चौकी के सामने शव रखकर जाम लगा दिया। इससे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई और मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने काफी देर तक ग्रामीणों और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। बताया गया कि देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बूंदाबांदी में भरभराकर गिरा मकान, चाचा-भतीजे की मौत

बुलंदशहर। छतारी नगर के आजाद रोड पर विगत देर रात में बूंदाबांदी के दौरान एक मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के दौरान मकान के मलबे में तीन लोग दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एनडीआरएफ०की मदद से रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की रात करीब 1 बजे छतारी में आजाद रोड निवासी दुर्गाप्रसाद का मकान अचानक गिर गया। हादसे में घर के अंदर सो रहे राजेश (30 वर्ष) पुत्र दुर्गा प्रसाद और सचिन (17 वर्ष) पुत्र ज्ञान प्रकाश और चंद्रकला पत्नी दुर्गा प्रसाद मलबे में दब गए। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए अफरातफरी मच गई। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मामले की सूचना पर एडीएम०वित्त अभिषेक कुमार सिंह,एसपी०देहात अंतरिक्ष जैन, एसडीएम०शिकारपुर, एसडीएम०डिबाई, सीओ०डिबाई, अधिशासी अधिकारी और छतारी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू टीम ने राहत बचाव अभियान चलाकर तीन लोगों को बाहर निकाला। जिन्हें घायल हालत में उपचार के लिए सीएचसी०दानपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने राजेश और सचिन को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल चंद्रकला को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया है। चाचा-भतीजा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि हादसे में राजेश और सचिन की मौत हुई है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है।

एक माह की बच्ची की मौत, अनट्रैंड पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

पहासू (बुलंदशहर)। पहासू थाना क्षेत्र के करौरा गांव में एक माह की बच्ची की गलत इंजेक्शन लगने के बाद अचानक मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप भानु प्रकाश पर गलत उपचार का आरोप लगाया। एसीएमओ०डॉ०योगेश ने मौके पर क्लीनिक सील कर दिया। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के करौरा गांव निवासी मजदूर अपनी एक माह की बीमार बच्ची बेबी को उपचार के लिए क्लीनिक पर गया। जहां इंजेक्शन लगने के बाद बच्ची की तबीयत और बिगड़ गई व उसकी मौत हो गई। वहीं, परि. जनों झोलाछाप पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एसीएमओ० ने मौके पर पहुंच कर क्लीनिक सील किया और जांच शुरू कर दी।

करौरा निवासी देवराज ने बताया कि मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। एक साल पहले उनकी शादी सुमन के साथ हुई थी। एक महीने पहले उनकी बेटी का जन्म हुआ, जिसका नाम उन्होंने बेबी रखा था। देवराज ने बताया कि बेबी को निमोनिया की दिक्कत थी। दो-तीन दिन से मौसम बदलने के साथ बेबी की तबीयत खराब हो रही थी। वह गांव में स्थित भानु प्रकाश के क्लीनिक पर गए। जहां पर भानु प्रकाश ने बच्ची के बुखार की



जांच की और इंजेक्शन लगाया। थोड़ी देर बाद दोबारा दिखाने के लिए कहा।

जब देवराज बच्ची को लेकर घर आए तो उसकी तबीयत और बिगड़ने लगी व जोर-जोर से रोने लगी। ऐसे में 12 बजे वह दोबारा भानु प्रकाश के पास गए। क्लीनिक पर पहुंचने के कुछ देर बाद बच्ची ने दम तोड़ दिया। बच्ची को मृत अवस्था में देख मां सुमन उसको गोद में लेकर बिलख उठीं। वहीं, पिता देव. राज भी जोर-जोर से रोने लगा। थोड़ी देर में क्लीनिक पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने भानु प्रकाश पर गलत उपचार करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहासू थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम जांच के लिए भेज दिया। वहीं, दोपहर बाद एसीएमओ०डॉ०योगेश टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां चिकित्सकों के सभी दस्तावेज जब्त किए और क्लीनिक को सील कर दिया।

छतारी में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का भीम आर्मी के नेताओं ने किया उदघाटन

छतारी (बुलंदशर)। छतारी दोराहा पर स्थित काशीराम स्टेडियम रावण ग्राउंड में आयोजित स्मार्ट सिटी असगरपुर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शुक्रवार को छतारी क्रिकेट टीम ने अलीगढ़ क्रिकेट टीम को एक रोमांचक मुकाबले में 33 रनों से हराकर क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्राफी पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छतारी की टीम ने निर्धारित ओवरों में अपने 7 विकेट खोकर 99 रन बनाए। इसके जवाब में खेलते हुए अलीगढ़ की टीम ने महज 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मुख्य अतिथि आसपा के सम्भावित प्रत्याशी राशिद खान विशिष्ट अतिथि भारत विकास जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नं 33 से विशिष्ट अतिथि



एडवोकेट अजय कुमार विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी अमित गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर मैच का फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित कियास आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वार्ड नं 33 से भारत विकास ने कहा कि खेलकूद में हार जीत लगा रहता है। खिलाड़ी को लक्ष्य निर्धारित कर खेलना चाहिए। खेल जगत में बेहतर परिणाम के लिए खिलाड़ी को नियमित रूप से अभ्यास करते रहना चाहिए। खेल जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कमैटी अध्यक्ष आरिस खान भीम आर्मी नगर अध्यक्ष छतारी कमैटी महामंत्री अलतश रजा बृजेश कुमार मनिंदर कुमार समीर खान अनुज कुमार राज गौतम इमरान आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला की तैयारी को दिया अंतिम रूप

अलीगढ़। महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला समिति 2026 के संस्थापक संयोजक संदेश राज के नेतृत्व में प्रदेश वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें 31 अक्टूबर को स्थान रामल. ीला मैदान पर होने वाले भव्य महोत्सव मेला की तैयारी के लिए एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें अलीगढ़ की जनता के बीच मशहूर टीवी सीरियल भाभीजी घर पर हैं के अभिनेता सानंद वर्मा व किशोर भानुसाली मंच पर अलीगढ़ की जनता को हंसाने का कार्य करेंगे।

वहीं महोत्सव मेला की भव्य प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, रूप-सजा प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन एटा के पूर्व सांसद राजवीर सिंह (राजू भैया) अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, हाथरस सांसद अनूप प्रधान, महापौर अलीगढ़ प्रशांत सिंघल व समस्त जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। संस्थापक संयोजक संदेश राज ने कहा कि समाज में समरसता स्थापित करने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें हर वर्ग की माता,बहिनें, युवा,बच्चे व बुजुर्ग बड़ चढ़कर भाग लेते हैं।

वहीं सम्मान की श्रेणी में



डॉक्टरों, समाजसेवियों, वकीलों, उद्योगपतियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा।

प्रेस वार्ता में संदेश राज, मेला अध्यक्ष बलराम सहाय, कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील चंदेल प्रदेश प्रभारी डॉ. बालकृष्ण वर्माकर जी, गुरबख्श बक्शी, कुणाल विवेकी, सो. निका सिंह, स्नेहा शर्मा, शालू वार्ष्णेय, भावना अग्रवाल, पूनम शर्मा, सरस्वती देवी, रेनू अग्रवाल, ममता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

1 को रामलीला मैदान पहुंचेंगे कांग्रेसी: सागर सिंह तोमर

अलीगढ़। देश के ऐतिहा. सिक नारे 'दिल्ली चलो' की गूंज एक बार फिर सुनाई देने जा रही है। 1 नवंबर को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामल. ीला मैदान में आयोजित होने वाली विशाल कांग्रेस रैली को सफल बनाने के लिए अलीगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

पूर्व भारत सरकार अनुसूि. चत जाति आयोग के जिला कोऑर्डिनेटर एवं कांग्रेस नेता सागर सिंह तोमर ने कहा कि 83 साल बाद इतिहास की यादों के साथ 'दिल्ली चलो' का नारा एक बार फिर जनमानस में गूंज रहा है। जिस प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' के नारे से देशवासियों में आजादी का



जज्बा जगाया था, उसी ऐतिहा. सिक प्रेरणा के साथ आज लो. कतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया जा रहा है।

सागर सिंह तोमर ने कहा कि 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी लोकतांत्रिक आवाज को मजबूत करना है। लोकतंत्र में जनता की भागीदारी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। बैठक एवं जनसंपर्क अभियान में नन्नू सिंह, अब्दुल साबूर, नंदू खान, चंदा, विजय सिंह, किशोरी लाल, धर्मवीर सिंह, कृष्ण गोपाल, रविंद्र कुमार, विजय बहादुर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जनपद की सातों सीटों पर बसपा का संगठन मजबूती की ओर

अलीगढ़। बहुजन समाज पार्टी जनपद बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह विक्रम के खैर बाई पास रोड स्थित आवास कैंप कार्यालय पर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष गोरेलाल जाटव एवं मुख्य मंडल प्रभारी रणवीर सिंह कश्यप के द्वारा भाग लिया गया। बैठक में अब तक के सेक्टर कमेटी तथा बूथ कमेटी गठन की गहराई से समीक्षा की गई तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा जो बाकी कार्य रह गया है उसको शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गोरेलाल जाटव जी के द्वारा कहा गया कि बहुजन समाज पार्टी की 2027 के चुनाव जीतने की तैयारी पूर्व में, 2007 में रही 5 साल की रही सरकार की तरह की जा रही है तथा 2027 में 2007 से भी ज्यादा अपने



बलबूते पर सीटें हासिल करके आदरणीय बहिन कुमारी मायावती जी पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी।

मुख्य मंडल प्रभारी रणवीर सिंह कश्यप ने कहा कि आज प्रदेश की जनता सरकार बनाने के लिए बसपा की तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह विक्रम ने कहा की समाज का हर तबका चाहे वह युवा हो छात्र हो किसान हो महिला हो सब की उम्मीदों का एकमात्र विकल्प बहुजन समाज पार्टी है।


बैठक में मंडल जोन प्रभारी रोशन लाल माहौर एवं महेश माहौर के विशेष प्रयास से भाजपा छोड़कर अनेक कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। इनमें प्रमुख रूप से वीरेंद्र वर्मा, दिलीप वैद्य, पवन कुमार माहौर, राम प्रकाश माहौर मान. सिंह माहौर राजेंद्र माहौर, श्यामलाल माहौर, छोटेलाल माहौर, राजू माहौर आदि थे।

बैठक में मंडल जोन प्रभारी शिशुपाल सिंह बघेल, हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, डा. पहल सिंह, सतीश शर्मा, मुक. ेश चंद्रा, चरन सिंह, दिनेश बघेल, अशोक सिंह एडवोकेट, केपी सिंह एडवोकेट, पवन चौधरी, ब्रजेश उपाध्याय, कैलाश कश्यप, बनवारी लाल सविता, जितेंद्र कुमार उर्फ जुगनू, सभी विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रभारी, राजेंद्र सिंह निडर, राजवीर मौर्य, एन एस गौड़, अशोक दीप, हाकिम सिंह ,कन्हैया लाल, जीवन चौधरी, सौनू विक्रांत, अहिबरन सिंह, सुरेंद्र वाल्मीकि, भंवर पाल यादव, कैलाश चंद, धर्मेंद्र सिंह, विशाखा गौतमी, प्रमोद कुमार, प्रकाश गौतम, शकील सैफी, चक्रवर्ती जितेंद्र राणा, राजीव कुमार आदि थे।

राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार-सरदार वल्लभभाई पटेल

जयंती आज

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उनका जन्म 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे।



अखंड भारत का निर्माण और दृढ़ नेतृत्व

आजादी के बाद देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती बिखरी हुई रियासतों को एक धागे में पिरोने की थी। सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए 560 से अधिक देशी रियासतों का भारत संघ में शांतिपूर्ण विलय कराया। उनके इसी अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के कारण कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें लौह पुरुष के नाम से याद करता है। पटेल जी ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साल 1928 में गुजरात में हुए प्रसिद्ध बारदोली सत्याग्रह का उन्होंने सफल नेतृत्व किया। इस आंदोलन की सफलता से प्रभावित होकर वहाँ की महिलाओं ने उन्हें सरदार (जिसका अर्थ नेता या प्रमुख होता है) की उपाधि दी। अखिल भारतीय सेवाओं के जनक स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका थी। उन्होंने भारतीय सिविल सेवाओं के महत्व को समझा और आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की नींव रखी, जिसके कारण उन्हें इन सेवाओं का संरक्षक संत या जनक भी माना जाता है। उनके इसी महान योगदान को अमर बनाए रखने के लिए गुजरात के केवडिया (एकता नगर) में नर्मदा नदी के तट पर विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई गई है, जिसकी ऊंचाई 182 मीटर है। यह विशाल स्मारक देश की एकता और अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने संकल्प से पीछे नहीं हटना चाहिए। आज के दिन देश भर में रन फॉर यूनिटी जैसी दौड़ और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जो हमें आपस में मिलकर रहने और देश को मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं।

भारत की आयरन लेडी इंदिरा गांधी

पुण्यतिथि आज



जिनकी इच्छाशक्ति ने बदला देशका भविष्य

31 अक्टूबर यह तारीख भारत के इतिहास में एक गहरा निशान छोड़ती है। यही वह दिन है जब देश ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी को खो दिया था। वे सिर्फ़ एक नेता नहीं थीं, बल्कि भारत की राजनीतिक दृढ़ता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम था जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी। इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 19 नवंबर 1917 को हुआ था। उनके पिता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। माता का नाम कमला नेहरू था। इंदिरा गांधी ने शांतिनिकेतन से अपनी शिक्षा हासिल की, बाद में इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी की। बाद में उनका विवाह फिरोज गाधी से हुआ। इंदिरा गांधी बचपन से ही राजनीति के वातावरण में पली-बढ़ीं। वह अपने पिता के साथ राजनीति में सक्रिय भूमिका में रहीं। पिता नेहरू के सान्निध्य में उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन की ज्वाला को करीब से देखा और उसी ने उनके भीतर नेतृत्व की लौ जलाई। जब देश आर्थिक संकट और अस्थिरता से जूझ रहा था, तब इंदिरा गांधी ने मजबूत नेतृत्व के साथ भारत की बागडोर संभाली। साल 1966 में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं। 'गरीबी हटाओ' का नारा-इंदिरा गांधी ने समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए नीतियां बनाईं और गरीबी हटाओ अभियान चलाकर आम जनता में उम्मीद जगाई। 1971 का भारत-पाक युद्ध और बांग्लादेश की आजादी उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। इस विजय ने उन्हें भारत की लौह महिला बना दिया। इंदिरा गांधी ने 1974 में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देशों की श्रेणी में खड़ा किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार किए, जिससे भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ। इंदिरा गांझी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इस फैसले ने आर्थिक असमानता को घटाने और गरीबों को वित्तीय सशक्तिकरण देने में मदद की। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया, यह उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादित निर्णय रहा। 31 अक्टूबर 1984 को उनके अपने ही अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई। उनकी मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया। आज भी वे भारतीय राजनीति की सबसे सशक्त महिला नेताओं में गिनी जाती हैं।



एसआईआर को सही बताकर कर्नाटक के मंत्री ने पहले खड़ा किया विवाद, अब लिया यू-टर्न




बेंगलुरु। कर्नाटक में स्क्रूक्रकी प्रक्रिया को सही ठहराकर विवाद खड़ा कर देने वाले राज्य के मंत्री सतीश जर्किहोली ने अब अपने बयान से यू-टर्न ले लिया है. उन्होंने अपने बयान को लेकर सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर वोटर लिस्ट में धांधली के आरोप लगाते हुए कहा कि फॉर्म-7 के जरिए भाजपा ने बड़े पैमाने पर धांधली की है. इसके साथ ही, उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का समर्थन करते हुए कहा कि बीजेपी की तरफ से की जा रही धांधली के खिलाफ पार्टी के नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार जो संघर्ष कर रहे हैं, वे खुद भी उसमें शामिल हैं. कर्नाटक के पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जर्किहोली ने शुक्रवार को इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट शेयर किया है. वीडियो में सतीश जर्किहोली ने कहा, 'वोटर लिस्ट की एसआईआर प्रकिया के संबंध में मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जो बात कही थी, उसको तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है.' उन्होंने कहा, 'मेरा कहना था कि कर्नाटक के साथ-साथ देश के दूसरे राज्यों में भी फॉर्म नंबर-7 की मदद से कांग्रेस के वोट बैंक को डिलीट करने की भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी साजिश की है, जिसे सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया है. इस मुद्दे को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी जो संघर्ष कर रहे हैं और छ्तरूडीके शिवकुमार ने कर्नाटक में बेलगावी से फॉर्म-7 के जरिए किस तरह कांग्रेस के वोटर्स को डिलीट किया जा रहा है, उसे बड़े पैमाने पर जनता के सामने लाने का काम किया है, इस विषय पर हम सभी संघर्ष कर रहे हैं. सतीश जर्किहोली ने कहा, 'हालांकि, मेरा यह कहना बिल्कुल नहीं था कि एसआईआर प्रक्रिया स्वयं सही या वैध है. कर्नाटक में हमने फॉर्म-7 के जरिए योग्य वोटरों के नाम हटाने की कोशिश का सफलतापूर्वक विरोध किया. असल में, इस विरोध की शुरुआत यहीं हमारे बेलगावी जिले से हुई थी. मेरे विधानसभा क्षेत्र में भी करीब 13 हजार वोट कटे हैं.'

रिश्ता टूटा तो दुष्कर्म का केस नहीं : सुप्रीम कोर्ट

कहा- पुरुष को भी रिश्ता खत्म करने का हक है

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रिश्तों में खटास आने के बाद आपराधिक मुकदमे दर्ज कराने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि जब दो वयस्कों के बीच किसी रिश्ते के दौरान आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बने हों, तो सिर्फ रिश्ता खराब होने या खत्म हो जाने के कारण उन संबंधों को बाद में दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने केरल के एक निवासी संतोष कुमार एनपी को दुष्कर्म और धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि आपसी सहमति से बने संबंधों और धोखे या गलत जानकारी के आधार पर हासिल की गई सहमति के मामलों में कानूनी रूप से अंतर करना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि किसी रिश्ते के दौरान दोनों पक्षों की सहमति से शारीरिक संबंध बने थे, तो बाद में रिश्ते के बिगड़ने या खत्म होने के आधार पर उन संबंधों को पिछली तारीख से दुष्कर्म का अपराध नहीं



माना जा सकता। पीठ के मुताबिक, किसी रिश्ते के खत्म होने के बाद व्यक्ति को अपने पुराने फैसलों पर पछतावा हो सकता है, लेकिन केवल इस पछतावे को आपराधिक मामला बनाने का आधार नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए रिश्ते में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता कि भविष्य में उसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हो सकता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि क्या किसी पुरुष को अपनी इच्छा से रिश्ता खत्म करने का अधिकार नहीं है? क्या रिश्ते से अलग होने के उसके फैसले को अपने आप धोखाधड़ी या छल माना जा सकता है? पीठ ने साफ कहा कि केवल रिश्ता खत्म करने का निर्णय अपने आप में धोखा या अपराध नहीं है। अदालत ने यह भी चिंता जताई कि कई बार असफल प्रेम संबंधों या वैवाहिक रिश्तों के बाद आपराधिक

इजराइल में चुनाव के अंतिम नतीजों का इंतजार

रिकॉर्ड मतदान के बावजूद नेतन्याहू को झटका, सरकार गठन पर फंसा पेंच

यरूशलम। इजराइल में रिकॉर्ड मतदान के बाद बुधवार को मतदाता चुनाव के नतीजों पर नजर बनाए हुए हैं। शुरूआती रुझानों से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार के खिलाफ नाराजगी सामने आई है। एग्जिट पोल में हालांकि, किसी भी पक्ष को स्पष्ट बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है और सरकार गठन के लिए कई सप्ताह तक बातचीत करनी पड़ सकती है। एग्जिट पोल के मुताबिक, मौजूदा सरकार के विरोधियों को अगली संसद में स्पष्ट बहुमत मिल सकता है। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये दल गठबंधन बनाने के लिए तैयार होंगे या नहीं। इनमें अरब के नेतृत्व वाले दल भी शामिल हैं, जिन्होंने शुरूआती अनुमानों के अनुसार ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। नेतन्याहू ने बुधवार तड़के खुद को सबसे लंबे समय तक देश का प्रधानमंत्री रहने वाला नेता दर्शाने की कोशिश की। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में इजराइली सेना की उपलब्धियों की सराहना भी की। उन्होंने अरब दलों के साथ गठबंधन की संभावना को देशद्रोह करार दिया। इजराइल की आबादी में अरब समुदाय की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत है। नेतन्याहू ने कहा, "हमें एक मजबूत, दक्षिणपंथी और राष्ट्रवादी सरकार बनानी चाहिए। हमें इजराइल को खतरे में नहीं डालना चाहिए और ऐसी सरकार नहीं बनानी चाहिए जो यहूदी राष्ट्रवाद के विरोधी अरब दलों पर निर्भर हो।" नेतन्याहू को उनके पूर्व सैन्य प्रमुख और मध्यमार्गी नेता गादी आइजेनकोट से कड़ी चुनौती मिली है। आइजेनकोट ने कुछ शर्तों के साथ अरब दलों के साथ गठबंधन की संभावना खुली रखी है, लेकिन उनके कुछ अन्य संभावित सहयोगियों ने इससे इनकार किया है। करीबी मुकाबले से संकेत मिलता है कि नेतन्याहू के विरोधी हमास के नेतृत्व में सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के बाद पैदा हुए गुस्से और शोक का फायदा उठाकर उन्हें निर्णायक रूप से सत्ता से हटाने में सफल नहीं हो सके।

पापा ने मेरे लिए किसी से भीख नहीं मांगी - सारा अली खान

लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।

अभिनेत्री सारा अली खान अपनी फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने पारिवारिक बैकग्राउंड को लेकर चल रही चर्चाओं पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता और अभिनेता सैफ अली खान ने कभी भी उनके फिल्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं की। उन्होंने एक मशहूर फिल्मी परिवार से आने के दोहरे पहलुओं पर चर्चा की। बातचीत में सारा ने कहा, मैं अपनी सिंगल मदर के साथ रहती हूं। मेरे पिता कभी किसी ऑफिस में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं करते थे और न ही उन्होंने कभी किसी से मुझे अपनी फिल्मों में लेने की गुजारिश की। जब मुझे केदारनाथ के समय कोई परेशानी हुई, तो मैंने उसे खुद ही सुलझाया। उस वक्त मेरे साथ कोई नहीं था। यह एक दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं रहा है। सारा ने माना कि अपने परिवार की वजह से उन्हें कुछ खास फायदे जरूर मिले हैं। उन्होंने कहा कि वह इतनी नासमझ या भ्रम में नहीं हैं कि उन मौकों को न देख सकें जो उनके पारिवारिक बैकग्राउंड की वजह से उन्हें शुरुआत में मिल गए थे। हालांकि, उनका यह भी मानना है कि लगातार होने वाली जांच-परख की वजह से उन पर उम्मीदों का बोझ डाल दिया जाता है। सारा ने इस बात पर जोर दिया कि नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) शब्द को पूरी तरह से नकारात्मक बना दिया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि यह उन स्टार किड्स जैसे कि खुद सारा, जाह्नवी कपूर और अनन्या पांडे की कड़ी मेहनत को कम करके आंकता है, जबकि अपने माता-पिता को चुनने में इन कलाकारों का कोई हाथ नहीं था। सारा ने यह तो माना कि उन्हें और उनके साथियों को ऐसे शानदार डेब्यू मिले, जिनके लिए कई नए कलाकार तरसते हैं, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर खुद को साबित करने का बोझ हमेशा उन्हीं के कंधों पर क्यों रहता है? हिंदी सिनेमा में अपने आठ साल के सफर के बाद, उनका कहना है कि अब उन्हें बार-बार यह साबित करने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि वह इंडस्ट्री में अपनी जगह की हकदार हैं। सारा ने कहा कि भले ही शुरुआत में मिलने वाले फायदे से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।सारा हाल ही में निर्देशक आकाश ए. कौशिक की फिल्म उड़ता तीर में नजर आई। फिल्म में आयुष्मान खुराना, राहुल बोस, राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, रघुबीर यादव, बृजेंद्र काला, संदीप आनंद और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है।



'अर्नब' का असर : ओडिशा में बचाव अभियान तेज

बाढ़ प्रभावित गंजाम-गजपति में हवाई मार्ग से भोजन पहुंचाने की तैयारी, आंध्र प्रदेश के सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण

ओडिशा। ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को राहत और बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। सरकार बाढ़ प्रभावित गंजाम और गजपति जिलों में हवाई मार्ग से भोजन के पैकेट गिराने की तैयारी कर रही है। चक्रवात 'अर्नब' के दौरान लगातार हुई बारिश के कारण आई बाढ़ में हजारों लोग 24 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, जिनके पास जल संसाधन विभाग का प्रभार भी है, ने गंजाम और गजपति जिलों में हुई अप्रत्याशित भारी बारिश पर चिंता जताई। मुख्यमंत्री ने एक बैठक में कहा कि चक्रवात 'अर्नब' की तैयारियों के तहत, प्रशासन को उम्मीद थी कि इस आपदा का सबसे ज्यादा असर मलकानगिरी में हो सकता है। लेकिन, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि गंजाम जिले में इतनी भारी बारिश होगी और भीषण बाढ़ आ जाएगी।

उन्होंने बताया कि गंजाम जिले के पात्रापुर ब्लॉक में 24 घंटे के भीतर 54 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा, गंजाम और गजपति के कई अन्य इलाकों में भी असामान्य रूप से भारी बारिश हुई, जिससे भीषण बाढ़ आ गई। मुख्य सचिव अनु गर्ग ने कहा कि गंजाम में 24 घंटे के भीतर हुई बारिश की



मात्रा, उस इलाके की सालाना औसत बारिश से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी का बहाव इतना तेज था कि एनडीआरएफ और ओडीआरएएफ के जवान कई प्रभावित इलाकों तक नहीं पहुंच सके। इसलिए, भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) से अनुरोध किया गया है कि वे फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालें और गंजाम जिले के उन इलाकों में भोजन के पैकेट पहुंचाएं, जहां पहुंचना मुश्किल है। आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि गंजाम में बाढ़ से लगभग 50,000 लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने फील्ड निरीक्षण के दूसरे दिन मोगलथुरु का दौरा किया।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६१
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

संजय राउत ने अपनी नयी किताब में किया विजय माल्या का बचाव

पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ

मुंबई। शिवसेना उद्धव गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने अपनी नई किताब 'बोध कीर्तन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है और देश से फरार हुए विजय माल्या का भी बचाव किया है। संजय राउत ने अपनी किताब 'बोध कीर्तन' में माल्या की खूब तारीफ की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ही माल्या को देश छोड़ने के लिए मजबूर किया था। संजय राउत की किताब 'बोध कीर्तन' का विमोचन कल यानी शनिवार को ठाकरे भाइयों (उद्धव और राज ठाकरे) की मौजूदगी में होने जा रहा है। इस किताब में संजय राउत के निजी अनुभवों, उनके मिले लोगों और पढ़े हुए लेखों का संग्रह है। संजय राउत ने अपनी किताब में लिखा है कि वे विजय माल्या को काफी करीब से जानते थे, क्योंकि संसद और सेंट्रल हॉल में वे अक्सर आसपास ही बैठते थे। माल्या एक मिलनसार, हंसमुख और प्रभावशाली व्यक्तित्व वाले इंसान थे। माल्या की लग्जरी लाइफस्टाइल की वजह से लोगों में गलतफहमियां हुईं, जबकि वह उनके बिजनेस की जरूरत रही होगी। वे संसद के कई नेताओं से ज्यादा देशप्रेमी, दरियादिल और साफ दिल इंसान थे,



जिनकी नीयत किसी को ठगने की नहीं थी। जब वे अचानक देश छोड़कर चले गए तो लोगों ने उन्हें भगोड़ा कह दिया, लेकिन संजय राउत इस बात से सहमत नहीं हैं। राउत का कहना है कि जब माल्या का बिजनेस डूबा और बैंक लोन बकाया हुआ, तब बैंकों को उनकी मदद करनी चाहिए थी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते 10 सालों में कई उद्योगपतियों के कर्ज माफ किए, जबकि माल्या को माफी नहीं बल्कि थोड़ी राहत चाहिए थी। आखिरकार उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर किया गया, इसलिए वे कोई फॉड नहीं थे। किताब के 'दीपस्तंभ' नाम के अध्याय में संजय राउत ने लिखा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के राजनीतिक भाषण भले ही ज्यादा दिलचस्प या अर्थपूर्ण न हों, लेकिन उनके गैर-राजनीतिक भाषण सुनने और पढ़ने में बहुत अच्छे होते हैं। अयोध्या दीपोत्सव के दौरान पीएम मोदी द्वारा भगवान राम पर दिए गए भाषण को राउत ने 'शब्दों का भावुक दीपोत्सव' बताया है। राउत ने लिखा है कि भगवान राम के आदर्श हर भारतीय के लिए एक 'दीपस्तंभ' (मार्गदर्शक रोशनी) का काम करेंगे।

